CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 24°C

मेरठ, बुधवार 17 सितम्बर 2025 मेरठ संस्करण: वर्ष 19 अंक 107 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com आश्विन कृष्ण पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 24 रबी उल अव्वल 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र में संत कबीर के नाम पर बनेंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क पेज 2



वेलकुमार ने भारत को स्पीड स्केटिंग में पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया खेल टाइम्स



पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश सम्पादकीय



सीजफायर पर ट्रम्प के दावे की इशाक डार ने खोली पोल पेज 12

### हिमाचल के मंडी में लैंडस्लाइड, चार लोगों की मौत

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश के मंडी में मंगलवार को लैंडस्लाइड से एक मकान ढह गया। इसमें एक ही परिवार के 5 लोग मलबे में दब गए, जिसमें 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 लोगों का सुरक्षित रेस्क्यू किया गया। वहीं मंडी के दरंग में मंगलवार सुबह मंदिर जा रहे दो लोग सुमा खड्ड के तेज बहाव में बह गए। इनमें से एक का शव मिल गया है, जबकि दूसरे की तलाश जारी है। धर्मपुर बस स्टैंड पर बारिश के बाद मलबा भर गया। यहां बाढ़ में कई बसें दूर तक बह गईं। सोमवार को भारी बारिश ने महाराष्ट्र के मुंबई में रेलवे ट्रैक, सब-वे और सड़कों पर पानी भर गया। बीड में 11 ग्रामीणों को वायुसेना ने एयरलिफ्ट किया।

### युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को ईडी का समन

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह और रॉबिन उथप्पा को पूछताछ के लिए तलब किया है। उथप्पा को 22 सितम्बर और युवराज को 23 सितम्बर को दिल्ली स्थित ईडी मुख्यालय में पेश होने के लिए कहा गया है। यह मामला ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस से संबंधित है। उथप्पा फिलहाल एशिया कप 2025 की कमेंट्री टीम का हिस्सा हैं। दिल्ली में इस केस में अब तक चार पूर्व भारतीय क्रिकेटर तलब किए जा चुके हैं। इससे पहले, इस मामले में संघीय एजेंसी ने पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन से भी पूछताछ की थी। यह मामला 1यूबेट नामक सट्टेबाजी एप प्लेटफॉर्म से जुड़ा है।

### मदर डेयरी का टेट्रा पैक दूध, पनीर, घी व बटर होगा सस्ता

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड की इकाई मदर डेयरी का टेट्रा पैक में मिलने वाला अल्ट्रा-हाई टेम्परेचर (यूएचटी) दूध, पनीर, घी, मक्खन समेत लगभग सभी उत्पाद 22 सितम्बर से सस्ते हो जाएंगे। कंपनी ने बताया कि वह वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से हो रही कटौती का पूरा लाभ ग्राहकों को देगी। हालांकि इससे पाउच में उपलब्ध फुल क्रीम, टोन्ड, काउ मिल्क आदि पर कोई असर नहीं होगा, क्योंकि इन पर पहले से ही शून्य कर था। कंपनी ने बताया कि एक लीटर यूएचटी दूध (टोन्ड) अब 77 रुपये की जगह 75 रुपये का मिलेगा, जबकि 450 मिली वाले डबल टोन्ड यूएचटी दूध की कीमत 33 रुपये से घटकर 32 रुपये हो गई है।

### मणिपुर हिंसा मामले में एनआईए को नोटिस

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने मणिपुर हिंसा मामले में अंतर्राष्ट्रीय साजिश के आरोप में गिरफ्तार मोइरंगथेम आनंद सिंह की याचिका पर एनआईए को नोटिस जारी किया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने संबंधित मुकदमे की स्थिति जानने के लिए एनआईए से जवाब मांगा है पीठ की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि केवल मुकदमे की स्थिति जानने के लिए नोटिस जारी करें।

## TET की अनिवार्यता पर रिवीजन दाखिल करेगी उप्र सरकार

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ शिक्षकों की सेवा को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता: योगी

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेसिक शिक्षा विभाग के सेवारत शिक्षकों के लिए टीईटी की अनिवार्यता पर उच्चतम न्यायालय के आदेश का रिवीजन दाखिल करने का विभाग को निर्देश दिया है।

शिक्षक संगठनों द्वारा पहले ही मांग की जा रही थी कि सरकार इस मामले में हस्तक्षेप कर कारगर कदम उठाए। मुख्यमंत्री ने कहा है कि प्रदेश के शिक्षक अनुभवी हैं और समय-समय पर सरकार द्वारा उन्हें प्रशिक्षण प्रदान किया जाता रहा है। ऐसे में उनकी योग्यता और सेवा के वर्षों को नजरअंदाज करना उचित नहीं है। गौरतलब है कि उच्चतम न्यायालय के हालिया फैसले ने प्रदेश के लाखों शिक्षकों की चिंता बढ़ा दी है।

## सुप्रीम कोर्ट का धर्मांतरण कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ चार हफ्तों में जवाब मांगा, याचिकाकर्ता बोले- कानून अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को धर्मांतरण से जुड़े कानूनों पर 8 राज्यों को नोटिस जारी कर 4 हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है।

कोर्ट उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक के कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था। मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच के सामने याचिकाकर्ताओं ने कहा कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है, लेकिन ये अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं और इंटर रिलिजन मैरिज व धार्मिक रीति-रिवाजों को निशाना बनाते हैं। कोर्ट ने वरिष्ठ वकील इंदिरा जयसिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय परिख समेत अन्य पक्षकारों की दलीलें भी सुनीं और कहा कि मामले की अगली सुनवाई छह हफ्ते बाद -शेष पृष्ठ दो पर

### राजस्थान की नदी का जहरीला पानी, मर रहे पशु-पक्षी

#### सुप्रीम कोर्ट ने लिया स्वतः संज्ञान

■ फैक्ट्रियों का कचरा- केमिकल बहाया जा रहा, 20 लाख की आबादी प्रभावित

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने जीवन और जैव विविधता प्रभावित होने के मद्देनजर राजस्थान की जोजरी नदी में औद्योगिक अपशिष्ट बहाने के मामले में मंगलवार को स्वत: संज्ञान लिया।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने कहा कि नदी में मुख्य रूप से कपड़ा और अन्य कारखानों से निकलने वाले औद्योगिक अपशिष्ट के छोड़े जाने से सैकड़ों गांव प्रभावित हो रहे हैं। इसके कारण वहां का पेयजल मनुष्यों और पशुओं दोनों के लिए पीने योग्य नहीं रहा। पीठ ने स्वत: संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज करने का निर्देश दिया और उचित आदेश के लिए मामले को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने का आदेश दिया। पीठ ने कहा कि यह अदालत राजस्थान की मरुधरा जोजरी नदी के संबंध में स्वत: संज्ञान ले रही है।

# देहरादून में बादल फटने से मची तबाही, 25 के मरने की आशंका

## 13 पुल टूटे, 21 सड़कें व सात दुकानें बही, दो घर गिरे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**देहरादून।** उत्तराखंड से विदा होते मानसून ने एक बार फिर विकराल रूप दिखाते हुए राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई है। विनाशकारी बादल फटने और मूसलाधार वर्षा की घटनाओं के बाद अब तक 13 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है, जबकि 16 लोग अभी भी लापता हैं। सहस्रधारा, मालदेवता जैसे क्षेत्रों में भारी नुकसान हुआ है, नदियां उफान पर हैं और कई सड़कें व पुल बह गए हैं।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आपदाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया है, वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने केंद्र से हर संभव मदद का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रभावित क्षेत्रों का सुबह सवेरे ही दौरा किया। जिला अधिकारी सविन बंसल एवं एसएसपी अजय सिंह ने भी घटनास्थल का दौरा करके मोर्चा संभाला। सोमवार की रात्रि को अतिवृष्टि के कारण देहरादून के विभिन्न क्षेत्रों में जनहानि, पशु हानि, सरकारी एवं निजी संपत्तियों को भारी नुकसान पहुंचा है। सड़क, संपर्क मार्ग, पुल, पुलिया क्षतिग्रस्त -शेष पृष्ठ दो पर



### मुख्यमंत्री ने किया प्रभावित क्षेत्रों का दौरा



मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार हर प्रभावित परिवार के साथ खड़ी है। प्रशासन पहले से ही अलर्ट मोड पर है और एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस व स्थानीय प्रशासन लगातार सक्रिय हैं। धामी ने अतिवृष्टि से प्रभावित देहरादून जनपद के मालदेवता क्षेत्र एवं केसरवाला का स्थलीय निरीक्षण कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। प्रभावित क्षेत्रों में राहत एवं बचाव कार्यों की गति तेज करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा स्थानीय नागरिकों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया।

### पीएम एवं गृह मंत्री ने की सीएम धामी से बात

पीएम मोदी एवं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दूरभाष पर सीएम पुष्कर सिंह धामी से उत्तराखंड में अतिवृष्टि से उत्पन्न स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने प्रदेश को हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया और कहा कि केंद्र सरकार आपदा की इस घड़ी में राज्य के साथ मजबूती से खड़ी है।





### मृतकों में मुरादाबाद मंडल के सात मजदूर शामिल

**मुरादाबाद/अमरोहा (ब्यूरो)।** उत्तराखंड के देहरादून में बादल फटने के बाद बाढ़ की चपेट में आने से मुरादाबाद मंडल के दर्जनभर मजदूर बह गए। हादसे में बिलारी तहसील के मुंडिया जैन गांव के छह मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन अब भी लापता हैं।

अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा गांव के तीन मजदूर भी नदी में लापता हो गए। उनमें से एक का शव बरामद कर लिया गया है, दो अभी लापता हैं। मुरादाबाद जिले की तहसील बिलारी के थाना सोनकपुर क्षेत्र के मुंडिया जैन गांव निवासी लगभग 20 मजदूर कुछ दिन पहले देहरादून के सहसपुर विधानसभा क्षेत्र में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार तड़के मजदूर नदी किनारे बजरी और रेत निकालने का काम कर रहे थे। तभी सहस्रधारा क्षेत्र में बादल फटने से टोंस नदी का जलस्तर अचानक बढ़ गया और तेज बहाव में ट्रैक्टर-ट्रॉली -शेष पृष्ठ दो पर

## सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने की उच्च न्यायालयों में नौ जजों की नियुक्ति की सिफारिश

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाले उच्चतम न्यायालय के कॉलेजियम ने कर्नाटक, हिमाचल प्रदेश, मद्रास और त्रिपुरा उच्च न्यायालयों के लिए कुल नौ न्यायाधीशों की नियुक्ति की सिफारिश की है। शीर्ष अदालत की ओर से जारी अलग-अलग बयानों के मुताबिक, कर्नाटक उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति कुरुबरहल्ली वेंकटरामा रेड्डी अरविंद को अस्थायी न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई।

इसी प्रकार न्यायिक अधिकारियों - श्रीमती गीता कदबा भरतराज सेट्टी, मुरलीधर पी. बोरकटटे और त्यागराज नारायण इनावली को पदोन्नत कर कर्नाटक उच्च न्यायालय का न्यायाधीश नियुक्त करने की सिफारिश की गई। उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम ने अधिवक्ताओं - जिया लाल भारद्वाज और रोमेश वर्मा को हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। मद्रास उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीशों - न्यायमूर्ति एन. सेंथिलकुमार और न्यायमूर्ति जी. अरुल मुरुगन को पदोन्नत कर स्थायी न्यायाधीश बनाने की सिफारिश की गई है। इनके अलावा, त्रिपुरा उच्च न्यायालय के अतिरिक्त न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिस्वजीत पालित को स्थायी न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की गई है। कॉलेजियम ने 15 सितम्बर को अपनी बैठक में चारों उच्च न्यायालय के लिए न्यायाधीशों की नियुक्ति करने की सिफारिश से संबंधित प्रस्तावों को मंजूरी दी।

### सुविधाएं नहीं, तो ट्रिब्यूनल खत्म कर दें: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार को ट्रिब्यूनलों की बदहाल स्थिति पर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि बुनियादी सुविधाओं के अभाव की वजह से हाईकोर्ट जज ट्रिब्यूनलों में पोस्ट-रिटायरमेंट रोल लेने से बच रहे हैं। कोर्ट ने कहा कि यदि सरकार हालात सुधार नहीं सकती, तो सभी ट्रिब्यूनल बंद कर देना चाहिए। यहां आने वाले मामलों को हाईकोर्ट को भेजा जाना चाहिए। ट्रिब्यूनल में हाईकोर्ट की नियुक्ति की याचिका एनजीटी बार एसोसिएशन वेस्टर्न जोन ने लगाई है। दरअसल, यह मामला वेस्टर्न जोन के ट्रिब्यूनल में 2 जजों की नियुक्ति से जुड़ा है। नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी इन्होंने पदभार ग्रहण नहीं किया था। अब इस मामले की अगली सुनवाई 16 दिसम्बर को होगी। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस बीवी नागरत्ना और आर. महादेवन ने कहा कि यह कमी केंद्र सरकार की वजह से है।

## प्रधानमंत्री को मिले 1300 उपहारों की होगी नीलामी

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ नीलामी से मिली धनराशि का होगा नमामि गंगे परियोजना में उपयोग

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी के जन्मदिन पर हर साल की तरह इस बार भी नेशनल गैलरी ऑफ मॉडर्न आर्ट में उपहारों की नीलामी आयोजित की जाएगी। यह नीलामी पीएम मोदी को उनके अंतर्राष्ट्रीय दौरों, राज्यों के दौरों के दौरान और प्रधानमंत्री से होने वाली मुलाकातों के दौरा।


विभिन्न कार्यक्रमों और शख्सियतों की ओर से दिए गए उपहारों से संबंधित होती है। इस नीलामी का मुख्य उद्देश्य इन उपहारों से प्राप्त राशि का उपयोग सामाजिक और कल्याणकारी कार्यों के लिए किया जाता है। अभी तक इस नीलामी की राशि का उपयोग गंगा की स्वच्छता को लेकर चलाए जा रहे नमामि गंगे अभियान पर खर्च किया जा रहा है। नीलामी में बहुत तरह के उपहार होते हैं, जैसे की कलात्मक वस्तुएं, सांस्कृतिक धरोहर, और अन्य हस्तशिल्प जो विभिन्न देशों और नेताओं द्वारा प्रधानमंत्री को दिए गए होते हैं। ये उपहार भारतीय संस्कृति और कूटनीति के प्रतीक होते हैं और इनका मूल्यांकन केवल उनके ऐतिहासिक या सांस्कृतिक महत्व के आधार पर किया जाता है। इस बार पीएम मोदी को मिले उपहारों की नीलामी बुधवार से शुरू होगी। ई-ऑक्शन के जरिये लोग कर सकते हैं खरीददारी। इस बार 1300 उपहारों की प्रदर्शनी लगाई गई है।

## आरएलडी के फैसले से दावेदारों में खुशी

पंचायत चुनाव

### समाजवादी पार्टी के चुनाव न लड़ने के ऐलान से फायदा

समीउल्लाह



■ बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर व मेरठ पार्टी का गढ़

**बिजनौर।** राष्ट्रीय लोकदल के द्वारा जिला पंचायत चुनाव अकेले लड़ने के फैसले से इच्छुक दावेदारों में खुशी की लहर दौड़ गई है। सपा के यह चुनाव न लड़ने के ऐलान से यहां आरएलडी को बड़ा फायदा पहुंचेगा और उसका जनाधार बढ़ जाएगा, वहीं भाजपा नेताओं को इसमें अपना नुकसान साफ दिखाई दे रहा है। प्रदेश में शीघ्र ही जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत एवं ग्राम पंचायतों के चुनाव प्रस्तावित हैं। हालांकि भाजपा सरकार पंचायत चुनाव समय से कराने के पक्ष में दिखाई नहीं दे रही है। सरकार नगर क्षेत्रों की प्रस्तावित सीमा विस्तार का बहाना बना रही है। भाजपा नेता चाहते हैं कि नगर क्षेत्रों से लगे ऐसे ग्रामों को जोड़ लिया जाए, जिससे उनके प्रत्याशी आसानी से चुनाव जीत जाएं और सपा व निर्दलीय प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़े। इसी को लेकर अंदर खाने कवायद चल भी रही है। वरिष्ठ अधिकारी स्थानीय निकायों से प्रस्ताव मांग रहे हैं। ग्राम पंचायतों से प्रस्ताव मांगने की जरूरत ही महसूस नहीं की जा रही है। इस बीच पंचायत चुनावों को लेकर सपा व आरएलडी के ऐलान से प्रदेश में नए राजनीतिक समीकरण बनते नजर आ रहे हैं। सपा ने पंचायत चुनाव न लड़ने का ऐलान किया है। सपा नेतृत्व जानता है कि जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत प्रमुख के चुनाव में सत्ता का दुरुपयोग जमकर होता है। प्रशासन, पुलिस व पैसा इस चुनाव में असर दिखाता है। सपा का एक मात्र लक्ष्य विधानसभा चुनाव है। ऐसे में सपा नेतृत्व नहीं चाहता है कि विधानसभा चुनाव से पूर्व ऐसा कोई प्रतिकूल संदेश मतदाताओं के बीच न जाए कि इससे उसे नुकसान उठाना पड़े। सपा नेतृत्व का मानना है कि जब प्रदेश में सत्ता परिवर्तन हो जाएगा, तो निर्वाचित अध्यक्ष व प्रमुख खुद पाला बदल लेंगे। सपा नेतृत्व बड़े लक्ष्य को हालिस करने के लिए छोटी कुर्बानी दे रहा है। लेकिन आरएलडी ने अकेले जिला पंचायत व क्षेत्र पंचायत चुनाव लड़ने का ऐलान कर सभी को चौका दिया है। राजनीतिक पंडितों को भी इसका अंदाजा नहीं था कि आरएलडी इतना बड़ा दाव चलेगी। आरएलडी के इस फैसले से भाजपा नेताओं -शेष पृष्ठ दो पर

## पशु तस्करों की फायरिंग में छात्र की मौत के बाद बवाल

**गोरखपुर।** उप्र मे गोरखपुर जिले के पिपराइच थानरा क्षेत्र के जंगल छात्रधारी गांव में सोमवार की देर रात पशु तस्करों की गोली से 19 वर्षीय छात्र दीपक गुप्ता की मौत के बाद मंगलवार सुबह माहौल उग्र हो गया। परिजनों और ग्रामीणों ने शव घर आने के बाद आज अपनी मांगों को लेकर भट्ठा चौराहा जाम कर दिया। आरोप है कि पुलिस देरी से पहुंची, इसके बाद भी मामले को गंभीरता से नहीं लिया। अगर समय पर खोजबीन की जाती, तो दीपक की जान बच सकती थी। ग्रामीणों ने बताया तस्करों से झड़प के दौरान दीपक अचानक लापता हो गया था। लोग पूरी उसे ढूंढने में जुटे थे।

# गरीब, वंचित शोषित का उत्पीड़न हो रहा है उत्तर प्रदेश में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामलों में समझौते कराए जा रहे हैं: अखिलेश
- गाजीपुर नोनहरा कांड: पीड़ित परिवार के बयान बदलने पर सपा प्रमुख ने योगी सरकार को घेरा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि उप्र की योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीघ्न हो रहा है।

यादव ने मंगलवार को जारी बयान मे कहा कि इस सरकार में पीड़ितों को न्याय नहीं मिल रहा है। प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है। पीड़ित लोगों के एक दिन दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सभी इंतजाम करने' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। भाजपा सरकार में अन्याय, अत्याचार चरम पर है। आम जनता और गरीबों को प्रताड़ित, अपमानित किया जा रहा है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार ने प्रदेश की कानून व्यवस्था, स्वास्थ्य, शिक्षा सब कुछ बर्बाद कर दिया है। किसान, नौजवान, छात्र, महिलाएं, व्यापारी इस सरकार की शोषणकारी और गलत नीतियों से पहले से ही परेशान है। सरकार का कानून व्यवस्था और पुलिस पर कोई नियंत्रण नहीं है। पुलिस हिरासत में लगातार मौते हो रही है। भाजपा सरकार जाएगी तभी लोगों को अन्याय और उत्पीड़न से मुक्ति मिलेगी और लोगों को न्याय मिलेगा। वहीं उप्र में गाजीपुर के नोनहरा थाना में हुई घटना में मारे गए सियाराम उपाध्याय के परिजनों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से सोमवार को मुलाकात की थी।

मुलाकात के बाद परिवार ने मामले की जांच से संतुष्टि जताई थी, लेकिन समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार के बदले रुख को लेकर योगी सरकार पर कई आरोप लगाए हैं। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर मंगलवार को लिखा, भाजपा सरकार की समझाइश मतलब धमकाइश। उप्र में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोग दरबार में बुलाकर धमकाए जा रहे हैं और एक दिन पहले दिए गए उनके बयान पलटवाए जा रहे हैं, जो आज सरकार का मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेरकर सत्ता के केंद्रों तक ले जाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद 'सब इंतज़ाम हो जाएगा' का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है। सफ़ेद मेज पर सफ़ेद झूठ बोला जा रहा है। क्या कोई इंतज़ाम या समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है। उप्र में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं हो रहा है, बल्कि ग़रीब, वंचित, पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है। भाजपा जाए तो न्याय आए।

## एआई का विकास हो सदैव मानवता की सेवा के लिए: बिरला



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए और इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए।

बिरला ने हरिद्वार स्थित देव संस्कृति विश्वविद्यालय में 'फेथ एंड फ्यूचर : इंटिग्रेटिग एआई विथ स्प्रिचुअलिटी' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करने के बाद कहा कि एआई का विकास सदैव मानवता की सेवा के लिए होना चाहिए, इसे कभी भी मनुष्यों पर नियंत्रण का साधन नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि अध्यात्म व समाज सेवा से लोगों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने वाले गायत्री परिवार के संस्थापक पं. श्रीराम शर्मा आचार्य ने धर्म व विज्ञान की वह व्याख्या दी, जो युवाओं को भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित शिक्षा के लिए प्रेरित करती रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी का उद्देश्य मानवीय अनुभवों को समृद्ध और बेहतर बनाना है, उसका स्थान लेना नहीं। एआई को हमेशा आध्यात्मिक ज्ञान और नैतिक जिम्मेदारी से संचालित होना चाहिए, तभी यह समाज के लिए कल्याणकारी सिद्ध होगा। एआई के प्रयोग में चुनौतियां जरूर है, लेकिन इन्हीं चुनौतियों में समाधान भी है।

# यूपी में 16 आईएएस के तबादले

शाह टाइम्स ब्यूरो



- मंडलायुक्त रोशन जैकब हटाई गई, विजय विश्वास पंत बनाए गए लखनऊ के नए कमिश्नर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार में लगातार तबादले जारी हैं। मंगलवार को बड़े स्तर पर आईएएस अधिकारियों को इधर से उधर कर दिया गया है। मिल रही जानकारी के मुताबिक करीब 16 आईएएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। लखनऊ की मंडलायुक्त रहीं डाक्टर रोशन जैकब को हटा दिया गया है।

डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है। उनकी जगह विजय विश्वास पंत को मंडलायुक्त लखनऊ बनाया गया है। इसके साथ ही कई आईएएस अधिकारियों के पदों में छटनी भी की गई है। आईएएस रंजन कुमार को प्रमुख सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश शासन के प्रभाव से मुक्त करते हुए शेष यथावत बना रहेगा। उनके पास मौजूदा समय में आयुष और खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग उत्तर प्रदेश था। इस तरह रंजन कुमार के पास अब आयुष विभाग बचा है। इसके अलावा सुहास एलवाई को वर्तमान पद के साथ महानिदेशक युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश के पद का अतिरिक्त प्रभार सौंप दिया गया है। वहीं, चौत्रा बी. को महानिदेशक आयुष उत्तर प्रदेश बनाया गया है, जबकि संजय कुमार खत्री को प्रभारी मुख्य कार्यपालक अधिक. ारी बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण की जिम्मेदारी सौंप गई है। इसके अलावा स्कूल शिक्षा की महानिदेशक रहीं कंचन वर्मा को आयुक्त एवं सचिव राजस्व परिषद की जिम्मेदारी दे दी गई है। इसी तरह मोनिका रानी को स्कूल शिक्षा का प्रभारी महानिदेशक नियुक्त किया गया है। प्रयागराज के मंडल आयुक्त रहे विजय विश्वास पंत को मंडल आयुक्त लखनऊ बनाया गया है। डाक्टर रोशन जैकब को सचिव खाद सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग और आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की जिम्मेदारी सौंप गई है इसी क्रम में राजेश कुमार द्वितीय को महा. निदेशक पर्यटन, सौम्या अग्रवाल को मंडल आयुक्त प्रयागराज और किंजल सिंह को परिवहन आयुक्त बनाया गया है। इसके अलावा बृजेश नारायण सिंह को सचिव सामान्य प्रशासन विभाग और मनीषा त्रिघाटिया को सचिव महिला कल्याण तथा बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग बनाया गया है, जबकि बी. चंद्रकला को सचिव वन पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के साथ ही मुख्य कार्यकारी अधिक. ारी उप्र क्लीन और मैनेजमेंट प्रोजेक्ट अथारिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

### उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी का ऐलान

# संत कबीर के नाम पर होंगे वस्त्र एवं परिधान पार्क

लखनऊ, वार्ता



- हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रुचि पर लिया फैसला

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग क्षेत्र में निजी निवेशकों की बढ़ती रूचि को देखते हुए विभिन्न जिलों में वस्त्र एवं परिधान पार्क स्थापित करने का निर्णय लिया है।

मंगलवार को एक उच्चस्तरीय बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र पारंपरिक हथकरघा और वस्त्र उत्पादों की समृद्ध धरोहर वाला राज्य है, जिसकी क्षमता का सही उपयोग होने पर प्रदेश को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर भी नई पहचान दिलाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में वस्त्र एवं परिधान का वैश्विक बाजार वर्ष 2030 तक 2.3 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है और भारत इसमें 8 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर के साथ सबसे तेज़ी से बढ़ते देशों में है। ऐसे परिदृश्य में उप्र की भागीदारी इस क्षेत्र में निर्णायक सिद्ध हो सकती है। योगी ने कहा कि प्रस्तावित योजना को महान संत कबीर के नाम पर समर्पित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संत कबीर ने अपने जीवन दर्शन में श्रम, सादगी और आत्मनिर्भरता को सर्वोपरि माना और यही भाव इस योजना का आधार बनेगा। मुख्यमंत्री ने विश्वास व्यक्त किया कि इस योजना के माध्यम से निवेश, उत्पादन और रोजगार के नए अवसरों के साथ-साथ परंपरा और आधुनिकता का संतुलन स्थापित होगा। बैठक में प्रस्तुत विवरण के अनुसार वर्तमान में उप्र देश के शीर्ष वस्त्र एवं परिधान निर्यातक राज्यों में शामिल है। वित्त वर्ष 2023-24 में प्रदेश से लगभग 3.5 अरब अमेरिकी डॉलर का निर्यात हुआ, जो देश के कुल वस्त्र एवं परिधान निर्यात का लगभग 9.6 प्रतिशत है। इस क्षेत्र का प्रदेश की जीडीपी में 1.5 प्रतिशत योगदान है, जबकि राज्य में प्रत्यक्ष रोजगार पाने वाले लगभग 22 लाख लोग इससे जुड़े हैं। वाराणसी, मऊ, भदोही, मिर्जापुर, सीतापुर, बाराबंकी, गोरखपुर और मेरठ जैसे पारंपरिक क्लस्टरों ने उप्र को राष्ट्रीय परिधान मानचित्र पर महत्वपूर्ण स्थान दिलाया है।

### सारथी पोर्टल पर वस्त्र व परिधान से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए

निवेश सारथी पोर्टल पर अब तक वस्त्र एवं परिधान क्षेत्र से जुड़े 659 प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इन प्रस्तावों के लिए लगभग 1,642 एकड़ भूमि की आवश्यकता है।

कुल निवेश मूल्य 15,431 करोड़ रुपए आंका गया है और इसके फलस्वरूप लगभग 1,01,768 रोजगार अवसर सृजित होने का अनुमान है। प्रत्येक पार्क न्यूनतम 50 एकड़ भूमि पर विकसित किया जाएगा और इनमें प्रसंस्करण उद्योगों के लिए कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना अनिवार्य होगी। साथ ही बटन, ज़िपर, लेबल, पैकेजिंग और वेयरहाउस जैसी सहायक इकाइयों के विकास की भी व्यवस्था की जाएगी। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि निवेश प्रस्तावों को शीघ्र गति से क्रियान्वित करने हेतु भूमि की पहचान और विकास कार्य को तेज किया जाए। योजना का क्रियान्वयन सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) मॉडल अथवा नोडल एजेंसी के माध्यम से किया जाएगा, ताकि निवेशकों को समयबद्ध और सुगम सुविधाएं प्राप्त हों। सरकार की ओर से पार्कों तक सड़क, विद्युत और जलापूर्ति जैसी आधारभूत सुविधाएं प्राथमिकता पर उपलब्ध कराई जाएंगी। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन को इस योजना का मुख्य लक्ष्य बताया। संत कबीर वस्त्र एवं परिधान पार्क योजना न केवल निवेश और रोजगार के नए द्वार खोलेगी, बल्कि उप्र को वैश्विक वस्त्र एवं परिधान मानचित्र पर एक विशिष्ट पहचान भी दिलाएगी।



**सेंसेक्स** 81101.32
**निफ्टी** 24868.60



**सोना रु.** 109707
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 128008
प्रति किलो



# चौतरफा लिवाली के बीच 595 अंक चढ़ा सेंसेक्स

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में निवेश धारणा मजूबत होने के कारण मंगलवार को बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 594.95 अंक (0.73 प्रतिशत) की तेजी के साथ 82,380.69 अंक पर पहुंच गया, जो 23 जुलाई के बाद का सबसे ऊंचा स्तर है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 169.90 अंक यानी 0.68 प्रतिशत की बढ़त में 10 जुलाई के बाद के उच्चतम स्तर 25,239.10 अंक पर बंद हुआ। घरेलू के साथ अब विदेशी निवेशकों का विश्वास एक बार फिर भारतीय बाजार में बहाल हुआ है। उन्होंने एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों में पैसा लगाया। सबसे ज्यादा लिवाली ऑटो सेक्टर में देखने को मिली। रियलिटी में लगातार तेजी को दौर चल रहा है। तेल एवं गैस, आईटी, धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, फार्मा, बैंकिग सेक्टरों के सूचकांक भी हरे निशान में रहे। सेंसेक्स की 30 में से 28 कंपनियों के शेयर हरे निशान में रहे। बाजार में आज शुरू से ही तेजी रही। सेंसेक्स 66.37 अंक की तेजी के साथ 81,852.11 अंक पर खुला और लगातार चढ़ता गया। इसका निचला स्तर 81,779.94 अंक और ऊपरी स्तर 82,443 अंक रहा। निफ्टी.50 सूचकांक भी 4.30 अंक चढ़कर 25,73.50 अंक पर खुला। यह नीचे 25,070.45 अंक और ऊपर 25,261.40 अंक तक गया। मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में भी तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.57 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0. 95 फीसदी चढ़ा। एनएसई में कुल 3,152 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ जिनमें 2,005 के शेयर हरे निशान में और 1,059 के लाल निशान में बंद हुए। वहीं अन्य 88 कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंतत: अपरिवर्तित रहे। सेंसेक्स की कंपनियों में कोटक महिद्रा बैंक का शेयर सबसे अधिक 2.55 प्रतिशत चढ़ा। एलएंडटी में 2.28 प्रतिशत, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.22 प्रतिशत और मारुति सुजुकी में 1.99 प्रतिशत की तेजी रही। भारती एयरटेल, टाटा स्टील, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, इटरनल, एनटीपीसी, बीईएल और टीसीएस के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक की बढ़त में बंद हुए। एशियन पेंट्स (0.87 प्रतिशत) और बजाज फाइनेंस (0.69 प्रतिशत) सेंसेक्स में नुकसान उठाने वाली दो मात्र कंपनियां रहीं। एशियाई बाजारों में जापान का निक्केई 0.30 प्रतिशत और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.04 प्रतिशत की बढ़त में रहा जबकि हांगकांग का हैंगसेंग 0.03 प्रतिशत टूट गया। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स सूचकांक 0.49 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.25 फीसदी की गिरावट में थे।

## भारत-नेपाल सीमा पर शुरू हुआ कारोबार

**लखनऊ।** नेपाल में अंतरिम सरकार के गठन के बाद उप्र से सटी नेपाल सीमा को फिर से खोल दिया गया है और कड़ी सुरक्षा जांच के बाद यात्रियों व मालवाहक ट्रकों की आवाजाही शुरु होने से कारोबारियों को राहत मिली है। अधिकृत सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि सीमा क्षेत्र पर वाहनो की आवाजाही पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरक्षा बलों की मदद के लिए सीसीटीवी निगरानी बढ़ा दी गई है। एकीकृत चेक पोस्ट (आईसीपी) पर ट्रकों की लंबी कतार अब लगभग साफ हो गई है। नेपाल में अशांति के कारण पिछले छह दिनों से भारत और नेपाल के बीच व्यापार पूरी तरह से ठप था, जिसके परिणामस्वरूप भारतीय निर्यातकों को करोड़ों रुपए और भूमि बंदरगाह प्राधिकरण को 12 लाख रुपए से अधिक का नुकसान होने का अनुमान है।

# मेडिकल स्टोर पर दवाइयों की नई मूल्य सूची अनिवार्य: वित्त मंत्रालय




**नई दिल्ली।** वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में 22 सितम्बर से होने वाले बदलावों के मद्देनजर पुराना स्टॉक समाप्त होने तक मेडिकल स्टोरों पर दवाइयों की नई मूल्य सूची रखनी अनिवार्य होगी।

वित्त मंत्रालय ने मंगलवार को आम तौर पर पूछे जाने वाले सवालों पर जारी एक स्पष्टीकरण में कहा है कि दवाओं की खेप वापस मंगाने और दोबारा लेबलिग की जरूरत नहीं है, लेकिन फार्मा कंपनियां/ विपणन कंपनियां नई मूल्य सूची जारी करेंगी जो डीलरों और मेडिकल स्टोर चलाने वाले खुदरा दुकानदारों के पास आम लोगों के देखने के लिए उपलब्ध होगी। इस मूल्य सूची की एक प्रति राज्य के ड्रग कंट्रोलर और स्थानीय सरकार को भी उपलब्ध कराई जाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) का लेबल दोबारा लगाने की जरूरत नहीं है। इसके अलावा यह भी स्पष्ट किया गया है कि जीवन बीमा और व्यक्तिगत स्वास्थ्य बीमा पर कोई कर नहीं लगेगा। यदि कोई व्यक्ति अपने साथ परिवार के सदस्यों के लिए भी स्वास्थ्य बीमा लेता है, तो वह भी कर मुक्त होगा। अब हर तरह के ड्रोन पर सपाट पांच प्रतिशत का कर लगेगा। वहीं 7,500 रुपए रोजाना तक के होटल के कमरों के किराए पर पांच प्रतिशत कर ही लगेगा और इन इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) के साथ 18 प्रतिशत कर लगाने का कोई प्रावधान नहीं है। इसी तरह, आरोग्य और सौंदर्य प्रसाधन सेवाओं पर भी सपाट पांच प्रतिशत कर लगेगा। ईंटों पर करों की दरों में कोई बदलाव नहीं किया गया है और इन पर 20 लाख रुपए की सीमा तक आईटीसी के बिना छह प्रतिशत तथा आईटीसी के साथ 12 प्रतिशत की दर से विशेष कर की व्यवस्था जारी रहेगी। माल ढुलाई सेवा में विभिन्न परिवहन साधनों के इस्तेमाल की स्थिति में यदि किसी चरण में हवाई मार्ग का इस्तेमाल किया गया है, तो 18 प्रतिशत और यदि नहीं किया गया है, तो पांच प्रतिशत जीएसटी लगेगा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**सुप्रीम कोर्ट....** होगी। सीनियर एडवोकेट चंदर उदय सिंह ने दलील दी कि यूपी में 2024 में धर्मांतरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उन्होंने कहा कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेथ मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में नोटिस जारी किया था।

**देहरादून ...** होने से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मजयाडा में तीन लोग मलबे में दबे होने और एक व्यक्ति लापता होना बताया गया। यहां पर कुछ आवासीय भवन, आंगनबाड़ी केंद्र, पंचायत भवन, सामुदायिक केंद्र, 13 दुकान, 8 होटल, 3 रेस्टोरेंट सहित सहस्रधारा-कार्लीगाड मोटर मार्ग भूस्खलन के कारण 9 से अधिक स्थानों पर क्षतिग्रस्त हुआ है। रा.पूर्व.मा. वि. चामासारी में बनाए गए राहत शिविर में कुछ प्रभावित लोगों को ठहराया गया है। शिविर में प्रभावित लोगों से मिलते हुए जिलाधिकारी ने उन्हें हर संभव मदद का भरोसा दिलाया। जिलाधिकारी ने कहा कि प्रभावित परिवार यदि सुरक्षित स्थानों पर किराए में शिफ्ट होना चाहते हैं, तो उनको प्रति परिवार तीन माह तक 4-4 हजार रुपये किराया भी दिया जाएगा।

**मृतकों में...**समेत मजदूर बह गए। हादसे में मदन (45), नरेश (48), हरचरन (60), सोमवती (55), रीना (31) और किरन (35) की डूबकर मौत हो गई। सभी शव बरामद कर लिए गए हैं। इसके अलावा राज. कुमार (21), होराम (32) और सुंदरी (42) का अभी तक पता नहीं चल पाया है। इसी तरह अमरोहा जिले के हसनपुर क्षेत्र के रहरा और आसपास के गांवों के 11 मजदूर भी देहरादून के बाजावाला गांव में मजदूरी करने गए थे। मंगलवार को बादल फटने से रिस्पना नदी का जलस्तर बढ़ गया। इस दौरान रहरा निवासी पुष्पेंद्र (20), पीतम (22) और पंकज (27) पानी के तेज बहाव में बह गए। पंकज का शव बरामद कर लिया गया है। पुष्पेंद्र और पीतम का अब तक कोई सुराग नहीं लगा है।

**आरएलडी के...** को दिक्कत हो रही है। खासतौर पर बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर, मेरठ, मथुरा, शामली, बुलंदशहर और सहारनपुर जनपद में इससे आरएलडी को बड़ा फायदा होने जा रहा है। सपा के चुनाव न लड़ने के ऐलान से इसके ज्यादातर दावेदार फिलहाल आरएलडी का दामन थाम लेंगे। भाजपा के साथ जाने से आरएलडी को जो नुकसान हुआ था, उसकी एक ही झटके में भरपाई हो जाएगी। मगर दावेदार आरएलडी प्रमुख के अगले कदम पर नजर लगाए हुए हैं। उन्हें इसका भी अंदेशा है कि कहीं बिजनौर, बागपत, मुजफ्फरनगर एवं मेरठ का जिला पंचायत अध्यक्ष पद भाजपा से झटक कर आरएलडी अपना यह फैसला वापस न ले ले। क्योंकि आरएलडी के मौजूदा फैसले से भाजपा को ही बड़ा नुकसान होने जा रहा है। वैसे यह भी साफ है कि भाजपा के साथ गठबंधन करने से आरएलडी को कोई ज्यादा फायदा नहीं पहुंचा है। सिर्फ केन्द्र व प्रदेश में मंत्री पद ही मिला है। प्रदेश में भाजपा की मनमानी चल रही है। आरएलडी के बड़े नेता भले ही परेशान न हो, मगर आम कार्यकर्ता खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहा है। उसकी सुनवाई नहीं हो रही है और इसीलिए वह विभिन्न किसान संगठनों से जुड़ रहे हैं।

# 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई चालान होंगे खत्म

लखनऊ, वार्ता

उप्र परिवहन विभाग ने 2017 से 2021 तक के गैर-कर ई-चालानों को समाप्त करने का फैसला लिया है। अब इन चालानों को पोर्टल पर षडिस्पोस्ड अबेटेड (यदि मामला कोर्ट में लंबित था) और क्लोज्ड- आर (यदि कार्यालय में लंबित था और समय-सीमा निकल चुकी है) की श्रेणी में दिखाया जाएगा। इन चालानों से जुड़े फिटनेस, परमिट, वाहन ट्रांसफर और एचएसआरपी (हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट) जैसे अवरोध भी स्वतष्ट हट जाएंगे। हालांकि टैक्स से जुड़े चालान इस राहत के दायरे से बाहर रहेंगे।

विभाग के अनुसार यह पूरी प्रक्रिया 30 दिनों में पूरी कर दी जाएगी। इसके बाद वाहन स्वामी पोर्टल पर जाकर अपनी चालान स्थिति देख सकेंगे। कोर्ट में लंबित प्रकरण 'डिस्पोस्ड अबेटेड' और ऑफिस लेवल पर समय-सीमा निकल चुके प्रकरण क्लोज्ड- टाइम-बार (नॉन-टैक्स) के रूप में दर्ज होंगे। विभाग ने साफ किया है कि यह केवल क्लोजर है यानि न तो किसी को रिफंड मिलेगा और न ही पुराने चालान दोबारा खोले जाएंगे। उन्होंने बताया कि 30 लाख से ज्यादा ई-चालान प्रभावित आंकड़ों के मुताबिक 2017 से 2021 के बीच 30.52 लाख ई-चालान बने थे। इनमें से 17.59 लाख का निस्तारण पहले ही हो चुका है, जबकि 12.93 लाख चालान लंबित थे। लंबित चालानों में 10.84 लाख कोर्ट में और 1.29 लाख ऑफिस लेवल पर पेंडिग थे। अब इन सभी का डिजिटल निस्तारण समय-सीमा में पूरा किया जाएगा। फ्रंट-एंड पर सभी अवरोध हटेंगे, जबकि बैक-एंड पर पूरा रिकॉर्ड और ऑडिट ट्रेल सुरक्षित रहेगा। इस फैसले के तहत केवल उन्हीं चालानों को माफ किया जाएगा, जो 31 दिसंबर 2021 तक कोर्ट में लंबित थे। वहीं, जो चालान कभी कोर्ट नहीं भेजे गए और अब समय-सीमा पार कर चुके हैं, उन्हें भी प्रशासनिक रूप से बंद किया जाएगा। टैक्स से जुड़े चालान, गंभीर अपराध, दुर्घटना या आईपीसी से जुड़े मामले इस राहत से बाहर रहेंगे। यह निर्णय कानून का पालन सुनिश्चित करने, जनता को अनावश्यक चालानों और ब्लॉकों से राहत देने, सेवाओं को समय पर उपलब्ध कराने और पूरी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए लिया गया है। उन्होंने बताया कि 30 दिनों के भीतर सभी पेंडिग चालानों का पोर्टल पर निपटारा दिखेगा। इसके लिए हर हफ्ते एक डैशबोर्ड पर प्रगति रिपोर्ट डाली जाएगी। एनआईसी पोर्टल में जरूरी बदलाव कर रहा है ताकि पूरी प्रक्रिया पारदर्शी और सुरक्षित रहे। टैक्स से जुड़ी देनदा. रियां, पहले से जमा जुर्माना और कोर्ट आदेश यथावत रहेंगे।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी, जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिसीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# भव्य कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगा सीसीएस यूनिवर्सिटी का 37वां दीक्षांत समारोहः कुलपति

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्व. विद्यालय मेरठ की कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने बताया कि 22 सितम्बर को 37वां दीक्षांत समारोह भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय की कुलाधिपति एवं उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल अध्यक्षता करेंगी तथा छात्र-छात्राओं को स्वर्ण पदक एवं विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र प्रदान करेंगी। दीक्षांत समारोह में अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. टी.जी. सीताराम (मुख्य अतिथि), उत्तर प्रदेश सरकार के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय अति विशिष्ठ अतिथि तथा राज्य मंत्री



रजनी तिवारी भी विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस अवसर पर कुलाधिपति विश्वविद्यालय परिसर में कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासीय फ्लैट, फार्मेसी विभाग की बिल्डिंग एवं मियावाकी तकनीक से विकसित तपोवन पार्क का लोकार्पण भी होगा। यह पार्क शहरी क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण और जैव-विविधता संवर्धन की दिशा में एक अभिनव पहल है। वृक्षारोपण पद्धति जापानी वनस्पतिशास्त्री अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित की गई है, जो कम स्थान पर अधिक घने एवं आत्मनिर्भर वन तैयार करने में सक्षम है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के दिन शुरू होगा सेवा पखवाड़ा विश्वविद्यालय में देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितम्बर) से प्रारम्भ 'सेवा पखवाड़ा' के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। राजभवन के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय परिवार, संबद्ध महाविद्यालय एवं स्थानीय निकाय मिलकर सेवा पखवाड़ा को सफल एवं सार्थक बनाएंगे।

### सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम

इस दौरान स्वच्छता अभियान एवं सफाई कार्यक्रम, साइकिल यात्रा पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के संदेश के साथ, वृक्षारोपण अभियान, मातृ सम्मेलन, आंगनबाड़ी केंद्रों का भ्रमण व कार्यक्रम, वर्ग 3 एवं 4 के कर्मचारियों का सम्मान समारोह, कस्तूरबा विद्यालय भ्रमण, पोषण जागरूकता पर भाषण एवं कार्यशाला, कारागार भ्रमण एवं सांस्कृतिक संवाद, शिक्षकों द्वारा पुराने कपड़ों का दान, प्रधानमंत्री जन्मदिवस पर आंगनबाड़ी केंद्रों में विशेष आयोजन, वृद्धाश्रम एवं अनाथाश्रम भ्रमण, संतों के आशीर्वाद कार्यक्रम, गोद लिए गए गाँवों में सामाजिक कार्यक्रम, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों/सहायिकाओं हेतु कार्यशाला, शिक्षक एवं विद्यार्थियों के बीच खेलकूद प्रतियोगिताएं, निकटवर्ती राज्यों का अध्ययन प्रवास आदि कार्यक्रम शामिल होंगे।

**प्रेस वार्ता मे यह रहे मौजूदः** प्रेस वार्ता के दौरान प्रतिकूलपति प्रोफेसर मृदुल कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉक्टर अनिल कुमार यादव, वित्त अधिकारी रमेश चंद्र, प्रोफेसर जितेंद्र ढाका, प्रोफेसर वीरपाल सिंह, प्रोफेसर इंचार्ज मीडिया सेल प्रोफेसर मुकेश कुमार शर्मा, मीडिया सेल सदस्य मितेंद्र कुमार गुप्ता, इंजीनियर प्रवीण पवार आदि मौजूद रहे।

हापुड़ के सलारपुर प्रकरण में...

# डीआईजी ने पीड़ित की फरियाद दबाने वाले पुलिसकर्मियों को किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हापुड़ जनपद के थाना सिम्भावली क्षेत्र के ग्राम सलारपुर में मारपीट के मामले को दबाने और पीड़ित की शिकायत पर समय रहते कार्रवाई न करने वाले दो पुलिस कर्मियों पर गाज गिरी है। जांच रिपोर्ट में दोषी पाए जाने पर हल्का प्रभारी उपनिरीक्षक राजदीप सिंह और बीट हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह को लाइनहाजिर कर दिया गया।ग्राम सलारपुर में 10 सितंबर को दो पक्षों में विवाद हुआ था। अगले दिन 11 सितंबर को एक पक्ष के जितेंद्र पुत्र हेम सिंह को दूसरे पक्ष के दुष्यंत, सोवीर और गांधी पुत्रगण कमल सिंह ने पीटकर गंभीर रूप से घायल कर



दिया। फिलहाल वह अस्पताल में भर्ती है। पीड़ित पक्ष की लिखित शिकायत के बावजूद पुलिसकर्मियों ने न तो मुकदमा दर्ज किया और न ही अधिकारियों को अवगत कराया। इस लापरवाही से ग्रामीणों में आक्रोश और असुरक्षा की भावना बढ़ गई। डीआईजी के आदेश पर क्षेत्राधिकारी गढ़ ने जांच की। रिपोर्ट में लापरवाही साबित होते ही थाना सिम्भावली में मुकदमा संख्या 293/25 धारा 115(2), 352, 110, 351(2), 351(3) बीएनएस के तहत आरोपियों दुष्यंत, सोवीर और गांधी पर मुकदमा दर्ज किया गया।डीआईजी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि वैमनस्यता से जुड़े मामलों में पुलिस तत्काल कार्रवाई करे। गंभीर घटनाओं में समझौते का इंतजार करने की बजाय मुकदमा दर्ज करना अनिवार्य है, तभी पीड़ितों को न्याय और पुलिस की छवि पर भरोसा कायम रहेगा।

# स्वच्छता पखवाड़े में दिलाई साफ-सफाई के लिए शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** शासन के निर्देश पर चलाएं जा रहे स्वच्छता पखवाड़े में मंगलवार को नगर पालिका परिषद में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें मौजूद लोगों व कर्मचारियों को स्वच्छता मिशन के तहत साफ-सफाई रखनें की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा पालिका की टीम ने नगर के कई स्कूल-कालेजों में जाकर भी बच्चों को शपथ दिलाई।

मंगलवार को नगर पालिका परिषद में स्थित अब्दुल कलाम सभागार में शासन के आदेश पर चेयरपर्सन सबीला बेगम, ईओ दीपिका शुक्ला के नेतृत्व में स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा के अंतर्गत एक शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नगर पालिका के सभासद गण एवं व नगर के गणमान्य लोगों समेत पालिका के



कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। साथ ही कार्यक्रम में मौजूद लोगों को स्वच्छता ही सेवा 2025 पखवाड़ा जो स्वच्छ उत्सव के बारे के विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक किया गया जायेगा। इस दौरान चेयरमैन पुत्र शाहवेज अंसारी, वरिष्ठ लिपिक विपिन शर्मा, मुनीश कुमार, सोहन वीर सिंह, सभासद, अमित चौटाला, ब्रजपाल सिंह महिला मोर्चा सदस्य उमा त्यागी, शालिनी सैनी, रंजीता, अजीम सैफी आदि मौजूद रहे।

# शोभित विवि के छात्रों का लोक अदालत शैक्षिक दौरा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय, मेरठ के विधि एवं संवैधानिक अध्ययन विद्यालय के छात्रों ने भारत में वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्रों की कार्यप्रणाली से व्यावहारिक शिक्षा और परिचय प्राप्त करने के एक भाग के रूप में लोक अदालत का शैक्षिक दौरा किया। इस दौरे का उद्देश्य छात्रों को पारंपरिक न्यायिक प्रणाली के बाहर विवाद निपटान की प्रक्रिया से परिचित कराना और न्याय तक पहुंच को बढ़ावा देने में लोक अदालतों की भूमिका को समझना था।

आगमन पर, छात्रों को पीठासीन न्यायाधीशों और विधि अधिकारियों द्वारा लोक अदालतों के उद्देश्यों, अधिकार क्षेत्र और प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने मोटर दुर्घटना दावों, वैवाहिक विवादों, भूमि मामलों और छोटे-मोटे आपराधिक मामलों से संबंधित कार्यवाही का सीधा अवलोकन किया, जिनका सौहार्दपूर्ण ढंग से निपटारा किया जा रहा था। विरोधात्मक मुकदमेबाजी के बजाय सुलह और समझौते पर जोर देने से छात्रों को इस बारे



में बहुमूल्य जानकारी मिली कि लोक अदालतें कैसे त्वरित और लागत प्रभावी न्याय सुनिश्चित करती हैं। इस शैक्षिक भ्रमण का सफल आयोजन डॉ. मोहम्मद आमिर द्वारा किया गया। उन्होंने कहा कि लोक अदालत का यह अनुभव छात्रों को न केवल न्याय प्रणाली के व्यावहारिक पहलुओं से परिचित कराता है बल्कि उनमें सामाजिक न्याय और वैकल्पिक विवाद समाधान की भावना को भी मजबूत करता है।

पैनल के सदस्यों के साथ बातचीत में इस बात पर भी प्रकाश डाला गया कि कैसे लोक अदालतें नियमित अदालतों के बोझ को कम करती हैं और जमीनी स्तर पर न्याय के सिद्धांत को मजबूत करती हैं। छात्रों ने अधिवक्ताओं और संबंधित पक्षों के साथ सक्रिय रूप से बातचीत की और सीखा कि विवाद समाधान में बातचीत और मध्यस्थता कौशल कैसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह दौरा एक समृद्ध अनुभव साबित हुआ क्योंकि इसने न केवल छात्रों की विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 की समझ को गहरा किया, बल्कि समाज के कल्याण के लिए वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को बढ़ावा देने के महत्व को भी समझाया। छात्रों के साथ आए संकाय सदस्य पवन कुमार (सहायक प्रोफेसर) और डॉ. निहारिका पिलानिया (सहायक प्रोफेसर) ने कानूनी जागरूकता फैलाने और सहमति से विवाद निपटान के माध्यम से सद्भाव को बढ़ावा देने में लोक अदालत के प्रयासों की सराहना करते हुए दौरे का समापन किया।

# भगवानपुर में चकबंदी को लेकर हुआ हंगामा

■ पुलिस की मौजूदगी में दो पक्षों के बीच हुई नोंकझोंक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** भगवानपुर गांव में चकबंदी के लिए पुलिस के साथ पहुंचे कानूनगो भविश, लेखपाल धीरज सिंह के पहुंचते ही चकबंदी का विरोध करने वाले ग्रामीणों ने हंगामा शुरू कर दिया। काफी गहमा गहमी के बीच पुलिस ने किसी तरह ग्रामीणों को शांत कराया। गांव के अधिकांश ग्रामीण चकबंदी चाहते है, लेकिन कुछ ग्रामीणों ने विरोध करते हुए कार्य नहीं होने दिया, जिस कारण कानूनगो व लेखपाल वापस लौट गए। प्रधान पति जितेंद्र ने चकबंदी के लिए वोटिंग कराने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, विरोध करने वाले पक्ष ने इसे भी नकार दिया।



आपको बता दे कि गांव में पिछले कुछ महीने से चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। कुछ ग्रामीण चकबंदी के विरोध में है, जबकि अधिकांश ग्रामीण गांव में चकबंदी चाहते है। मंगलवार को कानून गो, लेखपाल पहले चौकी पहुंचे और पुलिसबल लेकर गांव स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में पहुंचे। अधिक. ारियों के पहुंचते ही चकबंदी का विरोध करने वालों ने लेखपाल से नोकझोंक शुरू कर दी और हंगामा शुरू कर दिया। पुलिस ने बीच बचाव कराने का प्रयास किया, लेकिन वह हंगामा करते रहे। अधिकांश ग्रामीणों ने चकबंदी कराने के लिए आवाज उठाई तो विरोध करने वाले ग्रामीण उनसे उलझने लगे। मामला बढ़ता देख पुलिस ने दोनों पक्षों को कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी, जिस पर ग्रामीण शांत हुए। लेखपाल ने चकबंदी की बात की तो विरोध करने वाले ग्रामीणों ने पहले से ही शपथ पत्र दाखिल कराए जाने की बात कही और चकबंदी को लेकर विरोध जताया जबकि चकबंदी के पक्ष वाले ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने आरोप लगाया कि शपथ पत्रों में बहुत से शपथ पत्र फर्जी लगाए गए है। नतीजा न निकलते देख प्रधान पति जितेंद्र ने लेखपाल के समक्ष वोटिंगराए जाने का प्रस्ताव रखा, लेकिन विपक्ष वाले ग्रामीण शपथ पत्र की बात पर ही अड़े रहे। चकबंदी कराने वाले ग्रामीणों ने कहा कि गांव में चकबंदी होनी चाहिए। चकबंदी होने से कब्जाई गई भूमि कब्जा मुक्त होगी और छोटी जोत के किसानों को भी फायदा होगा। कानून गो व लेखपाल कोई नतीजा नहीं निकलने पर वापस लौट गए। कानून गो का कहना है कि प्रधान पति द्वारा रखे गए वोटिंग के प्रस्ताव से अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा। उनके निर्देश पर पुलिस की मौजूदगी में वोटिंग कराई जाएगी। ग्राम प्रधान रजनी का कहना है कि कुछ ग्रामीणों ने जमीन पर कब्जा कर रखा है। चकबंदी होने से उन्हें कब्जाई जमीन छोड़नी पड़ेगी, इसलिए वह गांव में चकबंदी का विरोध कर रहें हैं। वोटिंग का प्रस्ताव रखा गया है। चकबंदी ग्रामीणों के हित में है, जल्द गांव में चकबंदी कराई जाएगी।

### एयरटेल की धोखाधड़ी विरोधी मुहिम से ग्राहकों को होने वाले वित्तीय नुकसान में आई कमी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** भारती एयरटेल ने मंगलवार को घोषणा की है कि उसके द्वारा शुरू की गई एंटी-फ्रॉड पहलों के चलते साइबर अपराध की शिकायतों में उल्लेखनीय गिरावट आई है। इस प्रभाव की पुष्टि हाल ही में गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आई 4 सी) द्वारा जारी किए गए आंकड़ों से भी हुई है। इस पहल पर अपने विचार व्यक्त करते हुए, भारती एयरटेल के वाइस चेयरमैन व प्रबंध निदेशक गोपाल विट्ठल ने कहा कि हमारा मिशन अपने ग्राहकों को स्पैम और वित्तीय धोखाधड़ी से पूरी तरह मुक्त करना है। पिछले एक वर्ष में, हमारे एआई-आधारित नेटवर्क सॉल्यूशंस ने 48.3 बिलियन से अधिक स्पैम कॉल्स की पहचान की और 3.2 लाख धोखाधड़ी वाले संदिग्ध लिंक्स को ब्लॉक किया।

### 24 सितंबर से रजबन में शुरू होगी रामलीला




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** श्री रामलीला कमेटी रजबन बाजार की ओर से वर्ष 2025 के लिए होने वाली रामलीला के विषय में एक पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। पत्रकार वार्ता में अध्यक्ष राजेश यादव व मुख्य संयोजक सुधीर रस्तोगी ने बताया कि इस वर्ष भी रामलीला वा दशहरे का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। रामलीला का आयोजन 24 सितंबर से आरंभ होगा। दो अक्टूबर को दशहरे का उत्सव भी बड़े ही धूमधाम से किया जाएगा। इस दौरान महामंत्री सुनील कनौजिया, दुर्गादास कनौजिया, कोषाध्यक्ष सुधीर भटनागर, रजनीश यादव आदि मौजूद रहे।

### लेखपाल संघ के अध्यक्ष चुने गए ललित कुमार



सरधना में हुए लेखपाल संघ के चुनाव में निर्वाचित सदस्यगण।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** मंगलवार को तहसील में हुए लेखपाल संघ के चुनाव में ललित कुमार को लगातार तीसरी बार अध्यक्ष के रूप में चुना गया। इसका अलावा सभी पदों पर पदाधिकारीगण चुनें गए। चुनाव के बाद पदाधिका. रियों का फूल-मलाओं से स्वागत किया गया। तहसील सभागार में आयोजित कार्यक्रम में लेखपाल संघ मेरठ के निर्वाचन अधिकारी पवन कुमार भारती व सहायक मनोज कुमार की अध्यक्षता में हुए चुनाव में सर्वसहमित से अध्यक्ष पद के लिए ललित कुमार धलानिया को तीसरी बार अध्यक्ष के रूप में चुना गया। वरिष्ठ उपाध्यक्ष हरबीर सिंह, कनिष्ठ उपाध्यक्ष कपिल चौहान, तहसील सचिव गौरव राणा, उपसचिव रीना, कोषाध्यक्ष सुनील कुमार व आडिटर उदित शर्मा को चुना गया। बैठक में संघ के हितों के लिए जोर दिया गया। साथ ही संगठनों को और ज्यादा मजबूत करने पर बल दिया गया।

### उत्तर प्रदेश में प्रगति की नई उड़ान फ्लिपकार्ट का विकास और सशक्तिकरण का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तर प्रदेश अपनी जीवंत सांस्कृतिक विरासत, उद्यमशीलता की भावना और तेजी से विकसित हो रहे डिजिटल इकोसिस्टम केसाथ भारत के ई-कॉमर्स परिदृश्य में एक पॉवरहाउस के रूप में उभर रहा है। यहां पर अनेकों कारीगर, एमएसएमई और किसान राज्य के व्यवसाय को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। इसलिए यह राज्य अवसरों और नवाचार के केंद्र के रूप में उभर रहा है। उत्तर प्रदेश के इस गतिशील विकास में फ्लिपकार्ट की एक अहम भूमिका है। फ्लिपकार्ट उत्तर प्रदेश की समावेशी वृद्धि में एक भरोसेमंद पार्टनर के रूप में विक्रेताओं और एमएसएमई को समर्थ बनाने, नौकरियों का सृजन करने, लॉजिस्टिक्स इन्फ्रास्ट्रक्चर को विस्तारित करने तथा सामुदायिक विकास में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

# रालोद का सदस्यता अभियान पकड़ रहा जोर

■ कस्बा किठौर में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता सम्मेलन का हुआ आयोजन

■ भारी तादाद में लोगों ने ली रालोद की सदस्यता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** प्रदेश भर में चल रहे रालोद के सदस्यता अभियान के तहत मंगलवार को कस्बा किठौर में अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के द्वारा कार्यकर्ता सम्मेलन व सदस्यता अभियान चलाया गया जिसमें भारी तादाद में लोगों ने रालोद की सदस्यता ली। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष मतलूब गौड़ ने की तथा संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ आबिद इशाक



के द्वारा किया गया। लगभग सैकड़ों की तादात में नौजवानों ने रालोद की सदस्यता ग्रहण की। कार्यकर्ता सममेलन में मुख्य अतिथि प्रबुद्ध कुमार राष्ट्रीय सचिव प्रदेश प्रभारी दिल्ली मौजूद थे। इनके अतिरिक्त पूर्व विधायक दिलनवाज, प्रदेश अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ नरेंद्र खजूरी सदस्य एस टी आयोग विनय प्रधान, प्रतीक जैन, जहीर अब्बासी, गौरव जिठोली, फैसल शेरू समेत दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पार्टी हाई कमान ने रणबीर दहिया को दी बड़ी जिम्मेदारी



**जानी खुर्द।** प्रदेश महासचिव और सिवाल खास विधानसभा प्रभारी रणबीर दहिया लगातार क्षेत्र में रालोद के सदस्यता अभियान को रफ्तार देते हुए गांव-गांव घूम रहे हैं। मंगलवार को वह सिवाल खास विधानसभा के कस्बा सरूरपुर व करनावल पहुंचे जहां उन्होंने भारी तादाद में क्षेत्र की जनता को रालोद की सदस्यता दिलाई। इस दौरान रणवीर दहिया ने कहा कि रालोद गरीब, मजलूम व कमजोरों की आवाज बुलंद करती है। राष्ट्रीय अध्यक्ष व केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी जैसे नेता हर वर्ग की लड़ाई लड़ते हैं। इस दौरान जगह जगह रणबीर दहिया का स्वागत किया गया। सदस्यता अभियान के दौरान प्रदेश महासचिव सचिन चौधरी, आरुषि सिरोही, प्रदेश महामंत्री मोनू ढिडाला, डॉ. सुशील, एसटी एक्ट प्रकोष्ठ मुकेश पार्चा ने भी सदस्य अभियान को मजबूत बनाया।

# कंकरखेड़ा पुलिस ने तीसरी आंख से पीड़ितों को किया दूर

## सरकार ने जनहित में लाखों खर्च कर जानना चाहा दर्द, कंकरखेड़ा पुलिस को नहीं आया रास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कंकरखेड़ा पुलिस अपने कारनामों से हमेशा चर्चा में रहती है। सरकार जनहित में लाखों खर्च कर जनता के लिए हर संभव सहायता देकर उसे सरल बनाना चाहती हैं लेकिन पुलिस की अपनी एक छवि बनी हुई हैं कि तुम डाल डाल है हम पात पात हैं।

उत्तर प्रदेश सरकार ने पुलिस की मनमानी तानाशाही रवैए को लेकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर नजर बनाने के लिए प्रदेश स्तर पर करोड़ों खर्च कर प्रदेश के हर थाने को ऑनलाइन कर तीसरी आंख की नजर में रखने को जिला कार्यालय से जोड़ा गया था ताकि पुलिस कार्यशैली पर नजर बनाई जा सके। जिसकी वजह थी कि थाने में आने जाने वालो पीड़ितों की साथ व्यवहार कार्य करने में गति आ सके।

सरकार का हर थाने में सीसी टीवी लगवाने का खास मकसद था बेकस. ूरों को पकड़ कर पुलिस तानाशाही से वसूली कर छोड़ती थी। पुलिस ने सरकार की आंखों में धूल झोंक कर निगरानी करने वाले सप्लाई के ही तार काट दिए हैं। डीवीआर तक की पावर ऑफ है निगरानी दूर की बात कैमरे केवल दिखावा मात्र रह गए हैं।

थाने में पकड़कर लाए गए मुजरिम या बेकसूरों को थर्ड डिग्री से मौत तक हो जाना जानकारी जुटाने में सीसी टीवी की अहम भूमिका होती हैं ताकि पुलिस की कार्यशैली का पता लगाया जा सके कि पुलिस किस समय किसको पकड़ कर लाई थी। पुलिस ने अपनी मनमानी करने के लिए उस व्यवस्था को ही बदल दिया है।

### अवैध वसूली पर रोक लगाना था सीसीटीवी कैमरों का मकसद

सरकार ने पुलिस के कार्यालयों से लेकर थाना प्रभारी के दफ्तर तक में ऑनलाइन गतिविधियों पर नजर रखने व वसूली पर अंकुश लगाने के लिए यह कदम उठाया था। पुलिस ने उसके मायने ही बदल दिए हैं। ऑफिसों में लगे कैमरों को पुलिस ने उनकी कैमरों की दिशा ही बदल दी है या उनकी सप्लाई ही बंद कर दी गई हैं।




# सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण ने मुख्यमंत्री से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, भारतीयता के साथ राष्ट्र प्रथम को अपने जीवन का मूल ध्येय रखने वाले और शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले सुभारती समूह के संस्थापक डॉ. अतुल कृष्ण को समाज, शिक्षा तथा राष्ट्र की प्रगति में अप्रतिम योगदान के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट की और इस अवसर पर डॉ. अतुल कृष्ण ने स्व-लिखित पुस्तकों की प्रति मुख्यमंत्री को भेंट की। जिसमें आधारशीला एवं जीवन तरंगनी के भाग 2 और 3 हैं। सुभारती समूह सर्वविदित है कि शिक्षा, स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक बड़ा नाम है और इसके साथ ही डॉ. अतुल कृष्ण ने अनेक किताबें लिखी हैं जिसमें आधारशीला एवं जीवन तरंगनी के भाग 2 और 3 के अलावा पलायन, उन्नति के पथ पर उतराखण्ड के बलिदानी तथा राष्ट्रीयता से प्रेरित राष्ट्र-अनुभूति जैसी पुस्तकें समाज व राष्ट्र को समर्पित की हैं और अभी इनकी नवीनतम रचनाओं में जीवन तरंगनी भाग-3 आयी है और जीवन तरंगनी के दो और भाग पर कार्य चल रहा है।



# देहरादून के सहस्त्रधारा में बादल फटने से किठौर निवासी कैफ की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** उत्तराखंड की शांत वादियाँ इस समय प्राकृतिक आपदा की चपेट में हैं। सहस्त्रधारा और मालदेवता क्षेत्र में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश ने हालात बिगाड़ दिए हैं। सहस्त्रधारा की पहाड़ियों पर बादल फटने से अचानक तेज बाढ़ आ गई। इस प्राकृतिक आपदा में काफी जान व माल का नुकसान बताया जा रहा है जिसमे जनपद मेरठ के एक युवक की मौत हुई है। मृतक युवक की पहचान जनपद मेरठ के कस्बा किठौर निवासी मोहम्मद कैफ (20 वर्ष) पुत्र अफजल के रूप में हुई है। प्राथमिक जानकारी के अनुसार मोहम्मद कैफ काफी समय से देहरादून में अपने भाईयों के साथ टाईल्स पत्थर का कार्य कर रहा था। बीती रात्रि में अचानक सहस्त्रधारा बादल फटने से बाढ़ के साथ आई भारी मात्रा में मलबे ने वाहनों, घरों और जान माल को नुकसान पहुंचाया जिसमे किठौर निवासी मोहम्मद कैफ तेज रफ्तार पानी में बह गया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग की टीमों ने मौके पर पहुंच कर जेसीबी और अन्य भारी उपकरणों की मदद से मोहम्मद कैफ को पानी से बाहर निकाला। जहां डॉक्टरों द्वारा उसको मृत घोषित किया गया। स्थानीय पुलिस द्वारा शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी के लिए भेजा गया। मौत की सूचना पर परिवार में कोहराम मच गया। सहस्त्रधारा में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और लोक निर्माण विभाग की टीमें मौके पर मौजूद हैं। जेसीबी और अन्य भारी उपकरणों की मदद से मलबा हटाने और राहत कार्यों में तेजी लाई जा रही है। कुछ दुक. ानों के बह जाने की खबर है। अभी भी कई लोग लापता बताए जा रहे हैं जिनकी खोज जारी है।



## सर्पदंश से विवाहिता की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कस्बे के बातनौर मार्ग स्थित मोहल्ला बंजारन निवासी विवाहिता जंगल में लकड़ी बीनने गई थी। वहां सांप के काटने से महिला की हालत बिगड़ गई। परिजन कस्बे में स्थित सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए लेकर पहुंचे तो डॉक्टरों ने महिला को देखकर मतृ घोषित कर दिया। मृतका के पति याकूब ने बताया कि उसकी पत्नी रुखसार 19 वर्षीय पड़ोस की कई महिलाओं के साथ जंगल में मंगलवार सुबह लकड़ी बीनने के लिये मंदवाड़ी रोड स्थित एक बाग में गई थी।उसके साथ रही महिलाओ ने बताया कि वहां अचानक सांप के काटने से रुखसार की हालत बिगड़ गई। इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में ले गए। महिला को देखते ही डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। रूखसार पुत्री शमशू बंजारे की शादी एक वर्ष पूर्व हुई थी।

# गन्ना समिति रामराज में 11 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव सैफपुर-फिरोजपुर रामराज में स्थित सहकारी गन्ना विकास समिति में किसानों की आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए 11 दिवसीय सट्टा प्रदर्शन मेले का शुभारंभ किया गया जिसमें गन्ना समिति चेयरमैन ठाकुर पंकज प्रताप सिंह ने फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर चेयरमैन पंकज प्रताप सिंह ने बताया कि किसानों गन्ना सट्टा में आने वाली समस्याओं को दूर करने के लिए मेला प्रदर्शन किया गया। उन्होंने बताया कि 10:15 बजे शुरू होकर शाम 3 बजे तक कर्मचारी बैठेंगे। जिसमें किसानों के खाते, पर्ची की समस्या, खाते में नम्बर की समस्या इसके अलावा कोई भी समस्या किसानों के सामने आती है तो उसका पूर्णत्य निपटारा किया जाएगा। इस मौके पर संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



# चेयरपर्सन ने कर्मचारियों को स्वच्छता के प्रति दिलाई शपथ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** नगर पंचायत कार्यालय के सभागार में स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत मंगलवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चेयरपर्सन हज्जन आफताब ने सभी कर्मचारियों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान चेयरपर्सन आफताब बेगम ने सभी कर्मचारियों को कस्बे की साफ सफाई के लिए दिशा निर्देश भी दिए उन्होंने कहा कि कस्बे को साफ-सुथरा और सुंदर बनाए रखने में उनकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने सभी को मिलकर काम करने और लावड़ को एक स्वच्छ एवं स्वस्थ नगर बनाने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दौरान सभी कर्मचारियों ने पूरी निष्ठा, ईमानदारी के साथ शपथ ली कि वे अपने-अपने क्षेत्रों को स्वच्छ रखने और लोगों को भी इस कार्य के लिए प्रेरित करेंगे। इस दौरान चेयरपर्सन हज्जन आफताब के अलावा हाजी शकील कुरैशी,देवेंद्र कुमार, इरशाद, शादाब, गौरव, शाहबाज राजेंद्र, चमन सिंह, आदि सहित समस्त नगर पंचायत स्टाफ मौजूद रहा।

## अपहरण की सूचना से हड़कंप

**परीक्षितगढ़।** ग्राम सिंहपुर निवासी एक इंटर के युवक के साथ गांव का ही रोहित पिछले पांच साल से अवैध संबंध बनाता था तथा वीडियो बनाकर उसे वायरल करने की धमकी देता था वह आगे भी संबंध बनाए रखना चाहता था पीड़ित युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर जान देने की कोशिश भी की थी। पीड़ित के पिता की तहरीर पर आरोपी को पड़कर पुलिस ने उसे पोक्सो सहित अनेक धाराओं में चालान कर जय भेज दिया था सोमवार को पीड़ित पिता ने थाने में सूचना देते हुए बताया कि आरोपी युवक का बड़ा भाई पीड़ित को उठाकर ले गया है इससे पुलिस में हड़कंप मच गया और पुलिस ने घेरा. बंदी कर दी मगर एक घंटे बाद ही पीड़ित के पिता ने सूचना देते हुए कहा कि उनका बेटा सकुशल आ गया है। थाना प्रभारी विजय कुमार राय ने बताया कि मामला पूरी तरह से झूठा साबित हुआ है।

# वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत फलावदा में विशेष कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण अभियान के अंतर्गत महलका जैन मंदिर परिसर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर केनरा बैंक प्रधान कार्यालय, बेंगलुरु के महाप्रबंधक एवं जीसीएओ अमित मित्तल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय प्रबंधक बी. वेंकट रामुलू, मंडल प्रबंधक सुशील कुमार मजूमदार तथा अग्रणी जिला प्रबंधक राकेश कुमार खन्ना के साथ ही पी.एन.बी. मटोर व पी.एन.बी. दौराला के शाखा प्रबंधक, सी.एफ.एल.आरोह, अमूल्या एफ.एल. सी. आर सेटी प्रबंधक,ने भी सहभागिता की। मुख्य अतिथि का स्वागत केनरा बैंक के उप महाप्रबंधक ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। अपने संबोधन में अमित मित्तल ने कहा कि वित्तीय समावेशन प्रधानमंत्री की प्राथमिकताओं में है और बैंक का प्रयास है कि हर नागरिक बैंकिंग सेवाओं से जुड़कर बचत व डिजिटल लेन-देन को सुरक्षित रूप से अपनाए। उप महाप्रबंधक बी. वेंकट रामुलू ने मेरठ क्षेत्र में चल रहे प्रयासों को सराहते हुए कहा कि इस अभियान से ग्रामीण व शहरी दोनों क्षेत्रों में वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा मिलेगा। सुशील कुमार मजूमदार ने कहा कि वित्तीय सेवाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना हमारी जिम्मेदारी है। वहीं राकेश कुमार खन्ना ने बताया कि अभियान के दौरान नए खाते खोले गए हैं और जिले के विभिन्न बैंकों के सहयोग से यह अभियान सफल हो रहा है। इस अवसर पर उपस्थित स्वय सहायता समूहो को ऋण वितरण के पत्र भी वितरित किए गए। कमल मडल प्रबंधक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया।



# सरधना में स्कूल जा रही बच्ची को उठाने का प्रयास

## भाई-बहन के साथ स्कूल जा रही थी पीड़िता छात्रा, लोगों ने आरोपी को धुना, पुलिस ने लिया हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर के मोहल्ला प्रभातनगर में स्कूल अपने भाई व बहन के साथ स्कूल जा रही एक मासूम छात्रा का बाइक सवार दो युवकों ने अपहरण करने का प्रयास किया, बच्चों के शोर मचाने पर दौड़े लोगो ने एक आरोपी को पकड़कर जमकर पीटा। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया, पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुक. दमा कायम कर लिया है।

मंगलवार सुबह नगर के मोहल्ला मंडी चमारान निवासी नईमुद्दीन पुत्र असगर मलिक के तीन बच्चेरैज 7 वर्ष, रिजा 5 वर्ष और इनाया 4 वर्ष मोहल्ला प्रभात नगर स्थित एक स्कूल में पढ़ने जा रहें थे। घटना के अनुसार सुबह करीब 8 बजे तीनों बच्चे जैसे ही प्रभातनगर मोहल्ले की तरफ गली में जा रहे थे, तभी बाइक सवार दो युवकों में एक युवक ने इनाया पकड़ लिया और जबरदस्ती उसका मुंह दबाते हुए बाइक पर उठाने का प्रयास किया, जिस पर बच्चों पर बच्चों ने शोर मचा दिया, जिस पर सड़क पर मौजूद लोगों ने आरोपी को पकड़ लिया और बच्ची को उसके चंगुल से छुड़ाया। कुछ ही देर में मोहल्ले के काफी लोग वहां एकत्रित हो गए और इसकी सूचना पुलिस को दी सूचना पर पहुंची पुलिस को मामले से अवगत कराते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया, इस संबंध में बच्ची के पिता नईमुद्दीन मलिक ने थाने में तहरीर देकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की पुलिस ने नईमुद्दीन की तहरीर पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। पुलिस मामले की जानकारी में जुटी हुई है। इस संबंध में थाना प्रभारी प्रताप सिंह का कहना है कि आरोपी के खिलाफ परिजनों की तहरीर पर मुकदमा कायम कर लिया गया है ओर आरोपी को जेल भेजा जा रहा ।





# 20 लाख की लागत से बनी सीसी सड़क का विधायक गुलाम मोहम्मद ने किया उद्घाटन

## सिवाल खास विधानसभा में हर रोज दिख रहा नया विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सिवाल खास।** रालोद के सिवाल खास विधायक गुलाम मोहम्मद लगातार क्षेत्र में नए विकास करते हुए दिखाई दे रहे हैं अब तक वह अपनी विधानसभा में करोड़ों के काम कर चुके हैं जिनमें इंटरमीडिएट स्कूल भी शामिल है। बीते कई महीनो से विधायक गुलाम मोहम्मद नई-नई सड़कों की सौगात क्षेत्र वासियों को दे रहे हैं मंगलवार को भी वह ग्राम किनोनी पहुंचे जहां उन्होंने 10 लाख की लागत से बनी सी सी सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान, बिजेंद्र प्रधान, उदयवीर, जयकरण, बाबू पंडित जी, इंदरपाल, शुक्कम प्रधान, नरेश, बनवारी विपिन कैथवाड़ी, लोकेंद्र, देवेंद्र, राशिद नंबरदार, आरिफ मौजूद रहे। वहीं ग्राम कलीना में भी उन्होंने 10 लाख की लागत से बनी सड़क का उद्घाटन किया। इस दौरान राशिद नंबरदार, आरिफ मेंबर, प्रवेंद्र, उम्मेद, अनिल, लोकेंद्र, अनुज, इलियास, मनबीर, अनुज सत्तार आदि लोगों ने उनका आभार जताया और कहा कि विधायक गुलाब मोहम्मद क्षेत्र के विकास में अहम योगदान निभा रहे हैं। उन्होंने विधायक बनकर यहां पर विकास के नए आयाम स्थापित किए हैं।






# मंदिर के दान पात्र के रुपये दूसरे लोगों को देने को लेकर दो पक्षों में जमकर संघर्ष

## एक पक्ष ने की हवाई फायरिंग से दहला मोहम्मदपुर सकिश्त गांव, चार लोग घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** बहसूमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत गांव मोहम्मदपुर सकिश्त में मंगलवार सुबह मंदिर पर रंग करवाने को लेकर दो पक्षों के बीच कहासुनी के जमकर संघर्ष हो गया, देखते ही देखते दोनों पक्षों में झड़प के बाद जमकर लाठी-डंडों चल पड़े जिसमें दोनों पक्षों से चार लोग घायल हो गए। एक पक्ष में कमरे पर चढ़कर हवाई फायरिंग कर डाली। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए चारों घायलों की डॉक्टरी करने के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है। जो भी मामले में दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी क्रिष राजपूत ने बताया कि क्षेत्र के गांव मोहम्मदपुर सकिश्त में मंदिर में रंग कराने को लेकर बिल्लू पुत्र महेंद्र, विवेक पुत्र बिल्लू, गौरव पुत्र बिल्लू, और दूसरे पक्ष से राजकुमार उर्फ पप्पू पुत्र कर्ण सिंह के बीच कहासुनी को लेकर मारपीट के बाद जमकर लाठी डंडे चल गये। देखते ही देखते एक पक्ष में दूसरे पक्ष पर कमरे के ऊपर चढ़कर हवाई फायरिंग कर दी। जिसमें चारों लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी लेते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी करने के लिए दबिश दी लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। पुलिस ने चारों घायलों की डॉक्टरी परीक्षण के लिए हस्तिनापुर भेज दिया है। इस मामले में दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप लगाते हुए तहरीर दी है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। हालांकि, रामराज चौकी इंचार्ज अमित मिश्रा का कहना है कि विवाद पैसों के लेन-देन को लेकर हुआ था और अब तक फायरिंग की पुष्टि नहीं हो पाई है। मौके पर पहुंचे अंडर ट्रेनिंग डीएसपी एवं थाना प्रभारी क्रिष राजपूत ने बताया कि दोनों पक्षों को थाने लाया गया है और मामले की जांच की जा रही है। फिलहाल, फायरिंग से जुड़ा कोई ठोस साक्ष्य पुलिस को नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच में झूठी हुई है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



# कार्यालय : खण्ड विकास अधिकारी, सरूरपुर खुर्द ( मेरठ )

पत्रांक: 970/लेखा-वित्त/2025-26 दिनांक: 15.09.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

मान्यता प्राप्त एवं पंजीकृत सप्लायरों/ठेकेदारों से विकास खण्ड सरूरपुर खुर्द के पंचम वित्त योजनान्तर्गत निम्नांकित निर्माण कार्यों हेतु सील बन्द निविदायें दिनांक 29.09.2025 को अपरान्ह 02 बजे तक विकास खण्ड कार्यालय में आमंत्रित की जाती है। सभी प्राप्त निविदाएं उसी दिन सांय 03 बजे उपस्थित आपूर्तिकर्ताओं के समक्ष खोली जायेगी। कोई भी निविदा बिना कारण बताये अस्वीकृत की जा सकती है। निविदा जमा करने से पूर्व आपूर्तिकर्ता को 2 प्रतिशत धरोहर राशि एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में जमा करनी होगी जो खण्ड विकास अधिकारी के पदनाम से बन्धक होगी, शेष 8 प्रतिशत एफ.डी.आर./राष्ट्रीय बचत प्रपत्र के रूप में स्वीकृति उपरान्त अनुबन्ध के समय जमा करनी होगी। आयकर तथा जीएसटी तथा लेबरसेस नियमानुसार देय होगा। कार्य संबंधी एवं अन्य जानकारी कार्यालय में श्री नरेन्द्र कुमार, अवर अभियंता आरईडी से प्राप्त की जा सकती है। अवकाश/अपरिहार्य की स्थिति में निविदायें अगले कार्य दिवस में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | प्राकलन की लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | 2 प्रतिशत धरोहर राशि | कार्य पूर्ण करने का समय |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम जसड़ सुल्ताननगर में जब्बार से दिलशाद तक ई.टाईल्स कार्य | 9.99 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 2 | ग्राम पांचली बुजुर्ग में हनुमान मंदिर से मस्जिद तक ई.टाईल्स कार्य | 9.99 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 3 | ग्राम पांचली बुजुर्ग में मेन रोड से शिव मंदिर तक ई.टाईल्स कार्य | 3.90 | 200 + gst | 8000 | 03 माह |
| 4 | ग्राम खेड़ीकला में नरेन्द्र के खेत से उमर के खेत की ओर ई.टाईल्स कार्य | 9.99 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 5 | ग्राम मुल्हेड़ा में शमशान घाट में शेड व सौन्दर्य करण कार्य | 9.95 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 6 | ग्राम पिठलोकर में बीच वाली मस्जिद से इसरार बुन्दा के मकान की ओर ई.टाईल्स कार्य | 9.99 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 7 | ग्राम बपारसी में सुनपाल के मकान से पूरण के मकान की ओर ई.टाईल्स कार्य | 7.10 | 400 + gst | 15000 | 03 माह |
| 8 | ग्राम बपारसी में मोनू के मकान से जसवीर के मकान की ओर (बड़े मंदिर वाला रास्ता) ई.टाईल्स कार्य | 7.99 | 400 + gst | 16000 | 03 माह |
| 9 | ग्राम गोटका में दिनेश शर्मा के यहां से जितेन्द्र के मकान की ओर ई.टाईल्स कार्य | 9.99 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 10 | विकास खण्ड सरूरपुर खुर्द ब्लॉक प्रमुख कक्ष का जीर्णोद्धार कार्य | 9.98 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 11 | विकास खण्ड सरूरपुर खुर्द कार्यालय में फर्नीचर आपूर्ति | 5.00 | 500 + gst | 10000 | 03 माह |
| 12 | विकास खण्ड सरूरपुर खुर्द में तिरंगा झण्डा स्थापना लाईट | 9.80 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 13 | ग्राम जसड़ सुल्ताननगर में धर्म सिंह के मकान से तालाब की ओर इ.टाईल्स कार्य | 2.20 | 200 + gst | 4500 | 03 माह |
| 14 | ग्राम भूनी में करनावल हाईवे से कदम रिर्सोट तक सी.सी. निर्माण | 7.98 | 400 + gst | 16000 | 03 माह |
| 15 | ग्राम पाली में सत्येन्द्र पूर्व प्रधान के मकान से अन्नत पाल के मकान तक सी.सी. इ.टाईल्स कार्य | 9.05 | 500 + gst | 20000 | 03 माह |
| 16 | ग्राम गोटका में ओमप्रकाश पुत्र जल सिंह के मकान से टुक्कयी मेम्बर के मकान तक इ.टाईल्स कार्य | 1.47 | 200 + gst | 4000 | 03 माह |
| 17 | प्रधानमंत्री ग्रामीण माडल आवास निर्माण कार्य | 1.20 | 200 + gst | 3000 | 03 माह |

**( नरेन्द्र कुमार )**
**अवर अभियन्ता ( ग्रा.अ.वि. )**
**सरूरपुर खुर्द ( मेरठ )**

**( राम किशोर )**
**खण्ड विकास अधिकारी**
**सरूरपुर खुर्द ( मेरठ )**


# बजरंग बली की झांकी ने मोहा मन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा।** नगर में मंगलवार को धार्मिक उल्लास और भक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला। श्री रामलीला प्रबंध समिति मंदिर महादेव के संयोजन में रामलीला के आयोजन से पूर्व परंपरागत ध्वज यात्रा धूमधाम से निकाली गई। यात्रा में शामिल बाबा बजरंगबली की भव्य झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर स्वागत किया और जय श्रीराम के जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो उठा। ध्वज यात्रा का शुभारंभ मोहल्ला सोसाइटी स्थित संतोषी माता मंदिर से हुआ। इसके बाद यह यात्रा अग्रसेन बाजार हरदेव बाजार, कंचन बाजार और अहिंसा स्तंभ से होती हुई रामलीला मैदान पहुंची। वहां पर विधि-विधान से रामनवमी मंच पर ध्वजा स्थापना की गई। इस दौरान नगर का माहौल पूरी तरह भक्ति-रस में रंग गया। समिति अध्यक्ष जागेश अग्रवाल ने बताया कि परंपरा के अनुसार ध्वज स्थापना के बाद अब 19 सितंबर को शिव बारात के साथ रामलीला महोत्सव का आगाज होगा। रामलीला मंचन की तैयारियां जोरों पर हैं और इस बार का आयोजन और भी भव्य व ऐतिहासिक होगा। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष शरद गर्ग, अवनीश कुमार, पवन गुप्ता, गौरव अग्रवाल, सुनील प्रजापति, मुकेश अग्रवाल, बिंदु शर्मा, सुनील अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**नगर में ध्वज यात्रा की धूम**




**सूचना**

मैं MOHAMMAD RIJWAN पुत्र MOHAMMAD NAZIR निवासी असीलपुर, जनपद मेरठ 250104 है। मेरा पैन कार्ड नम्बर CUQPR1597F है। इसमे जन्मतिथि 01.01.1986 है। वहीं RIJVAN पुत्र NAZEER जिसका पैनकार्ड नम्बर BVJPR5873D है जिसमे जन्मतिथि 15.02.1984 है। यह दोनों नाम व पैनकार्ड नम्बर एक ही व्यक्ति यानि मेरे हैं।

# ब्लैक स्पॉट्स स्थलों पर शीघ्र किए जाएं सुधार:जिलाधिकारी

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक, दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में सड़क सुरक्षा, स्कूली वाहनों का औचक निरीक्षण, ब्लैक स्पॉट सुधार, दुर्घटना आंकड़ों की समीक्षा तथा नए सरकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तृत चर्चा की गई।



बैठक के दौरान परिवहन विभाग ने अवगत कराया कि शासन द्वारा गुड सेमीरिटन योजना का नाम बदलकर अब इसे राहगीर योजना कर दिया गया है। इस योजना के तहत सड़क हादसों में घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुँचाने वाले नागरिकों को 25,000 तक की प्रोत्साहन राशि एवं कानूनी सुरक्षा का आश्वासन दिया जाएगा।। जिलाधिकारी ने सभी अस्पतालों में इसके लिए अलग रजिस्टर बनवाने के निर्देश दिया ताकि सहायता प्राप्त लोगों का रिकॉर्ड व्यवस्थित रूप से रखा जा सके। सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा में सामने आया कि अगस्त 2024 में जनपद में कुल 28 दुर्घटनाएँ हुई थीं, जिनमें 14 लोगों की मृत्यु हुई थी, जबकि अगस्त 2025 में 30 दुर्घटनाएँ हुईं, जिसमें 10 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई। पुलिस विभाग द्वारा अगस्त 2025 में कुल 3680 चालान किए गए, जिनमें बिना हेलमेट दोपहिया वाहन, बिना सीट बेल्ट, ओवर स्पीडिंग, ड्रंक एंड ड्राइविंग, मोबा. इल चलाते समय वाहन चलाने जैसे अपराध शामिल हैं। परिवहन विभाग ने भी अलग-अलग उल्लंघनों पर कुल 747 चालान जारी किए। विशेष रूप से ब्लैक स्पॉट्स पर ध्यान दिया गया। जिले में कुल 25 ब्लैक स्पॉट्स हैं, जहाँ दुर्घटनाएँ अधिक होती हैं। जिला. धिकारी ने निर्देश दिए कि इन स्थलों पर शीघ्र सुधार कार्य किए जाएं ताकि दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके। साथ ही हिट एंड रन मोटर एक्सीडेंट्स कम्पेन्सेशन स्कीम के तहत पीड़ितों को आर्थिक सहायता देने की व्यवस्था पर भी जोर दिया गया। इस योजना के तहत दुर्घटना में घायल पीड़ित को 50,000 और मृत्यु की दशा में 2 लाख की सहायता राशि जिला स्तरीय समिति के समक्ष दावा प्रस्तुत करने पर दी जाएगी। जिलाधिकारी ने कहा कि ऐसे पीड़ित वंचित नहीं रहेंगे और उनके परिजनों को समय पर आर्थिक लाभ मिलना सुनिश्चित किया जाएगा। हिट एंड रन की जिला स्तरीय समिति में उपजिला. धिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्साधिकारी, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी सहित अन्य सदस्य शामिल हैं, जो नियमित रूप से बैठक कर योजना की प्रगति पर नजर रखते हैं। जिला. धिकारी ने संबंधित अधिकारियों को व्यापक प्रचार-प्रसार करने के भी निर्देश दिए। इसके लिए बसों पर स्टीकर लगाए जाएंगे और प्रमुख चौराहों व सरकारी कार्यालयों पर होर्डिंग लगवाकर आम जनता को जागरूक किया जाएगा। इस अवसर पर सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी राघवेंद्र, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी अतुल कुमार, अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार भड़ाना सहित आदि उपस्थित रहे।

## कब्रिस्तान में भरा नाले का गंदा पानी, लोगों ने जताई आपत्ति



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ढिकोली मार्ग पर तिराहे के समीप कब्रिस्तान में नाले का गंदा पानी भरने से लोगो मे आक्रोश है लोगो ने उच्च अधिकारियों से पानी निकलवाने की मांग की है।

रटौल मे ईदगाह से लेकर गंदे नाले तक पानी की निकासी के लिए नाले का निर्माण कराया जा रहा है जिसका कार्य अधिकांश पुरा हो चुका है कुछ हिस्सा रटौल ढिकोली मार्ग पर आरके पब्लिक के समीप बनाया जा रहा है जिससे लेकर नाले के पानी को रटौल तिराहे से पहले मिट्टी डालकर बंद कर दिया गया जिससे नाले का गंदा पानी समीप की अल्लाह बंदी के कब्रिस्तान मे भर गया जब राहगीरों ने और कस्बें के लोगो ने कब्रिस्तान में पानी भरा देखा तो वीडियो बना ग्रुप्रो पर वायरल कर लोगो से अपील की कब्रिस्तान में जिन लोगो के परिवार के लोगो की कब्रे है वह कब्रिस्तान में पहुंच मिट्टी डाल पानी रोके वही लोगो से उच्च अधिकारियों से भी कब्रिस्तान से पानी निकलवाने की अपील की है।

## स्वच्छता व पौधारोपण अभियान का किया गया सफल आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** जिलाध्यक्ष चांदनी जैन द्वारा स्थानीय विद्यालयों, सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों के सहयोग से स्वच्छता एवं पौधारोपण अभियान का सफल आयोजन किया गया। इस अवसर पर नगर के प्रमुख विद्यालयों की छात्राओं शिक्षकों, जनप्रतिनिधियों एवं आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सभी को स्वच्छता शपथ दिलाकर किया गया। जन संबोधन में कहा कि स्वच्छता केवल सरकार या प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। गंदगी रोगों की जड़ है और स्वच्छ वातावरण से ही स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है। अभियान का चरण पौधारोपण को समर्पित रहा। विद्यालय और सड़क किनारों पौधे लगाए गए। छायादार पेड़ों के साथ-साथ तुलसी जैसा औषधीय पौधों का भी रोपण किया गया।

## हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपी पुलिस मुठभेड़ में घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बड़ौत कोतवाली पुलिस ने मुठभेड़ में 25 हजार के इनामी अभियुक्त मोहन को गिरफ्तार किया है। मोहन अपने जीजा सोनू की हत्या के मामले में फरार चल रहा था।



बड़ौत में पुलिस टीम एसपी सूरज कुमार राय के निर्देशन में चेकिंग अभियान चला रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रोकने का प्रयास किया गया। बदमाश ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागने का प्रयास किया। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया। घायल की पहचान वांछित अपराधी मोहन के रूप में हुई। बड़ौत के किदवई नगर निवासी मोहन के पिता सुखपाल की शिकायत पर मुकदमा दर्ज किया गया था। पुलिस ने 12 सितंबर को मोहन के साथी रोहित सोनू ऊं काली को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। एडिशनल एसपी प्रवीण सिंह चौहान ने बताया कि मोहन के कब्जे से एक मोटरसाइकिल, एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस और एक खोखा कारतूस बरामद हुआ है। अभियुक्त को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है और आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## एक नजर

### प्रकृति और पशु-पक्षियों की रक्षा करना केवल दया नहीं, बल्कि हमारा संविधानिक कर्तव्य भी है:डीएम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गर्मी में तेज़ धूप और गर्म हवाएं उन्हें जल स्रोत और छांव से वंचित कर देती हैं। सर्दियों में कम तापमान और ठंडी हवाएं उनके लिए जीवन संकट बन जाती हैं। ऐसे में एक छोटा-सा पक्षी घर, हर मौसम में उन्हें सुरक्षा, आराम और स्थायित्व देता है। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि प्रकृति और पशु-पक्षियों की रक्षा करना केवल दया नहीं, बल्कि हमारा संविधानिक कर्तव्य भी है। यदि हर घर में एक पक्षी घर हो तो हम हजारों पक्षियों को सुरक्षित जीवन देने के साथ साथ आने वाली पीढ़ियों को भी संवेदनशीलता और जिम्मेदारी का संदेश दे सकते हैं। पक्षी घर लगाने से अनेक लाभ मिलते हैं। ये न केवल पर्यावरण को संतुलित करते हैं, बल्कि हमारे जीवन में भी सकारात्मक बदलाव लाते हैं। सबसे पहले, पक्षी प्राकृतिक कीट नियंत्रण में सहायक होते हैं। वे पौधों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े और लार्वा खाते हैं। इस प्रकार, खेतों और बगीचों में रसायनों के उपयोग की आवश्यकता कम हो जाती है। कुछ पक्षी परागण और बीज फैलाव में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे जैव विविधता बढ़ती है और पौधों का प्राकृतिक चक्र सुचारु रहता है। पक्षियों की उपस्थिति हरियाली और जीवन्तता बनाए रखती है। खेतों और बगीचों में उनका आना-जाना प्राकृतिक संतुलन को मजबूत करता है। इसके साथ ही, पक्षियों की चहचहाहट मानसिक शांति प्रदान करती है। उनका मधुर स्वर तनाव और थकान को कम करने में सहायक होता है।

### हर घर में पक्षी घर बनेगा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** बच्चों के लिए पक्षी घर प्रकृति से जुड़ने और जीवों को समझने का एक सुंदर अवसर प्रदान करते हैं। इससे उनमें संवेदनशीलता और पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित होती है। जानिए कैसे बनाएं पक्षी घर? लकड़ी, प्लास्टिक की बोतल, या मिट्टी के बर्तन जैसे सुलभ साधनों से इसे आसानी से तैयार किया जा सकता है। छत, दीवार या पेड़ पर इसे सुरक्षित और ऊँचाई पर टांगा जा सकता है। छेद का आकार स्थानीय पक्षियों के अनुकूल हो। पानी और दाने की व्यवस्था हो तो पक्षी बार-बार लौटेंगे और इसे अपना स्थायी निवास बना लेंगे। हर घर में पक्षी घर बनेगा जिम्मेदारी और संवेदनशीलता का प्रतीक यह मुहिम सिर्फ एक पर्यावरणीय पहल नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक और नैतिक जिम्मेदारी भी है। जिलाधिकारी ने आहवान किया है कि हर घर में एक पक्षी घर केवल आश्रय नहीं, बल्कि हमारी करुणा, जागरूकता और जिम्मेदारी का प्रतीक होना चाहिए। यह छोटा-सा कदम, हजारों जिंदगियों को संवार सकता है। यदि हर नागरिक एक पक्षी घर लगाए, तो यह अभियान एक जनांदोलन बन सकता है। ऐसा आंदोलन जो चहचहाहट से भरा हो, जो आने वाली पीढ़ियों को यह सिखा सके कि प्रकृति के साथ रहना, उसे बचाना और उसे महसूस करना कितना ज़रूरी है। तो आइए, इस संवेदनशील और सुंदर पहल का हिस्सा बनें। अपने घर में एक पक्षी घर लगाएँ, और हर मौसम में बेजुबानों को दें एक सुरक्षित सहारा।

### स्वच्छता व पौधारोपण अभियान जारी रखने का लिया संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** विशेषज्ञों ने बताया है सभी कि पौधारोपण से न केवल वायु की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को हरियाली और स्वच्छ वातावरण भी मिलेगा। नागरिकों से अपील की गई कि लगाए गए पौधों की देखभाल सामूहिक जिम्मेदारी समझकर करें, ताकि ये भविष्य में घने वृक्ष बनकर पर्यावरण की रक्षा कर सकें। चांदनी जैन ने कहा कि यह अभियान केवल एक दिन का कार्यक्रम न होकर निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपने घर, गली और मोहल्ले को साफ-सुथरा रखे तथा साल में कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो हमारा शहर शीघ्र ही स्वच्छ और हरित नगर का उदाहरण बन सकता है। अंत में, सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए यह संकल्प लिया गया कि स्वच्छता और पौधारोपण की यह मुहिम निरंतर जारी रहेगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रेशू जैन, अंजलि सिंह, रेनू शर्मा आदि का सहयोग प्राप्त हुआ।

### प्रधान ने डीएम से शिकायत कर पंचायत सचिव पर लगाए आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** अहैड़ा ग्राम पंचायत में सरकारी फंड के दुरुपयोग का मामला सामने आया है। आरोप है कि पंचायत सचिव संदीप ने केंद्रीय राज्यमंत्री चौधरी जयंत सिंह के प्रस्तावित स्वागत कार्यक्रम के नाम पर ग्राम पंचायत खाते से बिना ग्राम प्रधान की अनुमति के हजारों रुपये निकाले। ग्राम प्रधान हरकरण सिंह ने डीएम को दी शिकायत में बताया कि सात अगस्त को राज्यमंत्री का स्वागत कार्यक्रम प्रस्तावित था। इसके लिए सड़क पर चूना डालने और पौधे लगवाने की तैयारी की गई थी, लेकिन अंतिम समय में मंत्री का कार्यक्रम रद्द हो गया। इसके बावजूद सचिव ने प्रधान का डोंगल लेकर खाते से 13 अगस्त को पांच हजार रुपये चूना और पौधों के नाम पर निकाले। प्रधान का आरोप है कि वास्तव में बहुत कम चूना डाला गया और पौधे विद्यालय से ही लगवाए गए। इतना ही नहीं, एक अगस्त को पेंटिंग के नाम पर 20 हजार रुपये और पांच अगस्त को स्टेशनरी के नाम पर आठ हजार रुपये का भुगतान भी उनकी जानक. ारी के बिना कर दिया गया। शिकायत में यह भी कहा गया है कि विद्यालय की दीवारों पर पेंटिंग के दौरान पूर्व सचिव अंजलि का नाम मिटाकर केवल वर्तमान सचिव का नाम लिखवाने के लिए भी खर्च दिखाया गया। ग्राम प्रधान की शिकायत पर डीएम ने मामले की जांच बैठा दी है। फिलहाल यह मामला ग्रामीणों में चर्चा का विषय बना हुआ है।

## चीनी मिल रमाला में उपसभापति जयदेव ने किया किसान मेले का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** सहकारी चीनी मिल रमाला के गन्ना विकास परिषद कार्यालय के प्रांगण में किसान मेले का प्रधान प्रबंधक व उपसभापति ने फीता काटकर किया। इस दौरान मेले में पांच चीनी मिलों के अधिक. ारियों की भागीदारी किसानो की पर्ची सट्टा सर्वे आदि समस्याओं पर चर्चा की गई।



चीनी मिल के प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव तथा उपसभापति जयदीप सिंह ने मिल के अन्य अधिकारियों के साथ सैकड़ो किसानों ने फिता काटकर 10 दिवसीय मेला का शुभारंभ किया। इस अवसर पर रमाला चीनी मिल खतौली चीनी मिल तितावी चीनी मिल ऊन चीनी मिल बजाज चीनी मिल बुढ़ाना आदि चीनी मिल के प्रतिनिधियों ने भाग लेकर किसानों की गन्ने संबंधित समस्याएं सुनी। किसानों ने अपनी अपनी समस्या बता समाधान कराया। यह मेला 10 दिन तक मिल परिसर में किसानों की समस्याएं सुनकर हल किया जाएगा। प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव ने किसानों से अपील करते हुए कहा कि जिस किसान भाई के गन्ने की कोई समस्या है तो मिल में आकर अपनी समस्या का समय पर हल करवा सकता है। किसानों ने समस्या बताई तथा मौके पर निस्तारण कराया। इस मौके पर मिल के समस्त अधिकारी उपस्थित रहे। इसके उपरांत प्रधान प्रबंधक विवेक कुमार यादव के साथ मिल के उपसभापति जयदेव सिंह और चीनी मिल के अधिकारियों ने अंदर मिल कारखाने का निरीक्षण किया और कार्य में लगे सभी कर्मचारियों को दिशा निर्देश दिए।

## अमन कुमार के सहयोग से प्रदर्शनी में विशेष कॉर्नर किया जाएगा स्थापित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** प्रदर्शनी में उत्तर प्रदेश के विकसित होते स्वरूप की झलक भी प्रस्तुत की जाएगी। बीते वर्षों में बुनियादी ढांचे, सड़क निर्माण, स्वास्थ्य सुविधाओं, उद्योग और निवेश के क्षेत्र में हुई प्रगति को विशेष रूप से दर्शाया जाएगा।

प्रदर्शनी का एक बड़ा आकर्षण समर्थ उत्तर प्रदेश विक. सित उत्तर प्रदेश /2047 अभियान होगा। इसके अंतर्गत प्रदेश सरकार ने नागरिकों से ऑनलाइन सुझाव आमंत्रित किए है ताकि हर वर्ग अपनी आकांक्षाएँ और सुझाव साझा कर सके। इस अभियान का मकसद है कि प्रदेश के विकास की रणनीति केवल योजनाओं और नीतियों तक सीमित न रहे, बल्कि किसानों, युवाओं, महिलाओं, उद्यमियों, शिक्षाविदों, श्रमिकों और समाज के हर वर्ग की भागीदारी पर आधारित हो। ` जिसके लिए राज्य युवा पुरस्कार से सम्मानित अमन कुमार के सहयोग से प्रदर्शनी में विशेष कॉर्नर स्थापित किया जाएगा। विक. सित उत्तर प्रदेश को लेकर चलाए जा रहे जागरूकता अभियान की सामग्री भी प्रदर्शनी का हिस्सा होगी।

गांधीजी के आदर्शों और विच. ारों को ध्यान में रखते हुए लोगों को सेवा और सहयोग जैसे मूल्यों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। प्रदर्शनी में आने वाले आगंतुकों को न केवल सरकारी योजनाओं की जानकारी मिलेगी बल्कि वे यह भी समझ पाएंगे कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे अपने जीवन स्तर को कैसे सुधार सकते हैं और प्रदेश को विकसित भारत बनाने की दिशा में योगदान दे सकते हैं।

## हर मौसम, हर घर एक पक्षी घर:जिलाधिकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** जहां एक ओर बदलते मौसम इंसानों के लिए कभी राहत तो कभी चुनौती लेकर आते हैं, वहीं पक्षियों के लिए यह समय और भी कठिन होता है। कभी बारिश, कभी तेज धूप, तो कभी सर्द हवाए। यह सभी मौसम उनके लिए सुरक्षित आश्रय की कमी को उजागर करते हैं। इन्हीं परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने एक नवाचारपूर्ण और संवे. दनशील अभियान की शुरुआत की है। हर मौसम, हर घर एक पक्षी घर।



इस पहल का उद्देश्य है कि हर नागरिक अपने घर, आंगन, छत या बगीचे में एक पक्षी घर स्थापित करे, ताकि पक्षियों को साल भर एक सुरक्षित आश्रय मिल सके। इससे न केवल पक्षियों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि इंसान और प्रकृति के बीच एक गहरा और करुणामय रिश्ता भी स्थापित होगा। हर मौसम के लिए पक्षी घर क्यों ज़रूरी हैं? मानसून में लगातार बारिश और तेज़ हवाओं से पक्षियों के घोंसले नष्ट हो जाते हैं, अंडे और नन्हे चूजे संकट में आ जाते हैं।

## 71 माध्यमिक अशासकीय प्रबन्ध समितियों की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर में मंगलवार को जनता वैदिक डिग्री कॉलिज में जनपद के 71 माध्यमिक अशासकीय इण्टर कॉलिज की प्रबन्ध समितियो के पदाधिकारियों के एक आवश्यक बैठक प्रदेश स्तरीय एक विशेष समिति के गठन हेतु आहुत की गयी, जिसमें लगभग 25 माध्यमिक विद्यालयों कार्यरत प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया।



बैठक में माध्यमिक विद्यालयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए प्रदेश स्तरीय विशेष समिति का गठन किया गया, जिसमें राजेन्द्र शर्मा पूर्व विधायक अध्यक्ष, यमुना इण्टर कॉलिज, बागपत, अनिल यादव, प्रबन्धक, कृष्णा इण्टर कॉलिज, बालैनी, वीरेन्द्रपाल सिंह लोहड्डा, मास्टर प्रहलाद सिंह, निर्भय सिंह, सचिन कुमार, हरपाल सिंह, सोहित त्यागी, संजय शर्मा, शिव कुमार, डॉ.अशोक यादव, प्रवीण जैन, सुखबीर सिंह गठीना, ब्रजमोहन 14 पदाधिकारी एवं सदस्य बनाये गये। इस दौरान बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि बागपत अशासकीय माध्यमिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के पदाधिकारियों से 21 सितम्बर तक उनके सामने आ समस्याओं का प्राप्त विभागीय उच्चाधिकारियों को समस्याओं से अवगत कराया जायेगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि गठित विशेष समिति जल्द ही जिला विद्यालय निरीक्षक, बागपत से भी वार्ता करेगी। इस दौरान बैठक में 25 से अधिक विद्यालयों की प्रबन्ध समितियों के पदाधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक विकास भवन में विशेष प्रदर्शनी की जाएगी आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** सेवा पर्व के अवसर पर सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग बागपत द्वारा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक विकास भवन में विशेष प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इस प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना और उन्हें सेवा कार्यों में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित करना है। प्रदर्शनी का शुभारंभ कल गणमान्य अतिथियों द्वारा किया जाएगा और इसका समापन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर किया जाएगा।

प्रदर्शनी में प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी आकर्षक पैनल, मॉडल, पोस्टर और डिजिटल माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत, किसान सम्मान निधि, महिला सशक्तीकरण, स्टार्टअप एवं स्वरोजगार योजनाओं सहित शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र से जुड़ी तमाम योजनाओं की झलक देखने को मिलेगी। आयोजन में विशेष रूप से युवाओं, महिलाओं, किसानों और विद्यार्थियों को जोड़ने पर जोर दिया जाएगा। प्रदर्शनी को जनसंपर्क और संवाद का माध्यम बनाया गया है। इसमें आगंतुकों के लिए योजनाओं से जुड़े क्विज और प्रश्नोत्तरी जैसी रोचक गतिविधियों का भी आयोजन होगा, ताकि लोग योजनाओं के बारे में जानकारी लेने के साथ-साथ अपनी भागीदारी भी दर्ज करा सकें।

## पिता के मरणोपरांत बेटे ने कराया नेत्रदान, समाज के लोगों को दिया संदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बिनौली रोड़ निवासी सतीश चन्द गुप्ता ने अपने 85 वर्षीय पिता रामकुमार गुप्ता के मरणोपरांत नेत्रदान कराया है। उन्होंने नेत्र दान कराकर समाज के लोगों को भी संदेश दिया। भारत विकास परिषद् द्वारा संचालित सुभारती आई बैंक सोसाइटी की टीम ने नेत्रदान का कार्य संपन्न कराया। रामकुमार गुप्ता ने 15 वर्ष पहले नेत्रदान का संकल्प लिया था।



पिछले कई बरसों से समाज सेवा के कार्यों के साथ-साथ रामकुमार गुप्ता राम जन्मभूमि आंदोलन से जुड़े थे। उन्होंने 1992 में कार सेवा भी की थी। वे विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष व विभाग अध्यक्ष रहे थे। वे अग्रवाल महासभा के संरक्षक भी थे। भारत विकास परिषद के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप जैन ने कहा कि समाज के लिए पुनीत कार्य है। नेत्र और रक्त दुनिया की किसी भी फैक्ट्री में नहीं बनता है। इसके लिए आपको जीते जी रक्तदान और मरणोपरांत नेत्रदान का संकल्प लेना पड़ेगा। नगर निवासी प्रवीण जैन ने कहा सतीश गुप्ता ने अपने पिता का नेत्रदान कर नेक कार्य किया है। हमें संकल्प लेने की जरूरत है कि हम अपनी आंखों को मरणोपरांत अवश्य दान करेंगे।

**सूचना**

मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रजिन्देर (RAJINDER) दर्ज हो गया है जोकि गलत है जबकि मेरे समस्त कागजातों में मेरा सही नाम RAJENDRA DHAKA है भविष्य में मुझे RAJENDRA DHAKA के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

राजेन्द्र ढाका पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम ढिकौली थाना चांदीनगर तहसील बागपत जिला बागपत

**सूचना**

मेरे पुत्र का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपने पुत्र ऋषभ व उसकी पत्नि स्वीटी से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वे स्वयं जिम्मेदार होंगे।

शारदर पत्नि जितेन्द्र कुमरी निवासी बागपत थाना व तहसील बागपत जनपद बागपत।

**सूचना**

मेरी पुत्री का आचरण ठीक नहीं है गलत आचरण के चलते मै अपनी पुत्री शिखा से सम्बंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं भविष्य में अपने किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगी।

बिमलेश पत्नि अशोक निवासी ग्राम बरनावा थाना बिनौली जनपद बागपत।

# अवैध खनन पर एसडीएम का शिकंजा, तीन डंपर ज़ब्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें में खनन माफिया लगातार अवैध खनन कर सरकार को लाखों के राजस्व का चूना लगा रहे हैं। तो वही जिला प्रशासन भी खनन माफियाओं के इरादे लगातार पस्त करता हुआ दिखाई दे रहा है। हापुड़ जिला प्रशासन अवैध खनन पर लगाम लगाने के लिए अवैध खनन के खिलाफ लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। इसी क्रम में बीती रात हापुड़ सदर एसडीएम इला प्रकाश ने बाबूगढ़ थाना क्षेत्र में छापेमारी कर मिट्टी से भरे तीन डंपरों को जब्त कर लिए लिया है। एसडीएम इला प्रकाश की इस कार्रवाई से खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

मिली जानकारी के अनुसार देर रात सदर एसडीएम इला प्रकाश को बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के गांव मतनोरा में अवैध खनन की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही वह तुरंत पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और तहसीलदार प्रवीण कुमार के साथ मिलकर छापेमारी की। इस दौरान मौके पर तीन डंपर पकड़े गए, जो अवैध रूप से खनन की गई मिट्टी ले जा रहे थे। छापेमारी के दौरान एक डंपर चालक मौके से फरार हो गया जबकि दो चालक पुलिस की चौकसी के कारण भागने में सफल नहीं हो पाए। एसडीएम इला प्रकाश ने साफ तौर पर कहा है कि जिले में अवैध खनन बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। क्षेत्र में अवैध खनन करने वालों पर नजर रखी जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि खनन माफियाओं के खिलाफ लगातार अभियान जारी रहेगा और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। एसडीएम की इस सख्ती से अवैध खनन करने वालों में डर का माहौल है और स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस तत्परता की सराहना की है। वही पुलिस ने डंपरों को जब्त कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है।



# खाद्य सुरक्षा विभाग पर उत्पीड़न का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** मंगलवार को व्यापारियों ने जिले में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों पर व्यापारियों के उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचकर विरा. ध प्रदर्शन किया।

व्यापारियों ने 17 सूत्रीय मांगों का एक ज्ञापन जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी कों सौंपा। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र पंसारी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल कलेक्ट्रेट पंहुचा। जहां पर व्यापारियों ने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया। व्यापारियों का आरोप है कि खाद्य सुरक्षा विभाग टारगेट पूरा करने के नाम पर उनका उत्पीड़न कर रहा है। व्यापारियों ने कहा कि हमारी मुख्य मांग में से एक मांग यह कि है कि खाद्य लाइसेंस की अनिवार्यता 40 लाख रुपए के रिटर्न पर होनी चाहिए। इसी के साथ उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों द्वारा उत्पीड़न से मुक्ति की मांग भी की है। उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल उत्तर प्रदेश के जिलाध्यक्ष बिजेन्द्र पंसारी के नेतृत्व में व्यापारियों ने 17 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार को सौंपा। जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी सुनील कुमार ने व्यापारियों को आश्वासन दिया है कि स्थानीय स्तर की समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा और उच्च स्तर की मांगों को शासन तक पहुंचाया जाएगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि मिलावट को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।



# हाईकोर्ट के आदेश पर अवैध झुग्गी पर प्रशासन की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर क्षेत्र के गढ़ रोड पर मंगलवार सुबह हाईकोर्ट के आदेश पर एक अवैध झुग्गी को जेसीबी मशीन से हटा दिया गया। यह झुग्गी घुमंतू जाति के लोगों ने एक निजी मकान के बाहर अवैध रूप से बनाई हुई थी। इस कार्रवाई से स्थानीय लोगों को काफी राहत मिली है।

मिली जानकारी के अनुसार मकान मालिक मनोज अग्रवाल की शिकायत के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने अतिक्रमण हटाने का आदेश दिया था। इससे पहले नगर पालिका ने भी नोटिस जारी कर चेतावनी दी थी। बावजूद इसके अवैध तरीके से किए गए अतिक्रमण को हटाया नहीं गया। जिसके बाद अवैध झुग्गी को जेस. ीबी मशीन से हटा दिया गया। साथ ही झुग्गी में रहने वाले परिवारों को बुलंदशहर रोड पर नगर पालिका द्वारा संचालित रैन बसेरे में सुरक्षित रूप से शिफ्ट किया गया है। इस कार्रवाई के दौरान हापुड़ कोतवाली, देहात थाना और बाबूगढ़ थाने के प्रभारी सहित भारी पुलिस बल मौजूद था। महिला पुलिसकर्मी और पीएसी के जवान भी मौके पर तैनात थे। सीओ वरुण कुमार मिश्रा व नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी संजय मिश्रा ने पूरी कार्रवाई की निगरानी की। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि भविष्य में अवैध कब्जों के खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी। यह कार्रवाई न केवल न्यायालय के आदेश का पालन था, बल्कि इससे यातायात और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का भी समाधान हुआ। स्थानीय निवासियों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है।



# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर डीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन भारत के जिला अध्यक्ष डा. पीतम सिंह ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को सौंपा है। ज्ञापन में पत्रकारों ने मुख्यमंत्री के नाम कई महत्वपूर्ण मांगें रखी हैं।

ज्ञापन में मांग की गई कि लखनऊ के दारूसफा भवन में एसोसिएशन के लिए कार्यालय आवंटित किया जाए। ग्रामीण पत्रकारों को आयुष्मान भारत योजना और बीमा योजना का लाभ मिले। 60 वर्ष से अधिक उम्र के पत्रकारों के लिए पेंशन योजना शुरू की जाए। आपदा या दुर्घटना में दिवंगत पत्रकार के परिवार को किसान बीमा योजना की तर्ज़ पर 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए। पत्रकारों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने से पहले एक राजपत्रित अधिकारी द्वारा जांच की जाए। राज्य और जिला स्तर की तरह तहसील स्तर पर भी पत्रकारों की प्रशासनिक अधिकारियों के साथ नियमित बैठकें हो, पत्रकारों के लिए विशेष सुरक्षा बल का गठन किया जाए, पत्रकारों के लिए आवास योजना शुरू की जाए। पुलिस द्वारा दर्ज किए गए फर्जी मुकदमे वापस लिए जाएं। पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार करने वाले अधिकारियों को जनपद में कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी न दी जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान जाहिद अली, राजेंद्र राठी, जितेंद्र कुमार, अकबर मेवाती, दयानंद, मोहित, रवि तोमर, दीपक सागर, गुलज़ार अली, जाबिर अली, राहुल ठाकुर समेत दर्जनों पत्रकार मौजूद रहे।



# स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान का हुआ शुभारम्भ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जीएस विश्वविद्यालय परिसर में 'स्वस्थ नारी-स्वस्थ परिवार अभियान' की शुरुआत होगी। इस अभियान का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री नरेंद्र कश्यप द्वारा किया जाएगा। विश्व. विद्यालय प्रशासन उपनिदेशक मनोज शिशोदिया ने बताया कि यह अभियान पूरी तरह नि:शुल्क होगा और विशेष रूप से महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए समर्पित रहेगा।

इस अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से अक्टूबर 2025 तक विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें महिला स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता शिविर, रक्तदान शिविर, परामर्श सत्र तथा सामाजिक जागरूकता कार्यक्रम प्रमुख रूप से शामिल हैं। इन कार्यक्रमों का आयोजन विश्व. विद्यालय परिसर सहित शहर और आस-पास के विभिन्न स्थानों पर किया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इससे लाभ मिल सके। शिशोदिया ने बताया कि 'स्वस्थ नारी' ही 'स्वस्थ परिवार' और 'स्वस्थ समाज' की आधारशिला है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए इस कार्यक्रम को रूप दिया गया है। कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञ चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण किए जाएंगे तथा उन्हें स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक जानकारी और सुझाव भी प्रदान किए जाएंगे। विश्वविद्यालय परिवार ने सभी महिलाओं एवं नागरिकों से इस अभियान में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनाने की अपील की है।



# गंगा में स्नान के दौरान डूबे तीन लोग, गोताखोरों ने सकुशल बचाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थनगरी ब्रजघाट में मंगलवार को गंगा स्नान के दौरान एक ही परिवार के तीन लोग तेज बहाव के साथ गंगा में डूबने लगे। मौके पर मौजूद गोताखोरों ने ज़ब उन्हें गंगा के गहरे पानी में डूबते हुए देखा तो उन्होंने तुरंत तीनो को सकुशल बचा लिया।

मिली जानकारी के अनुसार गढ़मुक्तेश्वर के तीर्थ नगरी ब्रजघाट में एक ही परिवार के तीन लोग गंगा में स्नान कर रहे थे। स्नान करते समय गहरे पानी में जाने के कारण तीनों गंगा के तेज बहाव में डूबने लगे। अचानक हुई इस घटना से वहाँ पर अफरा तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने जब युवकों को डूबते देखा तो शोर मचाया। चीख पुकार सुनकर मौके पर मौजूद गोताखोरों ने साहस का परिचय देते हुए कड़ी मशक्कत के बाद तीनों युवकों को गंगा में डूबने से बचा लिया। जिसके बाद तीनों ने गोताखोरों का आभार जताया।



## एक नजर

### पुलिस ने पांच वारंटीयों को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑपरेशन तलाश अभियान के अंतर्गत थाना बहादुरगढ़, थाना सिंभावली, थाना गढ़मुक्तेश्वर, थाना हाफिजपुर पुलिस ने 5 वारंटीयों को उनके मसकन से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि थाना बहादुरगढ़ पुलिस द्वारा राहुल पुत्र जगतपाल उर्फ़ जग्गी व राहुल पुत्र वीर सिंह, थाना सिंभावली पुलिस द्वारा सुंदर पाल पुत्र किरण पाल थाना हाफिजपुर पुलिस द्वारा जाकिर पुत्र जुल्फिकार और थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा आस मोहम्मद पुत्र मोमिन को उनके मसकन से गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि फरार वारंटी की गिरफ्तारी हेतु ऑपरेशन तलाश अभियान आगे भी इसी तरह जारी रहेगा।

### गोरखपुर में युवक की हत्या, कानून व्यवस्था पर सवाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ऑल इंडिया हिन्दुस्तान कांग्रेस पार्टी के यूपी प्रदेशाध्यक्ष, पंडित गोपाल शर्मा ने गोरखपुर में हुई एक युवक की हत्या को लेकर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के गृह जनपद में ही पशु तस्करों ने दीपक गुप्ता नाम के युवक की गोली मारकर हत्या कर दी।

पंडित गोपाल शर्मा ने आरोप लगाया कि उत्तर प्रदेश में गो-तस्कर सक्रिय हैं और पुलिस मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा कि राज्य में हत्या, लूट, बलात्कार, रंगदारी और तस्करी जैसी घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं। उन्होंने कहा कि जब मुख्यमंत्री के अपने गृह जनपद में गोवंश और नागरिक सुरक्षित नहीं हैं, तो पूरे प्रदेश की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने बरेली में अभिनेत्री के घर पर गोली चलाने की घटना का जिक्र करते हुए कहा कि अपराधी बेखौफ घूम रहे हैं। इस दौरान पार्टी के अन्य पदाधिकारियों जैसे प्रदेश कानूनी सलाहकार पंडित नरेश चंद शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष पंडित आशीष कुमार, महंत एनके त्रिपाठी और मेरठ मंडल अध्यक्ष निदेश लोधी भी मौजूद थे।

### रावण दिग्विजय यात्रा का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रामलीला महोत्सव के तहत हापुड़ में रामलीला समिति रजिस्टर्ड द्वारा 16 सितंबर 2025 को रावण दिग्विजय यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा रावण के बढ़ते आतंक और उसकी शक्ति को दर्शाने के लिए निकाली गई, जैसा कि व्यास महाराज पवन देव चतुर्वेदी ने बताया। उन्होंने रावण द्वारा संतों, मुनियों और देवी-देवताओं की पूजा पर प्रतिबंध लगाने, कुबेर को हराकर पुष्पक यान और सोने की लंका प्राप्त करने, और मंदोदरी से विवाह के बाद भी उसके अत्याचार जारी रहने की कथा सुनाई। इस आयोजन में हापुड़ के कोतवाल देवेंद्र बिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। यात्रा मनसा देवी मंदिर, बुलंदशहर रोड से शुरू होकर कोठी गेट, बाजार बजाजा, छोटी मंडी, बड़ी मंडी, भाटिया, सराफा बाजार, चंडी रोड, पक्का बाग, दिल्ली रोड, अतरपुरा चौपला, रेलवे रोड, फ्री गंज रोड और तहसील चौपला से होते हुए रामलीला ग्राउंड पहुंची। इस यात्रा में पाँच बैंड, पाँच बग्गियाँ, झाँकियाँ, ताशे, नपीरी और चार घोड़े शामिल थे। इस दौरान अध्यक्ष विनोद वर्मा, महामंत्री उमेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष शुभम गोयल, वरिष्ठ प्रधान, नवीन वर्मा, उप प्रधान सुयश वशिष्ठ, संरक्षक अनिल आजाद, रतनलाल नन्हे, मीडिया प्रभारी वरुण गोयल, विवेक सिंहल, नवीन गुप्ता, मनीष मित्तल, विमल वर्मा, हरिप्रकाश जिंदल, गौरव बजरंगी, रवि गर्ग, मिलन टेंट, प्रदीप वर्मा, अतुल वर्मा, अनिल कुमार टोपी, माधव वर्मा, ऋतिक त्यागी सहित कई अन्य सदस्य भी मौजूद थे।

### अवैध रूप से शराब बेचने के दोषी को न्यायालय ने सुनाई सज़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में हापुड़ पुलिस द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में एक आरोपी को प्रभावी पैरवी के चलते न्यायालय द्वारा सज़ा सुनाई गई साथ ही अर्थदण्ड से भी दंडित किया गया। इसी क्रम में न्यायालय द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने के मामले में आरोपी हैप्पी चौधरी पुत्र ओमपाल सिंह निवासी कस्बा व थाना सिम्भावली जनपद हापुड़ को जुर्म इकबाल के आधार पर न्यायालय उठने तक की सजा व 3,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

# पंचायती गोशाला के कार्यकारिणी चुनाव में मतगणना में धांधली का आरोप, पुर्न मतगणना की उठी मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** पंचायती गोशाला के हालिया कार्यकारिणी चुनाव में मतगणना में धांधली का गंभीर आरोप लगा है। चुनाव हारने वाले प्रत्याशी विनोद कुमार अग्रवाल ने यह आरोप लगाया है।

उन्होंने आरोप लगाया है कि मतगणना के दौरान अनियमितता हुई, जिसके कारण वे 23वें स्थान पर रहे और चुनाव हार गए। विनोद कुमार अग्रवाल ने इस मामले में डीएम और चुनाव अधिकारी को एक शिकायत पत्र सौंपा है। विनोद अग्रवाल का दावा है कि नौवें राउंड तक वह जीतने वाले एक अन्य प्रत्याशी से आगे चल रहे थे, लेकिन अंतिम परिणाम में उन्हें पीछे दिखाया गया। उन्होंने बताया कि जिस प्रत्याशी को 770 मतों के साथ विजेता घोषित किया गया, उसके मतों की संख्या संदिग्ध लगती है। विनोद अग्रवाल को 763 मत मिले, जिसके कारण वह 22वें विजेता की सूची से बाहर हो गए। उन्होंने डीएम और चुनाव अधिकारी से अपने और संबंधित प्रत्याशी के मतों की फ़िर से गिनती करने की मांग की है, ताकि परिणामों में पारदर्शिता आ सके। इस चुनाव में कार्यकारिणी के 22 सदस्यों के लिए कुल 27 प्रत्याशी मैदान में थे। यह चुनाव एसएसवी इंटर कॉलेज में आयोजित किया गया था। फिलहाल डीएम कार्यालय या चुनाव अधिकारी की ओर से इस शिकायत पर कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया है। उम्मीद है कि इस मामले की गंभीरता को देखते हुए जल्द ही इसकी जांच शुरू की जाएगी।

# शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की उठाई मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले, सैकड़ों शिक्षकों ने शिक्षक पात्रता परीक्षा की अनिवार्यता को समाप्त करने की मांग करते हुए एक ज्ञापन सौंपा है। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री के नाम से जिलाधिकारी अभिषेक पांडेय को दिया गया।

यह विरोध प्रदर्शन जिला अध्यक्ष देवेंद्र शिशौदिया और जिला मंत्री नीरज चौधरी के नेतृत्व में किया गया। शिक्षकों की मुख्य मांग है कि शिक्षा का अधिकार आरटीई अधि. नियम लागू होने से पहले से कार्यरत शिक्षकों को टीईटी की अनिवार्यता से छूट दी जाए। जिलाधिकारी ने शिक्षकों को आश्वासन दिया है कि उनका ज्ञापन प्रधानमंत्री तक पहुंचाया जाएगा। संघ के पदाधिका. रियों ने कहा कि अगर उनकी मांगों का जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे एक बड़े आंदोलन की घोषणा करेंगे और दिल्ली की ओर कूच करेंगे। शिक्षकों ने इस मामले में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री द्वारा दिखाए गए सकारात्मक रुख के लिए उनका आभार व्यक्त किया। ज्ञापन सौंपने के दौरान कई अन्य शिक्षक पदा. धिकारी भी मौजूद थे, जिनमें इशरत अली, अमित भाटी, अंशु सिद्धू, दीपक अग्रवाल, दिनेश, बबीता, योगेश सैनी, रचना, सरिता, प्रज्ञा, अनुज, सरजीत, संजीव त्यागी, भगत सिंह, अशोक, बिजेंद्र, देवेंद्र चौहान, अनूप, प्रवेश, रविंद्र, अमित, विनोद, निशा, सविता, गुलशन और नौशाद शामिल थे।



# कथा के दूसरे दिन भक्तों ने सुनी सुखदेव के प्राकट्य की कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** दिव्य धाम बाला जी मंदिर हापुड़ में चल रही भागवत कथा के दूसरे दिन पंडित रोहित रिछारीया महाराज ने भक्तों को राजा परीक्षित के जन्म और सुखदेव के प्राकट्य की कथा सुनाई। इस कथा को सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

पंडित ने बताया कि भागवत कथा सिर्फ एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं है, बल्कि यह मानव जीवन को उसके वास्तविक उद्देश्य की ओर ले जाने वाली एक महत्वपूर्ण गाथा है। महाराज परीक्षित का जन्म महाभारत युद्ध के अंत में अभिमन्यु और उत्तरा के गर्भ से हुआ था। जब अश्वत्थामा ने ब्रह्मास्त्र का प्रयोग कर पांडवों के वंश को समाप्त करने की कोशिश की, तो भगवान श्रीकृष्ण ने स्वयं अपनी योग शक्ति से गर्भ में बालक की रक्षा की। ब्रह्मास्त्र के प्रभाव से परीक्षित मृत अवस्था में ही पैदा हुए थे, लेकिन भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें पुनर्जीवित किया। उनका नाम परीक्षित इसलिए रखा गया, क्योंकि वे कौरवों के कुल के परिक्षीण यानी नाश होने के बाद उत्पन्न हुए थे। पंडित ने बताया कि राजा परीक्षित को एक ऋषि के श्राप के कारण तक्षक नाग ने डसा था। इसके बाद, उन्होंने गंगा नदी के किनारे शुकदेव से श्रीमद्भागवत कथा सुनी। यही कथा उनके मोक्ष का कारण बनी और आगे चलकर पूरे संसार के लिए कल्याणकारी सिद्ध हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# दो पक्षों में मारपीट की घटना में लापरवाही बरतने वाले दो पुलिसकर्मियों पर गिरी गाज, डीआईजी ने किया लाइन हाजिर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** सिंभावली थाना क्षेत्र के सालारपुर गांव में दो पक्षों के बीच हुई मारपीट की घटना में पुलिस की लापरवाही सामने आने के बाद मेरठ रेंज के डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सख्त कदम उठाए हैं। उन्होंने जांच के बाद लाप. रवाही बरतने वाले दो पुलिसकर्मियों को लाइन हाजिर कर दिया है।

यह घटना 10 सितंबर को सालारपुर गांव में हुई थी, जहाँ दो पक्षों में विवाद हो गया था। इसके अगले दिन, 11 सितंबर को दूसरे पक्ष के दुष्यंत, सोवीर और गांधी ने जितेंद्र नामक व्यक्ति को गंभीर रूप से घायल कर दिया, जिसका इलाज अभी भी अस्पताल में चल रहा है। पीड़ित पक्ष ने 15 सितंबर को डीआईजी कलानिधि नैथानी से मिलकर इस मामले में कार्रवाई की मांग की।

डीआईजी ने तुरंत मामले की जाँच सीओ गढ़मुक्तेश्वर को सौंप दी। जांच में यह पाया गया कि सिंभावली के चौकी प्रभारी राजदीप सिंह और बीट हेड कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह को घटना की जानकारी थी, फिर भी उन्होंने कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की और न ही अपने वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित किया। इसके चलते, स्थानीय लोगों में पुलिस के प्रति असंतोष और असुरक्षा की भावना फैल गई थी। डीआईजी ने इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए दोनों पुलिसकर्मियों को तत्काल लाइन हाजिर करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही, पीड़ित जितेंद्र की शिकायत पर दुष्यंत, सोवीर और गांधी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। डीआईजी कलानिधि नैथानी ने सभी थाना और चौकी प्रभारियों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में इस तरह के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने कहा कि पुलिस को तुरंत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करनी चाहिए, न कि मामलों को सुलह-समझौते में उलझाना चाहिए, ताकि पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके।

# रहरा के तीन युवक देहरादून में नदी में बहे

## बादल फटते ही बढ़ा नदी का जलस्तर, एक का शव बरामद, दो की तलाश जारी






**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा**। रोजी-रोटी की तलाश में देहरादून गए रहरा के तीन मजदूर मंगलवार सुबह एक हादसे का शिक.ार हो गए। देहरादून के थाना गढ़ी कैंट के बाजेवाला गांव में नदी से बजरपुट निकालते समय बादल फटने की वजह से नदी में अचानक आए तेज पानी के बहाव में बह गए। तीनों युवक पुष्पेंद्र (20) पुत्र प्यारेलाल, पीतम (18) पुत्र गंगा वासी तथा पंकज (27) पुत्र बाबूराम के रूप में हुई है, जो सभी अमरोहा के रहरा थाना क्षेत्र के कस्बा रहरा रहने वाले थे। रहरा से लगभग 30 मजदूरों का एक समूह रक्षाबंधन के दो दिन बाद देहरादून पहुंचा था। ये सभी बाज.ेवाला गांव के पास नदी में बजरी निकालने का काम कर रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब 5 बजे, जब पुष्पेंद्र, पीतम और पंकज नदी के गहरे हिस्से में काम कर रहे थे, अचानक बादल फटने के साथ नदी का जलस्तर बढ़ गया। इससे पहले कि वे कुछ समझ पाते, तीनों तेज बहाव में बह गए। साथ काम कर रहे अन्य मजदूरों ने शोर मचाया, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। जैसे ही गांव रहरा में परिवारों को इस दुखद घटना की सूचना मिली, गांव में मातम छा गया। पुष्पेंद्र के परिजन ने बताया, वह रक्षाबंधन के दो दिन बाद काम पर गया था, हमें क्या पता था कि ऐसा हो जाएगा। मृतक पंकज का विवाह 2 माह पूर्व हुआ था। घटना की खबर मिलते ही युवकों के परिवारों में कोहराम मच गया। खबर लिखे जाने तक परिजन देहरादून के लिए रवाना हो गए हैं। देहरादून का स्थानीय प्रशासन और पुलिस लापता मजदूरों की तलाश में जुटा है। मृतक पंकज का शव बरामद हो गया जबकि अन्य की तलाश जारी है।

# किसान की हत्या में दो को उम्रकैद

## कोर्ट ने 15-15 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। युवक की हत्या में कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई। जबकि दोनों पर 15-15 हजार रूपये का जुर्माना भी लगाया है। फिलहाल दोनों जमानत थे।

22 मई 2014 की वारदात हसनपुर सर्किल के गांव आदमपुर की थी। यहां पर किसान हरचरन सिंह का परिवार रहता है। हत्याकांड की रात वह अपने खेत पर सो रहे थे। उसी दौरान गांव निवासी विजेंद्र और उसके रिश्तेदार नन्हुआ ने हरचरन की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी थी। इतना ही नहीं इसके बाद आत्महत्या दर्शाने के लिए शव को पेड़ पर रस्सी का फंदा डालकर लटका दिया था। मामले में मृतक की पत्नी क्रांति देवी ने विजेंद्र और नन्हुआ के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। फिलहाल, विजेंद्र और नन्हुआ जमानत पर थे। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट तृतीय की अदालत में विचाराधीन थी। मंगलवार को अदालत में इस मुकदमे की अंतिम सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलो.कन व साक्ष्य के आधार पर विजेंद्र और नन्हुआ को दोषी करार दिया। दोनों को उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 15-15 हजार रुपये का अर्थदंड लगाया

# युवक की मौत, परिजनों ने पुलिस चौकी घेरी

## मारपीट में घायल युवक की मौत पर फूटा गुस्सा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तीन दिन पूर्व रामलीला में हुई मारपीट में घायल युवक की मेरठ के अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की मांग को लेकर गुस्साई भीड़ ने चौकी घेर की। पुलिसकर्मियों से झड़पों के बीच आधी रात तक हंगामा चलता रहा। मौके पर पहुंचे सीओ ने आरोपियों की जल्दी गिरफ्तारी का वादा कर भीड़ का गुस्सा शांत किया। तब कहीं जाकर परिजन शव का अंतिम संस्कार करने के लिए राजी हुए।

मामला नौगावां सादात थाना क्षेत्र के गांव बीबड़ा कलां से जुड़ा है। यहां रामलीला का मंचन चल रहा है। 12 सितंबर की रात गांव निवासी सोमपाल का 23 वर्षीय बेटा आकाश भी रामलीला देखने आया था। बताया जा रहा है कि इस दौरान वह बाहर खड़े एक ठेले पर पकौड़ी खाने चला गया। वहां खड़े तीन युवकों से किसी बात को लेकर उसकी कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ा कि नौबत मारपीट तक पहुंच गई। तीनों युवकों ने आकाश पर हमला कर घायल कर दिया। इस कद्र बेदर्दी से मारा कि वह अधमरा हो गया वहीं आरोपी युवक मौके से फरार हो गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजन गंभीर घायल आक.ाश को लेकर सरकारी व निजी अस्पताल लेकर पहुंचे लेकिन हालत नाजुक देखते हुए चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन तभी से मेरठ के एक निजी अस्पताल में आकाश का उपचार करा रहे थे जहां सोमवार सुबह उसकी मौत हो गई। शव लेकर नौगावां सादात पहुंचे परिजनों ने पोस्टमार्टम कराने के बाद तीन अज्ञात युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। इसी बीच देर रात घटना को लेकर गुस्साई भीड़ ने जमुना चौकी घेर ली। तुंरत आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, गिरफ्तारी से पहले परिजनों से शव का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। सूचना मिलते ही सीओ अवधभान सिंह भदौरिया पुलिस बल लेकर चौकी पर पहुंच गए। गुस्साई भीड़ को समझाते हुए बमुश्किल बिगड़ती स्थिति को काबू किया। सीओ ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा।

# विज्ञान प्रदर्शनी एवं एलटीएम प्रदर्शनी आयोजित

**शाह टाइम्स ब्यूरो,**

**अमरोहा**। जनपद स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं शिक्षण अधिगम सामग्री प्रदर्शनी का शुभारंभ मंगलवार को कुन्दन मॉडल इण्टर कॉलेज में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. प्रवेश कुमार, वित्त एवं लेखाधिकारी सिद्धार्थ कृष्ण त्रिपाठी ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया। प्रदर्शनी में कुल 105 विद्यालयों के बाल वैज्ञानिक द्वारा कियाशील एवं स्थानीय आवश्यकता के समाधान पर अधारित निर्मित मॉडल को प्रदर्शनी में सजाया गया, जिनका अवलोकन अतिथियों द्वारा बहुत ही तल्लीनता के साथ किया। सीडीओअश्वनी कुमार मिश्र ने कहा

### सीडीओ व डीआईओएस ने बढ़ाया उत्साहवर्धन

कि विज्ञान एवं वैज्ञानिक सोच के बिना कुछ भी सम्भव नहीं है। सकारात्मक विचारधारा के साथ अपना लक्ष्य निर्धारित करें फिर लक्ष्य के अनुसार पूरी शक्ति से लक्ष्य प्राप्ति का प्रयास करें, हमें लक्ष्य प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। इतिहास में जितने भी आविष्कार / खोज हुई हैं वे सब निरंतर असफलता के बाद सफलता से ही प्राप्त हुई हैं। प्रदर्शनी में जूनियर वर्ग एवं सीनियर वर्ग दोनो में प्रथम विजेता को रू0-4000.द्वितीय विज.ेता को रू0-3000.00, तृतीय विजेता को रू0-2000.00 तथा पांच बच्चों को 500 रूपये की राशि के सांत्वना पुरस्कार व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला समन्वयक, समग्र शिक्षा मदनपाल सिंह ने विज्ञान प्रदर्शनी की आख्या प्रस्तुत की। समारोह में डॉ.धर्म सिंह, पवन कुमार त्यागी, स्नेहलता, किरन लता, कुमकुम, देवेन्द्र प्रताप सिंह, राजेन्द्र सिंह, संजीव कुमार, विकास कुमार, संतराम यादव, अशोक कुमार, कोमल रानी, कीर्ति, राघवा खानम साबिया खातून, अदिति, हुसैन मोहम्मद, मुराद अली, आलोक यादव, आलोक पाठक, शाने हैदर, सुरेन्द्र सिंह, हरिओम, अमित कुमार अदि उपस्थित रहे। निर्णायक मंडल में भी विभिन्न स्कूलों के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने अपना दायित्व निभाया।



अमरोहा। विज्ञान प्रदर्शनी में मॉडल का निरीक्षण करते अधिकारी।

# खो-खो में जीजीआईसी की टीम रही विजेता

## संकुल स्तरी प्रतियोगिता का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, ने राम सरन सुशीला आनंद हाई स्कूल के मैदान में आयोजित संकुल स्तरीय खो-खो बालिका वर्ग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की संयोजक ने किया था। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, श्रीमती सुख देवी इंटर कॉलेज और श्रीमती धनवती देवी इंटर कॉलेज लुहारी भूड़ की टीमों ने भाग लिया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य निशांत द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर और टॉस उछाल कर किया गया। सीनियर वर्ग का फाइनल मैच राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्रीमती सुखदेवी इंटर कॉलेज के बीच खेला गया। जिसमें राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की टीम विजयी रही। जूनियर वर्ग में राजकीय बालिका इंटर कॉलेज और श्रीमती धनवती देवी कॉलेज के बीच कांटे की टक्कर हुई, जिसमें श्रीमती धनवती देवी कॉलेज ने जीत हासिल की। सब-जूनियर वर्ग में केवल राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की ही टीम ने हिस्सा लिया और निर्णायक मंडल ने उन्हें विजयी घोषित किया।

## एक नजर

### स्काउट-गाइड को दी प्राथमिक उपचार की जानकारी



**शाह टाइम्स संवाददाता जोया**। सिख इंटर कॉलेज नारंगपुर में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन हुआ। शिविर में छात्रओं को झंडा विधि, गांठें बाँधने की तकनीक, प्राथमिक उपचार, आपदा प्रबंधन, अग्निशमन, नक्शा पढ़ने की विधि, साफ-सफाई एवं पर्यावरण संरक्षण जैसे विभिन्न विषयों का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मास्टर ट्रेनर अमन कुमार और श्री सचिन गन्धर्व ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गतिविधियाँ समूह खेल, देशभक्ति गीत, योगाभ्यास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और सेवा कार्यों से संबंधित गति.विधियाँ भी कराई गईं। प्रधानाचार्य सरदार गुरनाम सिंह ने कहा कि ऐसे शिविर छात्राओं को न केवल अनुशासन व आत्मविश्वास प्रदान करते हैं, बल्कि उनमें समाज और राष्ट्र के प्रति उत्तरदायित्व की भावना भी विकसित करते हैं। जसविंदर सिंह उन्होंने बच्चों को अनुशासन और सेवा के बारे में बताया और कहा कि स्काउट गाइड प्रशिक्षण से छात्राओं में आत्मनिर्भरता, साहस, टीम की भावना, और नेतृत्व गुण का विकास होता है। सरदार खजान सिंह उन्होंने कहा कि स्काउट में मुख्य चीज अनुशासन है और सेवा की भावना और अनुशासन बच्चों को जीवन जीने की कला भी सिखाती है।



अमरोहा। युवक की मौत पर मृतक के घर जमा भीड़ व पुलिस।

# गुस्साए परिजनों ने अस्पताल में की तोड़फोड़

## प्रसव पीढ़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। प्रसव पीड़ा के दौरान महिला की हालत बिगड़ गई। स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल की ओटी को सील कर दिया है।

नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला को प्रसव पीड़ा के दौरान एक हेल्थ केयर सेंटर पर भर्ती कराया गया। मंगलवार को एक ऐसा मामला प्रकाश में आया है जहां नगर के एक मोहल्ला निवासी महिला को सोमवार को प्रसव पीड़ा हुई तो परिजनों द्वारा नगर के एक हेल्थ केयर सेंटर में भर्ती कर दिया था। आरोप है जहां पर अनट्रेंड चिकित्सक द्वारा महिला की नॉर्मल डिलीवरी की गई। जिसके बाद गुप्तांग से ब्लड रिसाव होने से महिला की हालत बिगड़ती चली गई थी। वहीं गुस्साये परिजनों ने जमकर हंगामा एवं तोड़फोड़ कर दी थी। जिसके बाद प्रसूता को नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां से हालत गंभीर देखते हुए चिकित्सकों ने महिला को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। वहीं स्वास्थ्य विभाग को मामले की शिकायत मिलने पर विभाग द्वारा ओटी सील कर दी। उधर हेल्थ केयर सेंटर की महिला चिकित्सक ने सेंटर में तोड़फोड़ आदि करने के मामले में कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर धुर्वेन्द्र सिंह ने बताया कि नगर के मोहल्ला कनेटा रोड स्थित चौराहे पर निजाम हेल्थ केयर सेंटर की शिकायत प्राप्त होने के बाद निजाम हेल्थ केयर सेंटर की ओटी सील कर दी गई है। और मामले में अग्रिम विधि कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### उझारी में स्वच्छता की शपथ दिलाई



**शाह टाइम्स संवाददाता उझारी**। नगर पंचायत कार्यालय में स्वच्छता की सेवा अभियान के अन्तर्गत शपथ ग्रहण किया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान प्रत्येक वर्ष 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जाता है। सम्पूर्ण नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जाता है तथा स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरूक किया जाता है। शपथ ग्रहण समारोह में अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह, लिपिक नवीन कुमार, केडी शर्मा, मोहम्मद यामीन, मोहम्मद जुहैब, वचन सिंह, जाकिर अहमद व सभासद आदि मौजूद रहे।

# घर में कूमल लगाकर लाखों का माल चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैदनगली**। बीती रात सैदनगली कस्बे में चोरी की दो बड़ी घटनाओं ने हड़कंप मचा दिया। कस्बे के बाहरी छोर पर रहने वाले एक किसान के घर से लाखों की नकदी और जेवर चोरी हो गये। जबकि कुछ ही दूरी पर स्थित दो खेतों की कोठरियों के ताले तोड़कर भी चोरी का प्रयास किया गया।

नगर पंचायत सैदनगली के मोहल्ला सैनी वाला निवासी भरत सैनी पुत्र ऊदल सैनी के घर में मंगलवार देर रात चोरों ने सेंधमारी की। परिवार के सभी सदस्य गर्मी के कारण बरामदे में सो रहे थे और तूफान पंखा चल रहा था। इसी का फायदा उठाकर अज्ञात चोरों ने मकान के पीछे की दीवार में कूमल लगाकर घर में प्रवेश किया। चोरों द्वारा घर से 90 हजार रुपये नकद, एक चांदी की चेन और कुछ सोने के गहने चुरा ले गये। सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो घर का सारा सामान बिखरा हुआ देखकर उनके होश उड़ गये। उन्होंने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घ्सूचना मिलते ही कस्बा इंचार्ज अरुण कुमार मौके पर पहुंचे और घटना की जांच-पड़ताल शुरू की। उन्होंने बताया कि चोरों का पता लगाने के लिए टीम गठित कर दी गई है। भरत सैनी के घर से कुछ ही दूरी पर स्थित नितिन वर्मा पुत्र महानंद वर्मा और रामवीर सैनी पुत्र शिवलाल सैनी के खेतों पर बनी कोठरियों को भी चोरों ने निशाना बनाया। चोरों ने दोनों कोठरियों के ताले तोड़ दिये। हालांकि, चोरी का माल अधिक नहीं था। रामवीर सैनी की कोठरी से चोरी हुआ एक छोटा जनरेटर पास के खेत में लावा.रिस हालत में पड़ा मिला। पुलिस ने दोनों घटनाओं की रिपोर्ट दर्ज कर ली है और जांच में जुटी है। इस घटना के बाद इलाके के किसानों और निवासियों में डर का माहौल है। उन्होंने पुलिस से रात में गश्त बढ़ाने की मांग की है।

### अधिवक्ताओं ने राज्यमंत्री रवीन्द्र जायसवाल को सौंपा ज्ञापन

# तहसील परिसर में ही बने रजिस्ट्री कार्यालय



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। सदर तहसील बार एसोसिएशन पदाधिकारियों ने मंगलवार को भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अखिल जैन के नेतृत्व में रवीन्द्र जायसवाल राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) स्टाम्प व न्यायालय शुल्क तथा पंजीयन विभाग, से लखनऊ में मुलाकात की तथा ज्ञापन सौंपकर नए तहसील भवन में उपनिबंधक, एसडीएम व विनियमित क्षेत्र कार्यालय के अलावा चैंबर्स और बार रूम का निर्माण कराने की मांग की। बार अध्यक्ष सुरेन्द्र सिंह ने मंत्री रवीन्द्र जायसवाल को बताया कि वर्तमान अमरोहा तहसील परिसर में उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम व तहसीलदार कार्यालय एक ही स्थान पर है। जबकि गुलड़िया में निर्माणाधीन तहसील भवन में यह कार्यालय प्रस्तावित नहीं हैं। इन कार्यालयों का निर्माण अलग-अलग स्थानों पर प्रस्तावित है। जिनकी आपस में दूरी लगभग 8 से 10 किलोमीटर की परिधि क्षेत्र में है। इससे जनता को अत्यधिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ेग ।। बार एसोसिएशन की मांग है कि नए तहसील भवन में ही उपनिबंधक कार्यालय, विनियमित क्षेत्र कार्यालय, एसडीएम क ार्यालय बनाया जाए। इसके अलावा अधिवक्ताओं के लिए स्थाई चौंबर्स एवं बार भवन का निर्माण कार्य शीघ्र कराया जाए। मंत्री ने पदाधिकारियों को उचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। इस दौरान पुष्कर लाल गुप्ता, जयविन्दर सिंह खरे, राजकुमार सिंह, संजीव कुमार गुर्जर, मनजीत सिंह व भाजपा नेता सुगंध शर्मा उपस्थित रहे।

### बछरायूं में कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई



**शाह टाइम्स ब्यूरो बछरायूं**। स्वच्छता ही सेवा अभियान के अन्तर्गत नगर पालिका द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये गये। कार्यालय परिसर में अधिशासी अधिकारी दीपालिका यादव ने कर्मचारियों, आमजन व एसबीपीएस के सदस्यों को स्वच्छता की शपथ दिलायी। इस दौरान लोगों को स्वच्छता के महत्व के प्रति जागरूक किया गया तथा नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखने का संकल्प लिया गया। एएनडीपी इंटर कालेज व जूनियर हाईस्कूल पटियापुरा में विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ दिलायी गयी। ईओ दीपालिका ने कहा कि स्रोत पर कचरे का पृथक्ककरण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक परिवार को गीले व सूखे कचरे को अलग अलग करना चाहिए। 17 सितम्बर से दो अम्टूबर तक सेवा पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# तान्त्रिक पर बलात्कार का प्रयास, पीड़िता ने थाने की शिकायत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र के गांव एक सनसनीखेज मामला सामने आया है।पीड़ित माहिला ने थाने में शिकायत कर तान्त्रिक बाबा बब्लू के खिलाफ गंभीर आरोप लगाया है।

पीड़ित ने बताया कि उनकी सास की तबियत खराब चल रही थी। उपचार के लिए को वह अपनी सास व देवर के साथ बब्लू के पास गई थी। दिन भर इलाज कराने के बाद रात लगभग 8 बजे बब्लू तान्त्रिक ने मुझे अकेले बुलाकर अंधेरी कोठरी में ले जाकर गंदी बाते करना शुरू कर दिया और उसके शरीर पर बुरी नियत से हाथ फेरने लगा।

पीड़िता ने बताया कि बाबा ने जबरदस्ती बलात्कार का प्रयास किया और कहा कि तुम्हें मेरी हर बात माननी पड़ेगी तभी तेरी सास ठीक हो जाएगी।

पीड़ित महिला ने बड़ी मुश्किल से वहां से बाहर निकलकर परिवार के लोगो को घटना की जानकारी दी। पीड़िता परिजनों के साथ थाने में लिखित तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।यह मामला चर्चा का विषय बना हुआ है।

तांत्रिक पहले भी दिल्ली से इसी आरोप में जेल जा चूका है। थाना प्रभारी ने बताया की जांच की जा रही है दोषी पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# प्यूमा के ए आर ने नगर के कारखाने से नकली स्टीकर लगी जैकेट पकड़ी

■ **शिकायत पर पुलिस ने कारखाना संचालक पर दर्ज किया मुकदमा**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** प्यूमा कम्पनी के ए आर ने टीम के साथ नगर में छापा मारकर कम्पनी के स्टीकर लगे नकली कपड़े पकड़े हैं। जांच में कपड़ों पर स्टीकर नकली लगा होना पाया गया। इस मामले में तहरीर के आधार पर पुलिस ने कारखाना संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर बरामद माल को अपने कब्जे में ले लिया है।

मकान नं. 78/2 हंस एन्कलेव ग्राम नहारपुर रुपा थाना सदर गुड़गाव (हरियाणा) निवासी नरेश कुमार पुत्र फूलचन्द का कहना है कि वह प्यूमा कम्पनी में ए आर के पद पर कार्यरत है। उनका कहना है कि कम्पनी को सूचना मिली कि बहेड़ी कस्बा में इजराइल अहमद पुत्र इस्माइल अहमद निवासी मोहल्ला शेरनगर में दिल्ली हौजरी के नाम से दुकान है, जहां प्यूमा कम्पनी के नकली कपड़े बनाकर बेचे जा रहे हैं।

इस पर वह बीते सोमवार को टीम के जुनैद निवासी जयंतीपुर गुलर वाली मस्जिद के पास करुला मुरादाबाद, मो. अमान पुत्र रिजवान खान निवासी जयंतीपुर रोड मीना नगर गली नं. 03 मुरादाबाद, फैजान निवासी जयंतीपुर रोड करूला मुरादाबाद, मो. सलमान पुत्र चमन सिध्दीकी निवासी मण्डी समिती रोड जयंतीपुर करूला मुरादाबाद, एडवोकेट रुशील पाठक निवासी रेल विहार सेक्टर 33 नोएडा के साथ देल्ही होजरी पर पहुंच गए। छापेमारी के दौरान टीम ने यहां से 480 जैकेट और 1 हाफ पैन्ट जिनपर प्यूमा कम्पनी के स्टीकर लगे हुए थे की जांच की तो स्टीकर नकली पाये गए।

इसके बाद टीम बरामद माल को थाने ले आई, और मामले की सूचना पुलिस को दी। इस मामले में पुलिस ने प्यूमा कम्पनी के ए आर की तहरीर पर दुकान मालिक इजराइल अहमद के खिलाफ धारा 63 व 65 कॉपी राइट एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। इससे पूर्व नगर में एडिडास के नकली स्टीकर लगे कपड़े भी पकड़ चुकी है।

## एक नजर

# थाना क्षेत्र के शख नदी से अज्ञात महिला का मिला शव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** थाना क्षेत्र की शंखा नदी में मंगलवार दोपहर मे एक अज्ञात महिला का शव मिलने से सनसनी फैल गई। जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस ने लोगों से शव की पहचान कराने का प्रयास किया। लेकिन अब तक किसी ने भी पहचान नहीं की।

थाना प्रभारी निरीक्षक अभिषेक कुमार ने बताया कि शव की स्थिति देखकर यह अंदेशा लगाया जा रहा है कि यह चार-पांच दिन पुराना है। संभवतः यह शव किसी अन्य स्थान से बहकर यहाँ आया है। फिलहाल मृतक महिला की उम्र लगभग 55 बर्ष की होगी पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए सोशल मीडिया के माध्यम से भी जानकारी एकत्रित की जा रही है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जांच-पड़ताल जारी है ताकि जल्द से जल्द महिला की पहचान कर परिजनों से संपर्क किया जा सके।

# साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने को हुई सभा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेंथल।** नगर के आजाद इंटर कॉलेज में विशेष सफाई व्यवस्था को एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत अध्यक्ष कंवर एजाज शानू ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए कहा कि हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह अपने शहर को स्वच्छ रखने में योगदान दें। उन्होंने ने कहा कि जो लोग सफाई पर ध्यान देते हैं वह स्वस्थ और निरोगी रहते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे कर्मचारी सेवा भाव से जूझते रहते है, लेकिन नागरिकों की भी जिम्मेदारी बनती है कि वह शहर में गंदगी न फैलाएं, और अपने शहर साफ सुथरा और हरा भरा रखने में निरंतर सहयोग करते रहें। सभा में अनेक शहरियों ने भाग लेकर संकल्प लिया कि वह अपने कस्बे को साफ सुथरा रखने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। अंत में अध्यक्ष श्री शानू ने आगंतुकों का आभार जताया। स्वच्छता ही सेवा है के उन्वान से शुरू हुई इस सभा को सफाई के उद्देश्य से बेहतरीन बताया गया।




# डीएम ने की राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा

■ **राशन की दुकानों की समय-समय पर जांच करने के दिए गए निर्देश**



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को राजस्व विभाग की सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक कैम्प कार्यालय में सम्पन्न हुई।

बैठक में सभी सम्बंधित अधिकारियों को सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में और सुधार करने के निर्देश दिए गए। सीएम डैशबोर्ड पर जिन विभागों की रैंकिंग अच्छी है उन्हें भी लगातार मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए गए, जिससे रैंक गिरने न पाए। बैठक में अवगत कराया गया कि स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन में लक्ष्य के सापेक्ष 80 प्रतिशत वसूली हुई है।

बैठक में आबकारी विभाग, जीएसटी विभाग, मण्डी, बाट-माप, वानिकी, ट्रांसपोर्ट, खनन विभाग, नगर निगम, नहर विभाग, कृषि विभाग, लोक निर्माण विभाग, आरसी वसूली आदि विभागों की समीक्षा की गयी, और लक्ष्य के सापेक्ष वसूली करने के निर्देश दिए गए। बैठक में एमओयू के बारे में जानकारी ली गयी, जिसपर उपायुक्त उद्योग द्वारा अवगत कराया गया कि 35 इकाइयां ऐसी हैं जो प्रोडक्शन में नहीं आ पायी हैं, यह धीरे-धीरे करके आगे के महीनों में आ पाएगी तथा लेकिन हमारे यहां 223 जीबीसी रेडी है।

बैठक में उप जिलाधिकारियों को राशन की दुकानों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश दिए गए, साथ ही बताया गया कि जिन लोगों की ई-केवाईसी नहीं हुई है, उन राशन कार्ड धारकों को राशन नहीं मिलेगा। बैठक में निर्देश दिये गए कि जो भी अनरजिस्टर्ड किराएनामे हैं, उन्हें स्टाप एवं रजिस्ट्रेशन विभाग से रजिस्टर्ड कराया जाए, इसमें भी राजस्व की प्राप्ति होगी।

बैठक में 05 साल से अधिक समय सीमा से लंबित केसों व 03 से 05 साल से अधिक समय सीमा से लम्बित वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए गए, तथा कोर्ट वाले प्रकरणों में ससमय आवश्यक कार्यवाही करने के भी निर्देश दिए गए।

बैठक निर्देश दिए गए कि धारा-24, धारा-34, धारा-80 एवं धारा-116, धारा 67 आदि की भी समीक्षा की गयी। बैठक में अपर जिलाधिकारी प्रशासन पूर्णिमा सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक, समस्त उपजिलाधिकारी सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# हिमांशु की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फतेहगंज पश्चिमी।** विद्युत विभाग में संविदा कर्मचारी हिमांशु मिश्रा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। बताया गया कि हिमांशु सोमवार शाम 4 बजे बरेली में एक मीटिंग में गया था। कुछ देर बाद उसने फोन कर मीटिंग कैंसिल होने की सूचना दी। इसके बाद वह चाचा रामनिवास के घर किला पर गया जहां थोड़ी देर रुकने के बाद घर जाने की बात कहकर निकला। लेकिन देर शाम तक घर नहीं पहुंचा।


रात 9 बजे पत्नी वंदना से बात की थी कि मैं आधे घंटे में घर पहुंच रहा हूं लेकिन हिमांशु घर नहीं आया। पत्नी ने सोंचा की हैडिल पर चले गये होंगे।अगले दिन सुबह वंदना ने दोबारा फोन किया लेकिन कॉल रिसीव नहीं हुआ। परिजनों ने उसके गुमशुदा होने की तहरीर थाने में देने को पहुंचे। इसी बीच रहपुरा अंडरपास के पास स्कूल जा रहे बच्चों ने एक बाइक पड़ी देख थाने पहुंचा दी। परिजन जब थाने पहुंचे तो बाइक हिमांशु की निकली। इसके बाद पुलिस ने वहां खोजबीन की तो बाइक से लगभग 500 मीटर दूर साइड रोड के नीचे झाड़ियों में हिमांशु का शव पड़ा मिला।

मृतक के सिर और कान में चोट के निशान थे उसकी पेंट में लगी बेल्ट कुछ दूर पड़ी थी और पेंट की चेंन खुली हुई थी। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर मामले की जांच प्रारंभ की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों ने हत्या का शक जताते हुए कहा कि किसी ने हिमांशु की हत्या कर शव झाड़ियों में फेंका है।

एसपी ग्रामीण मुकेश चंद्र मिश्रा ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को भी सूचित कर दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मृतक की पत्नी वंदना, पिता रामनिवास मिश्रा और अन्य परिजनो का रोरो कर बुरा हाल है।

# संकुल गोष्ठी में शिक्षा के महत्व पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**देवरनियां।** शिक्षा में गुणात्मक सुधार और उसमें बच्चों की रुचि पैदा करने को लेकर मंगलवार को ब्लॉक रिछा (दमखोदा) की न्याय पंचायत कनमन के परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों की संकुल गोष्ठी का आयोजन उच प्राथमिक विद्यालय दोपहरिया में किया गया।

संकुल लीडर प्रमोद गंगवार के नेतृत्व में हुई गोष्ठी में सभी शिक्षकों ने शिक्षण पर अपने-अपने बिचार व्यक्त किए।

संकुल लीडर प्रमोद गंगवार ने कहा कि अलग-अलग विद्यालयों में होनी वाली इस गोष्ठी का मकसद वहां के वातावरण को समझना और शिक्षण सुधार करना है। इस मौके पर दोपहरिया उच्च प्राथमिक विद्यालय की साज-सज्जा और इंचार्ज प्रधानाध्यापिका भावना कटियार द्वारा की गई व्यवस्था को सराहा गया। इस मौके पर संकुल लीडर प्रमोद गंगवार, पूर्व एबीआरसी सदाकत हुसैन इदरीसी, भावना कटियार, मोबिन मलिक, सुषमा, सुनीता, शशिकला देवी, विनय, मनोज आदि प्रमुख मौजूद रहे।

# कानपुर में आई लव मुहम्मद पर एफआईआर

■ **दरगाह आला हजरत ने किया कड़ा विरोध**
■ **फरमान मिया ने संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन बताया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** कानपुर में हाल ही में आई लव मुहम्मद लिखे बोर्ड लगाने पर 25 मुस्लिम युवकों के खिलाफ दर्ज की गई एफआईआर को लेकर बरेली स्थित दरगाह आला हजरत से बड़ा बयान सामने आया है। दरगाह आला हजरत के प्रमुख संगठन जमात रजा-ए-मुस्तफा के राष्ट्रीय महासचिव फरमान हसन खघन (फरमान मियां) ने इस कार्रवाई को दुर्भाग्यपूर्ण बताते हुए भारतीय संविधान के मूल अधिकारों का खुला उल्लंघन करार दिया।

फरमान मियां ने कहा कि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी स्थिति में अपराध नहीं है, यह केवल व्यक्तिगत आस्था और सम्मान की अभिव्यक्ति है। उन्होंने कहा कि भारतीय संविधान के अनुच्छेद 19(1)(ं) के तहत हर नागरिक को अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता प्राप्त है।

पैगम्बर हजरत मुहम्मद सल्ललल्लाहो अलैहि वसल्लम से प्रेम जताना इसी अधिकार का हिस्सा है, जिसे किसी भी कानून से रोका नहीं जा सकता। उन्होंने आगे कहा कि अनुच्छेद 25 हर व्यक्ति को अपने धर्म का पालन और प्रचार करने की स्वतंत्रता देता है, वहीं अनुच्छेद 21 नागरिक को जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार देता है। ऐसे में धार्मिक प्रेम और आस्था की अभिव्यक्ति पर कार्रवाई करना असंवैधानिक है।

दरगाह आला हजरत की ओर से जारी बयान में कहा गया कि सुप्रीम कोर्ट बार-बार यह स्पष्ट कर चुका है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता लोकतंत्र की आत्मा है। मेनका गांधी बनाम यूनियन ऑफ इंडिया (1978) मामले का हवाला देते हुए कहा गया कि इस तरह की कार्रवाई नागरिकों की आजादी को दबाने के समान है।

जमात रजा-ए-मुस्तफा ने प्रशासन से मांग की कि निर्दोष युवकों पर दर्ज मुकदमे तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएं।

संगठन ने कहा कि भारतीय न्याय संहिता की धाराएं तभी लागू होती हैं, जब जानबूझकर किसी धर्म का अपमान किया गया हो, जबकि आई लव मुहम्मद लिखना किसी भी धर्म का अपमान नहीं है, बल्कि यह एक सकारात्मक और प्रेमपूर्ण संदेश है।

दरगाह आला हजरत ने प्रशासन से अपील की कि देश में धार्मिक स्वतंत्रता और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की गारंटी सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी समुदाय के लोगों को अपने धार्मिक प्रेम और आस्था को प्रकट करने से रोका न जा सके, भारत का संविधान सभी नागरिकों को बराबरी का अधिकार देता है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि दरगाह आला हजरत हमेशा संविधान और न्याय की रक्षा के लिए आवाज उठाता रहेगा।

# मारपीट की अलग-अलग घटनाओं में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** अलग-अलग गांवों में मारपीट की घटनाओ में दो लोग घायल हो गए।शिकायत पर पुलिस ने तीन नामजद व दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

पहली घटना में घायल यशपाल पुत्र धर्मदास निवासी बसई थाना शाही ने पुलिस को वताया कि वह ग्राम सहोड़ा में किराए की दुकान में खाने का होटल चलाता है।14 नवम्बर की शाम लगभग 8.40 बजे अभिदेश,मनोज व दो अज्ञात लोग दुकान पर आए और शराब पीने को गिलास मांगने लगे मना करने पर लात घूंसो से जमकर पीटा और दुकान के बर्तन तोड़ दिए। दूसरी घटना में ग्राम जाफरपुर निवास. ।शकील अहमद ने वताया कि गाँव में उनकी विधवा भाभी मकान बनवा रही हैं। उनके नवनिर्मित मकान की दीवार को गांव के ही इकरार हुसैन ने गिराने का प्रयास किया।मैंने विरोध किया तो उपरोक्त इकरार हुसैन ने घर में घुसकर मुझे वेरहमी से पीटा।

# दूसरी युवती से शादी करने पहुंचा रंगीन मिजाज मौलाना का शांति भंग में चालान



■ **युवती से शादी करने पिता और बहनोई को साथ लेकर पहुंचा था नवाबगंज**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** पत्नी के रहते हुए दूसरी युवती से निकाह करने को कस्बे में आया मौलाना और उसके परिजनों को पुलिस रविवार की रात पकड़कर थाने ले आयी। मंगलवार को पुलिस ने मौलाना, उसके पिता और बहनोई का शांति भंग में चालान कर दिया। जिसके बाद लोग तरह-तरह की चर्चाएं कर रहे हैं।

शाही थाना क्षेत्र के ग्राम चकदाह भगवतीपुर निवासी मौलाना हैदर हुसैन का निकाह दो फरावरी वर्ष 2025 को गांव में ही रहने वाली नर्गिस के साथ हुआ था। लेकिन मौलाना और उसके परिवार वाले इस रिश्ते से खुश नहीं थे। इसी बीच मौलाना का कस्बे में रहने वाली एक युवती से प्रेम प्रसंग हो गया था। रविवार को वह अपने पिता बुंदन बक्श, बहनोई रफीक अहमद समेत दर्जन भर रिश्तेदारों को साथ लेकर युवती से निकाह करने के लिए कस्बे में आया था। जिसकी भनक उसकी पत्नी को लगी तो वह वहां पहुंचकर इसका विरोध करने लगी। जिससे गुस्साए मौलाना उसके पिता और बहनोई ने उससे मारपीट कर डाली। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी को पकड़कर थाने ले आयी, पुलिस ने मौलाना की पत्नी नर्गिस की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज करते हुए मंगलवार को आरोपी मौलाना, उसके पिता और बहनोई का शांति भंग में चालान कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जमानत मिल गई।

# प्लॉट के लिए गर्भवती को मारपीट कर घर से निकाला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** एक महिला ने ससुराल वालों पर 400 वर्ग गज के प्लॉट के लिये मारपीट कर तरह-तरह से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। महिला का कहना है कि इस समय वह सात महीने के गर्भ से है। गर्भावस्था के दौरान ही माह अप्रैल 2025 में ससुराल वालों ने उसके साथ मारपीट कर उसे घर से निकाल दिया। जिसके बाद से वह अपनी ससुराल में रह रही है।

एक विवाहिता का कहना है कि उसकी शादी मोहल्ला शेर मोहम्मद छोटी मार्केट धोबी गली पीलीभीत के साथ 22.04.2024 को हुई थी। शादी के कुछ समय बाद उसकी सास, ननद, जेठ, जेठानी, देवर प्लॉट की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करने लगे।

वह लोग उससे मांग करने लगे कि उन्हें पीलीभीत में एक 400 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट अपने घर वालों से खरीदवाकर दे। अगर ऐसा नहीं किया तो हम तुझे घर में नहीं रखेंगे। उसकी सास ने यह भी कहा कि मेरी तीन अन्य बहुएं अपने मायके से अच्छा दहेज लेकर आयी हैं तो तुझे हम इतने सस्ते में कैसे रख लेंगे। इसपर जब उसके पापा ने ससुराल वालों को समझाने का प्रयास किया तो सब ने उसके पापा को भद्दी-भघ्दी गालियां देकर मारा-पीटा। मांग पूरी न होने पर उसका हाथ बिजली के बोर्ड में डालने की कोशिश की। जब वह गर्भवती हुई तो उक्त लोगों ने उसे इसी अवस्था में मारपीट कर घर से निकाल दिया, और कहा कि बिना उनकी मांग पूरी किये घर में मत घुसना। महिला ने मामले की शिकायत करते हुए कार्यवाही की मांग की है।

# चहेते ठेकेदार का भुगतान किए जाने से नाराज प्रधानों ने वीडीओ सहित कर्मियों को बंधक बनाकर की जमकर नारेबाजी

■ **ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि और पुलिस ने कराया आजाद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय नवाबगंज में जमकर हंगामा हुआ, वीडीओ और ब्लॉक कर्मियों की कार्यशैली से नाराज दर्जनों ग्राम प्रधानों ने खण्ड विकास कार्यालय में कर्मियों का उनके कार्यालय में बंधक बनाकर कार्यालय में ताला जड़ डाला, साथ है उनके खिलाफ जमकर नारेवाजी कर सांसद व विधायक से उनका तबादला कराए जाने की मांग की।

मंगलवार को विकास क्षेत्र के दर्जनों प्रधानों ने खण्ड विकास अधिकारी और ब्लॉक कर्मियों पर अपने चहेते ठेकेदारों का भुगतान किए जाने के साथ ही अन्य ठेकेदारों के भुगतान में कोई रुचि न लिए जाने का आरोप लगाते हुए उन्हें उनके ही कार्यालय में बंधक बनाकर कार्यालय में ताला जड़ दिया, साथ ही उनके खिलाफ जमकर नारेवाजी भी की। ग्राम प्रधानों द्वारा की गई इस कार्यवाही की सूचना पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंग. वार के साथ ही पुलिस कर्मी भी ब्लॉक पहुंच गए, और नारेवाजी कर रहे प्रधानों को समझा-बुझाकर शान्त कराया, और फिर खण्ड विकास अधिकारी के कार्यालय का ताला खुलवाकर उन्हें आजाद कराया।

उसके बाद ग्राम प्रधानों रेखा देवी, कुंवर देवी, सुरजा देवी, सोनी गंगवार, हीराकली, विमलेश, गोमती देवी, यशवन्त सिंह, कंधई लाल, राजपाल, भूपेंद्र कुमार आदि ने सांसद और विधायक को अपना शिकायती पत्र देकर खण्ड विकास अधिकारी का तत्काल ही तबादला कराए जाने की मांग की।

## दो करोड़ के पारित हुए प्रस्ताव

ब्लॉक सभागार में हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक में दो करोड़ से अधिक के प्रस्ताव पारित किए गए। ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई क्षेत्र पंचायत की इस बैठक में ग्रामों के विकास को लेकर ग्राम प्रधानों और बीडीसी सदस्यों ने प्रस्ताव पेश किए, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में पहुंचे सांसद छत्रपाल गंगवार, विधायक डॉक्टर एमपी आर्य का ब्लॉक प्रमुख प्रज्ञा गंगवार और ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने बुके देकर स्वागत किया। बैठक में ग्राम प्रधानों ने पशु चिकित्सा अधिकारी द्वारा अस्पताल में न बैठने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही की मांग की।



इसके साथ ही ग्रामीणों ने जल शक्ति मिशन के तहत ग्रामों में बनी टंकियों को लेकर ग्रामों में की रोडों की खुदाई पर अभी तक मार्गों का निर्माण न कराए जाने पर नाराजगी जताते हुए कार्यवाही की मांग की। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों ने गन्ना किसानों के करोड़ों रुपये का गन्ना चीनी मिलों द्वारा भुगतान न किए जाने पर अपनी नाराजगी जताई। बैठक में चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर अमित गंगवार, जिला पंचायत सदस्य छेदा लाल दिवाकर, हाजी मुन्ने अंसारी, नीतेश उपाध्याय, लाल बहादुर गंगवार, प्रेमशंकर गंगवार उर्फ लला, द्वारिका प्रसाद आदि ने भाग लिया।

# स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत बहेड़ी नगर पालिका में बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** नगर पालिका परिषद के सभागार में नगर पालिका की अध्यक्ष की अध्यक्षता में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 के क्रम में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण, कूड़ा प्रथक्कीकरण और साफ-सफाई के संबंध में विस्तार से चर्चा की गई।



बैठक में अधिशासी अधिकारी और सफाई एवं खाद निरीक्षक द्वारा स्वच्छता संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के दौरान शहर को साफ और स्वच्छ बनाने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

बैठक में पालिका में तैनात राजस्व निरीक्षक कासिम, सभासद सलीम चंदा, सभासद पति मोहम्मद हसन जाफरी, सभासद रमेश सिंह, सभासद लाल सिंह, सभासद ओम प्रकाश, सभासद जाकिर तालपुरा, सभासद जाकिर मेडिकल, सभासद तरुण कालरा, सभासद परमेंद्र गंग. वार, सभासद पुत्र तस्कील मियां, सभासद पति हरपाल सिंह और सभासद पति नसीम अहमद उपस्थित रहे।

स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का उद्देश्य शहर को साफ और स्वच्छ बनाना है। इस पखवाड़े के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा, जिनमें स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण और जन जागरूकता कार्यक्रम शामिल हैं। यह पखवाड़ा 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक चलेगा।

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

# बाबा साहब का आपत्तिजनक वीडियो पोस्ट करने वाले युवक पर मुकदमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** सोशल मीडिया पर डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की वीडियो लगाकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर पोस्ट वायरल करने के मामले में पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

जानकारी के मुताबिक सोशल मीडिया प्लेटफार्म इंस्टाग्राम पर अजीत कश्यप नाम के युवक ने अपनी आईडी रंममज.ौलंच143 पर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की आपत्तिजनक वीडियो लगाकर पोस्ट किया है। उपनिरीक्षक अवधेश कुमार को गश्त व भ्रमण के दौरान यह तथ्य प्रकाश में आया कि यह पोस्ट लगाने वाले का नाम अजीत पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम रूपपुर थाना बहेड़ी जिला बरेली है। इस सम्बन्ध में पुलिस ने आरोपी युवक अजीत पुत्र विजयपाल निवासी ग्राम रूपपुर थाना बहेड़ी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# डूडा में फैले भ्रष्टाचार की डीएम से शिकायत

## पक्के मकानों के लाभार्थियों से सांठ गांठ कर सरकारी धन के बंदरबांट का आरोप

**पीलीभीत।** सरकार ने गरीबों को प्रधानमंत्री आवास व मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के घर बनाने की योजना चलाई जिससे हर गरीब के पक्के घर का सपना पूरा हो सके मगर भ्रष्टाचार के दीमक ने इस योजना को लूट की योजन बना दिया, पहले भी कई बार प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास दिलाने के नाम पर लाभार्थियों से 25–25 हजार रुपए वसूली की खबरें सामने आई है अब जनपद में पक्के मकान धारकों द्वारा डूडा अधिकारियों व कर्मचारियों से सांठगांठ कर आवास के पैसों के बंदरबांट का मामला सामने आया है न्यूरिया निवासी लईक अहमद पुत्र स्व मिश्ताउल गनी निवासी–मो० खब्बापुर कस्बा ने जिलाधिकारी को दिए अपने प्रार्थना पत्र में कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में लाभार्थी नूर बानो पत्नी मुस्तफा निवासी मो० खब्बापुर कस्बा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत, जिसका ठम्छ प्क – 09800875626330074 है के द्वारा मकान में एक प्रतिशत भी निमार्ण नही कराया है बिना किसी प्रकार का निमार्ण कराये ढाई लाख रूपये सरकारी धन का कूटकरण कर फर्जी दस्तावेज तैयार कर जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) पीलीभीत के अधिकारी व कर्मचारियो से साठ गांठ कर गंबन किया गया है। प्रार्थी व उसका परिवार मो० खब्बापुर कस्बा व थाना न्यूरिया जिला पीलीभीत में संयुक्त रूप से रहते है प्रार्थी के परिवार में उसकी माँ, बहन, बड़ा भाई, छोटा भाई, और लाभार्थी नूर बानो पत्नी मुस्तफा जोकि प्रार्थी के बड़े भाई मुस्तफा की पत्नी है संयुक्त रूप से रहते चले आ रहें है और आज भी रह रहे है। प्रार्थी व उसके परिवार के संज्ञान मे आया है कि नूर बानो पत्नी मुस्तफा के द्वारा फर्जी रूप से कूटकरण कर जिला नगरीय विकास अभिकरण कार्यालय (डूडा) पीलीभीत से सांठ गांठ कर प्रधानमंत्री आवास योजनार्न्तगत आवास हेतु अपने स्टेट बैंक खाता स. 34497544758 ब्रांच न्यूरिया में दिनांक 17/03/2020 में 50000 रुपये बैंक ऑफ बढ़ौदा न्योडा ब्रांच खाता स० 52998100010103 में दिनांक 21/05/2022 में 150000 रूपये एंव दिनांक 13/07/2023 में 50000 रूपये प्राप्त कर कुल 250000 रूपये प्राप्त किये है। जोकि अवैधानिक नियम विरूद्ध है, प्रार्थी द्वारा अपने बड़े भाई मुस्तफा से उसके व सामाज के कुछ सभ्रांत लोगो के कहने अनुसार मकान में उसका अंश खरीदे हेतु आपस में पारिवारिक लोगो के मध्य समझौता किया गया था जिसमें प्रार्थी द्वारा मुस्तफा को 200000 रूपये नकद बतौर बयाना एंव दिया 7 लाख का एक चैक मुस्तफा को अदा किया गया था, प्रार्थी व उसके परिवार के संज्ञान में कुछ समय बाद यह तथ्य आया है कि मुस्तफा ने अपनी पत्नी नूर बानो के नाम से डूडा कार्यालय पीलीभीत से प्रधानमंत्री आवास

## शिक्षिका से छेड़छाड़ और अश्लील कमेंट करने पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पूरनपुर।** मां की शिकायत पर शिक्षिका बेटी को आये दिन छेड़ने के आरोपी पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विधवा महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया बड़ी बेटी प्राइवेट स्कूल में पढ़ाती है। जिसको गांव का रहने वाला एक युवक आए दिन रास्ते में रोककर छेड़छाड़ कर अभद्र बातें करता है। आरोप है कि युवक मान. सिक रूप से छात्र को प्रताड़ित करता है। विरोध पर जान से मारने की धमकी देता है। शहोदे की हरकतों से परेशान शिक्षिक ने पूरी बात अपनी मां को बताम्र तो उनके होश उड़ गए। युवक पर आरोप लगाते हुए छात्र की मां मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने तत्काल मामले में कार्रवाम्र करते हुए सुशील गंगवार नाम के व्यद्रि के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है।

## ऊंचा गांव में लगाया निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

**मथुरा।** ब्रजवासियों और ब्रज में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा को समर्पित संस्था श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम के सौजन्य से ललिता सखी के गांव ऊंचागांव में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाकर बच्चों के स्वास्थ्य का परीक्षण कर उन्हें दवाएं प्रदान की गईं। बरसाना के समीप ऊंचागांव के दाऊजी मंदिर परिसर में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। शिविर का आयोजन श्री राधारानी रसोई बरसाना धाम संस्था के द्वारा किया गया। शिविर में बारह वर्ष की उम्र तक के 170 बालक बालिक. ाओं की निशुल्क जांच की गई। जांच के बाद बच्चों को जरूरत के अनुसार दवाएं और फूड सप्लीमेंट्स दिए गए। संस्था के संचालक ब्रजस. वी हरीश चंद्र कोहली ने बताया कि उनकी संस्था बरसाना और अष्टसखियों के गांवों में इस तरह के शिविरों का आयोजन करते हैं। यह सातवां शि. विर था। संस्था निःशुल्क रसोई संचालित करती है जिससे प्रतिदिन हजारों श्रद्धालु लाभान्वित होते हैं। इस अवसर पर ब्रजाचार्य पीठाधीश उपेन्द्र नारायण भट्ट, प्रवक्ता घनश्यामराज भट्ट, दिलीप भट्ट, ललित भट्ट, तुरण्य शर्मा, बनवारी लाल गर्ग, दीपक गर्ग, विशाखा, सन्दीप, अंकुर कोहली, नेहा माता , सुधीर बवेजा, दीपा चड्ढा, ज्योति अग्रवाल, विवेक, राज, रोहित, मितुल, राजेश, रूपा, कन्हैया आदि उपस्थित रहे।

## गाली देने पर की नानक की हत्या

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को अगौता थाना पुलिस ने मात्र 48 घंटे के अंदर ही नानक हत्याकांड का खुलासा करते हुए गांव के ही एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस की मानें तो आरोपी ने गाली दिए जाने और एक जमीन के विवाद में दूसरे पक्ष का साथ दिए जाने से नाराज होकर नानक की हत्या को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरा. पी को गिरफ्तार कर उसकी निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दांव भी बरामद कर लिया है। आरोपी का पूछताछ कर चालान कर दिया गया है। मंगलवार को एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने पुलिस लाइन स्थित सभागार में बताया कि 12व 13 सितंबर की देर रात को अगौता के गांव गढ़िया में छत पर सोते हुए व्यक्ति नानक की गर्दन रेतकर हत्या कर दी गई थी। मामले में मृतक के भाई बाला पुत्र स्व0 रामचंद्र ने थाना अगौता में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। थाना पुलिस और स्वाट टीम ने जांच करते हुए एक आरोपी सौरठ पुत्र स्व0 राजपाल निवासी गांव गढ़िया को जौलीगढ़ से अख्तियारपुर जाने वाले रास्ते से गिरध्तार कर लिया। पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने नानक की हत्या करना स्वीकार कर लिया। आरोपी की निशानदेही पर हत्या में इस्तेमाल दांव भी बरामद कर लिया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी सौरठ का पूछताछ कर चालान कर दिया गया है। पुलिसिया पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि उसका गांव के ही रघुवीर से जमीन का विवाद चल रहा हैं। जिसमें नानक द्वारा दूसरे पक्ष का साथ देते हुए उससे झगड़ा किया जाता था। करीब चार दिन पहले नानक के घर के सामने पड़ी बजरी हटाने को लेकर नानक से उसका विवाद हुआ था। इसके बाद 12 सितंबर को रघुवीर से विवाद के दौरान नानक ने वहां पहुंचकर उसे गालियां दी थीं। गालियां दिए जाना उसे नागवार गुजरा और इसके चलते उसने नानक की हत्या का मन बना लिया। रात के वक्त अपने घर से दांव लेकर नानक के घर पहुंच गया। नानक अपने घर की छत पर शराब के नशे में सो रहा था। उसने नानक की गर्दन पर दांव से वारकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के दौरान नानक का मुंह अपने हाथ से दबा लिया, ताकि वह चीख न सके। घटना को अंजाम देकर वह गांव से चला गया था।

## कार में बैठा लोगों को लूटने वाले 4 पकड़े

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सिकंद्राबाद।** कोतवाली पुलिस ने मंगलवार को गाड़ी में लिफ्ट देकर गहने–नगदी आदि चोरी करने वाले गिरोह के चार शातिरों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों में दो महिलाएं भी शामिल हैं। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक कार, 25 हजार की नगदी, चोरी के जेवरात और तमंचा–कारतूस आदि सामान बरामद किया गया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली–एनसीआर समेत कई जिलों में 50 से अधिक घटनाओं को अंजाम देना कुबूला है। पुलिस ने आरोपियों का चालान कर दिया है। मंगलवार को पुलिस लाइन स्थित सभागार में एसपी सिटी शंकर प्रसाद ने बताया कि सिकंदराबाद पुलिस ने बीती रात चेकिंग के दौरान नार्मल स्कूल के पास से एक ईको गाड़ी में सवार दो महिलाओं समेत चार आरोपियों को पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों की पहचान राजेंद्र पुत्र जगदीश निवासी गांव गेसूपुर सिकंदराबाद, अर्जुन पुत्र ऋषिपाल निवासी गांव बढ़ा थाना किठौर जिला मेरठ, रीना पत्नी अमित निवासी गांव जलालपुर थाना खरखौदा जिला मेरठ और धोनी उर्फ पारो पुत्री राजेंद्र निवासी गांव गेसूपुर सिकंदराबाद के रूप में हुई है। आरोपियों के पास से 25 हजार रुपये की नगदी, एक तमंचा, एक कारतूस, दो जोड़ी पायजेब, चांदी के 10 सिक्के आदि सामान बरामद हुआ। एसपी सिटी ने बताया कि आरोपी राजेंद्र पर जिला मेरठ, बुलंदशहर, गौतमबुद्धनगर, हापुड़ आदि स्थानों पर 15, आरोपी अर्जुन पर चार, आरोपी रीना पर सात और आरोपी धोनी उर्फ पारो पर सात आपराधिक मामले दर्ज हैं। आरो. पियों का पूछताछ कर चालान कर दिया गया है। कई घटनाओं का किया खुलासा पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने दिल्ली–एनसीआर क्षेत्र में 50 से अधिक घटनाओं को अंजाम देना कुबूल किया है। इसमें 11 जुलाई 2025 को सिकंदराबाद क्षेत्र में एक घर के ताले तोड़कर नगदी–जेवरात चोरी, 5 सितंबर 2025 को सिकंदराबा के मोहल्ला सराबगीवाड़ा में एक घर से चांदी के आभूषण चोरी करना, 6 सितंबर को सिकंदराबाद के गांव बिलसूरी से दिल्ली छोड़ने के नाम पर लोगों को गाड़ी में बैठाकर उनके बैग से नगदी–आभूषण चोरी करना, 10 मार्च 2025 को जिला शाहजहांपुर के थाना रामचंद्र मिशन क्षेत्र में सवारियों को गाड़ी में बैठाकर उनके बैग से जेवरात चोरी की घटना को अंजाम देना भी शामिल है।

## लेखपाल पर बाढ़ राहत सामग्री वितरण में भेदभाव का आरोप



**पीलीभीत।** तहसील बीसलपुर की ग्राम पंचायत पुरैना में बाढ़ सामग्री के वितरण को लेकर एक विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि लेखपाल धर्मेंद्र भारती ने अपने चहेते व्यक्तियों को बाढ़ सामग्री बांटी है, जिसमें राजपूत करणी सेना के जिला अध्यक्ष ठाकुर रविंद्र सिंह के निर्देश पर बीसलपुर टीम के पदाधिकारियों ने तहसील पहुंचकर धरना प्रदर्शन कर नारेबाज़ी करते हुए लेखपाल के खिलाप कानूनी कार्रवाई की मांग की है। श्री राजपूत करणी सेना ने जिलाधिकारी से इस मुद्दे की जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की की है। इस दौरान वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष एडवोकेट अनिल चौहान, नरेंद्र चौहान, रंजीत सिंह, नितिन सिंह चौहान, भीष्म चौहान और टिंकू चौहान आदि मौजूद रहे।

## शिक्षकों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में शिक्षकों ने टीचर एलिजिबिलिटी टेस्ट (टीईटी) पास करने के नए नियम का विरोध प्रदर्शन किया।

उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षक संघ के बैनर तले सैकड़ों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाधयक्ष सुशील कुमार शर्मा ने नए नियम पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि जब शिक्षकों की नियुद्रि हुई, तब टीईटी पास करना अनिवार्य नहीं था। शिक्षकों ने उस समय के सभी मानदंड पूरे किए थे। शर्मा ने बताया कि 30 साल के कार्यकाल के बाद शिक्षकों से 2011 में आए कानून को मानने को कहा जा रहा है। शिक्षक संघ ने इस नियम को तुरंत वापस लेने की मांग की है। प्रदर्शनकारी शिक्षकों का कहना है कि वे इस नए नियम को किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं करेंगें।

## शिक्षा की गुणवत्ता में करें सुधार: डीएम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बुलंदशहर।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में डीएम श्रुति की अध्यक्षता में बेसिक शिक्षा विभाग की जिला अनुश्रवण समिति की एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संचालित शैक्षिक, आधारभूत संरचना व गुणवत्ता सुधार से जुड़ी योजनाओं की समीक्षा की गई। निर्देशित किया कि स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए संबंधित अधिकारी व शिक्षकगण गंभीरता से कार्य करें। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में छात्र उपस्थिति, शिक्षण गुणवत्ता, मिड डे मील की व्यवस्था तथा स्मार्ट क्लास, लाइब्रेरी, शौचालय एवं पेयजल सुविधाओं की नियमित निगरानी की जाए। जिन अधिकारियों द्वारा विद्यालय के निरीक्षण किए जाते हैं वह नियमित रूप से भ्रमण करते हुए बच्चों को गुणवत्ता के साथ शिक्षा दिए जाने का पर्यवेक्षण करें। डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे विद्यालयों का नियमित निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति से अवगत रहें तथा समस्याओं का समयबद्धता से समाधान करें। बैठक में समग्र शिक्षा अभियान, ऑपरेशन कायाकल्प, बेसिक स्कूलों में डिजिटल लर्निंग की व्यवस्था, बालक–बालिका छात्रवृत्ति तथा विद्यार्थियों को उपलब्ध कराई जा रही पाठ्यपुस्तकों व यूनिफॉर्म की स्थिति की समीक्षा की गई।

उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि वे शिक्षा के क्षेत्र में सुधार के लिए पारदर्शिता, समर्पण और संवेदनशीलता के साथ कार्य करें, ताकि बच्चों को दी जा रही शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार किया जा सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, सभी खंड शिक्षा अधिकारीगण, समस्त जिला समन्वयक व समिति के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे।

## सपा ने किया पीडीए जनचर्चा पंचायत का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पीलीभीत।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर 127 सदर विधानसभा पीलीभीत क्षेत्र के कस्बा जहानाबाद में सपा पीडीए जनचर्चा पंचायत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता 127 सदर विधानसभा पीलीभीत अध्यक्ष हाजी इम्तियाज अल्वी ने किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा जिलाध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा एवं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी व सपा प्रदेश सचिव असलम जावेद अंसारी रहे। कार्यक्रम का संचालन देवनन्दन प्रजापति जी ने किया। सपा जिला अध्यक्ष जगदेव सिंह जग्गा ने अपने संबोधन में कहा कि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष माननीय अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रत्येक गांव में पीडीए जनचर्चा करने के साथ ही अपने–अपने बूथों पर मतदाता सूची को शुद्ध एवं दुरस्त कराने का काम शुरू कर दिया है।

# उर्स मेला देखने के दौरान दो पक्षों में जमकर चले ईंट पत्थर

**मथुरा।** राया कस्बे के मोहल्ला व्यापारी में सोमवार की रात्रि उर्स मेला देखने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि जमकर मारपीट हुई। इस दौरान दोनों तरफ से पथराव होने से अफरा तफरी मच गयी। इस स्थानीय लोगों ने बताया घटना के दौरान आधा दर्जन लोग घायल हुए है। जिन्हे सूचना पर पहुंची पुलिस ने उपचार के लिए हॉस्पिटल भेज मामले को शांत किया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि झगड़ा बच्चों बच्चों में शुरू हुआ था।

जिससे मामला तूल पकड़ गया। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रार्थना पत्र मिलने पर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, महिला रानी ने आरोप



लगाया कि इमाम मेंबर अपने साथ लड़कों को लेकर आया और सोहेल, बिहारी, मोना व इमरान के साथ मारपीट की। उन्होंने यह भी बताया कि दबंगों ने उनके मकान और आसपास के लोगों पर ईंटें फेंकी, जिससे कई लोग घायल हुए। झगड़े की सूचना पर इलाका पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित करने का प्रयास किया। थाना प्रभारी अजय कौशल ने बताया कि झगड़ा बच्चों बच्चों में शुरू हुआ था, जिससे मामला तूल पकड़ गया। फिलहाल पीड़ित पक्ष की ओर से कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

उन्होंने कहा कि पुलिस पूरे प्रकरण की जांच कर रही है और आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। प्रार्थना पत्र मिलने पर आरो. पियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।, इस घटना के चलते उर्स मेले में कुछ देर के लिए हड़कंप मच गया, हालांकि बाद में स्थिति सामान्य हो गई। पुलिस अब मामले की जाँच में जुटी है।

## रसखान समाधि स्थल पर फिर बिखरेंगे सांझी के अदभुत रंग

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के बैनरतले अब कृष्ण भक्त रसखान के समाधि स्थल पर सांझी के अदभुत रंग देखने को मिलेंगे। 17 से 21 सितंबर तक समाधि स्थल पर सांस्कृतिक एंव सांझी कला का अदभुत प्रदर्शन सांझी महोत्सव के रूप में होने जा रहा है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि जीएलए विश्वविद्यालय के सहयोग से पांच दिवसीय सांझी महोत्सव का आयोजन रमणरेती महावन स्थित रसखान समाधि स्थल पर होने जा रहा है। इस परम्परागत आयोजन में जहां विभिन्न क्षेत्र से आ रहे कलाक. ार अपनी सांझी कला का प्रदर्शन करेंगे तो दूसरी ओर सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि 17 से 21 सितंबर तक पूर्वाहन 11 बजे से शाम पांच बजे तक सांझी कला देखने को मिलेगी। इसमें खुशबू उपाध्याय, श्रुति यादव द्वारा कैनवास पर बनाई सांझी का प्रदर्शन देखने को मिलेगा। विश्वजीत, ब्रज गोपाल गुप्ता, रुमा, कनक सूखे व गीले रंग की सांझी बनाएंगे। कमलेश्वर ग्रुप द्वारा पोट्रेट व रंगोली सांझी तथा सुनीता द्वारा गोबर सांझी बनाई जाएगी। खजानी वेल्फेयर सोसायटी रंगोली और दक्ष एजुकेशन इंस्ट्ट्यूट द्वारा घरेलू उपयोग सामग्री से बनी सांझी का प्रदर्शन किया जाएगा। सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने बताया कि सांझी प्रदर्शन के पश्चात शाम पांच बजे से सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। इसमें पहले दिन 17 सितंबर को डा केसी धाकड़ ग्रुप द्वारा भजन और सुश्री चेतना शर्मा का कथक, 18 सितंबर को ब्रज भाषा कवि सम्मेलन होगा। इसमें राधा गो. विंद पाठक, डा सत्य प्रकाश, अटल चतुर्वेदी, केसी गोड, अशोक यज्ञ, अर्चना चतुर्वेदी काव्य पाठ करेंगे। 19 सितंबर को राधाचरण का गायन, ब्रज की सांझीकला पर गोष्टी होगी। 20 सितंबर को सांझी नौटंकी मंचन गीता शोध संस्थान वृंदावन द्वारा होगा।

## आभूषण चुराने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जहांगीराबाद।** पुलिस ने दुकान से चोरी हुए हजारों के आभूषण का खुलासा कर एक आरोपी कों गिरफ्तार कर उसके कब्जे से भारी मात्रा में आभूषम बरामद किये है। नगर के पुख्ता बाजार स्थित एक सर्राफ की दुकान में 10 वर्ष से कार्यरत कर्मचारी को दुकान में चोरी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने लगभग 960 ग्राम चांदी बरामद हुई है। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया है। मंगलवार को कोतवाली जहांगीराबाद में आयोजित प्रेसवार्ता में सीओ अनूपशहर रामकरन सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि पुख्ता बाजार में हनुमान मंदिर के निकट स्थित सुहाग ज्वैलर्स के मालिक कमल वार्ष्णेय ने पुलिस को तहरीर देकर अपनी दुकान पर 10 साल से कार्य कर रहे कर्मचारी गिरीश वर्मा निवासी ऊंचागांव पर दुकान पर चांदी के आभूषण चोरी करने का आरोप लगाया था। पुलिस ने आरोपी कर्मचारी को हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपनी सारी करतूत उगल दी। कोतवाली प्रभारी संजेश कुमार ने बतया की पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चांदी के आभूषण बरामद किए हैं।

## शिक्षा की नई सुबह, स्ट्रीट स्कूल का नया केन्द्र शुरू

**मथुरा।** मथुरा में जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल का मां वैष्णो देवी धाम कालोनी में नया केंद्र शुरू किया है। झुग्गियों से निकल. कर शिक्षा की मुख्यधारा की ओर जस्टिस फॉर चिल्ड्रन स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र का यह प्रयास है। गरीबी और मजबूरी की जंजीरों में जकड़े जिन बच्चों ने कभी किताबें हाथ में लेने का सपना भी नहीं देखा था, उनके जीवन में अब शिक्षा की नई किरण जगमगाने लगी है। जस्टिस फॉर चिल्ड्रन एंड वीमेन सोसायटी (पंजीकृत) ने मां वैष्णो देवी धाम कॉलोनी, मथुरा में एक और स्ट्रीट स्कूल निःशुल्क शिक्षा केंद्र की शुरुआत कर इन बच्चों को अज्ञानता के अंधकार से निकालने का प्रयास किया है। संस्था के संस्थापक और समाजसेवी सतीश चंद्र शर्मा ने बताया कि संस्था की शुरुआत वर्ष 2008 में हुई थी और तब से यह अभियान लगातार चल रहा है। "हमारा सपना है कि कोई भी बच्चा झुग्गी झोपड़ी में रहने के कारण शिक्षा से वंचित न रहे। शिक्षा ही उनके जीवन की दिशा और दशा बदल सकती है। वर्तमान में संस्था द्वारा मथुरा में चार निःशुल्क स्ट्रीट स्कूल केंद्र कृ लाजपत नगर, पन्ना पोखर, गोपाल नगर एवं मां वैष्णो देवी धाम कॉलोनी में संचालित किए जा रहे हैं।

# संदिग्ध ऑटो, ई–रिक्शा चालकों पर पुलिस की टेढी नजर

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन में ई रिक्शा की लगातार बढ रही संख्या और शिकायतों के चलते पुलिस ने महानगर में चल रहे समस्त ई रिक्शा चाल. कों के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू की है। हालांकि यह प्रक्रिया बहुत पहले से जनपद में लागू की गई थी लेकिन इसे लेकर अब पुलिस प्रशासन ने गंभीरता दिखाई है। मथुरा और वृंदावन में बाहर से घुसने वाले ऑटो और ई रिक्शा का भी सत्यापन किया जा रहा है। इसमें सभी ई रिक्शा और ऑटो के चालक का आधार कार्ड, फोटो, निवास प्रमाण पत्र आदि देखे जा रहे हैं। इसके बाद इन्हें एक स्टीकर दिया जाए रहा है जिसे ऑटो और ई रिक्शा के आगे वाले सीसा पर चस्पा करना होगा। इसमें चालक का फोन नम्बर भी होगा। यह भी तय किया जा रहा है कि ऑटो अथवा ई रिक्शा को वही चालक चलाएगा जिसका वेरिफिकेशन किया जा रहा है। दूसरा चालक चलाते हुए पाया गया तो नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी। साथ ही ऑटो और ई रिक्शा के मालि. कों को भी वेरिफिकेशन किया जा रहा है। हाल ही में ऑटो और ई रिक्शा चालकों द्वारा सवारियों के साथ की गई कुछ अपराधिक घटनाओं के बाद पुलिस इस मामले में सख्त हुई है। यमुना एक्सप्रेस वे पर लखउन की एक छात्रा के साथ ऑटो चालक द्वारा की गई बलात्कार की घटना के बाद इस मामले ने तूल पकडा है। इस घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। रात के समय ऑटो चलाने वालों पर पुलिस की नजर टेढी है। इस घटना से पुलिस की भी किरकिरी हुई है। यातायात पुलिस के द्वारा भूतेश्वर चौराहे पर आम आदमी की सुविधा के लिए ई रिक्शा एवं ऑटो चालकों का वेरिफिकेशन किया गया। इस तरह की कार्यवाही जगह जगह महानरग में तिराहे चौराहों पर की जा रही है।

### बडी संख्या में नशे के आदी हैं ऑटो और ई–रिक्शा चालक

ड्रिंक और ड्राइव भी बडी संख्या है। नशे की हालत में सडकों और ऑटो दौडाते हुए ड्राइवर मिल जाएंगे। खास कर शाम के और रात के समय इनकी संख्या अधिक रहती है। ऐसे में सवारियों और बाहर से आये श्रद्धालुओं के लिए समस्या पैदा हो सकती है। कई बार ऐसे चालक सडक हादसों की वजह भी बनते हैं।

### फिटनेश में खेल, विभागों में तालमेल का अभाव

ऑटो और ई रिक्शा की फिटनेस में भी एआरटीओ विभाग का दूसरे विभागों के साथ तालमेल नहीं बैठ पता है। सीएनजी और बैट्री चालित वाहनों में आगजनी की घटनाएं होने की संभावना बनी रहती है। वाहनों की फिटनेस में अग्निशमन जैसे विभागों की भी सहभागिता रहती है लेकिन एआरटीओ की ओर से इन विभागों को इस कार्य में शामिल नहीं किया जाता है। शायद ही किसी ऑटो और ई रिक्शा में आगजनी की घटना से निपटने के लिए अनिवार्य और आवश्यक उपकरण मौजूद मिले।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 77/3 गर्ग कॉम्पलेक्स ई.के. रोड निकट एन.ए.एस. कालिज, मेरठ (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎0121-4005303, 4007303
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
UPHIN/2007/20661
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# स्टेटिंग विश्व चैंपियनशिप में आनंद ने जीता सोना




## भारत को पहला विश्व स्वर्ण पदक दिलाया, पीएम ने दी बधाई

**बीजिंग/नई दिल्ली, वार्ता।** भारत के स्पीड स्केटर आनंदकुमार वेलकुमार ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतकर देश के लिए एक स्वर्णिम अध्याय लिखा।

वेलकुमार ने सीनियर पुरुषों की 1,000 मीटर स्प्रिंट स्पर्धा में 1 मिनट 24-924 सेकंड का समय लेकर शानदार जीत हासिल की और प्रतिस्पर्धी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर सबसे आगे रहे। उनकी यह जीत भारतीय रोलर स्पोर्ट्स के लिए एक महत्वपूर्ण क्षण था, जो लंबे समय से वैश्विक मंच पर पहचान बनाने की कोशिश कर रहा था। तमिलनाडु के इस 23 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले हफ्ते बेइदाईहे में 500 मीटर स्प्रिंट में 43:072 सेकंड के समय के साथ कांस्य पदक जीतकर इसी प्रतियोगिता में भारत के लिए पहला सीनियर पदक हासिल किया था। इस जीत के साथ, उन्होंने अपनी इस उपलब्धि को सर्वोच्च पोडियम तक पहुंचाया और स्पीड स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बने। भारत की पदक तालिका में तब और इज़ाफ़ा हुआ जब जूनियर स्केटर कृष शर्मा ने अंडर-19 वर्ग में 1,000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीता, जिसने देश में इस खेल के बढ़ते प्रभाव को रेखांकित किया। स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 13 सितम्बर को बेइदाईहे में शुरू हुई और 21 सितम्बर को समाप्त होगी। भारतीय रोलर स्केटिंग महासंघ के अधिकारियों ने इस जीत को एक ऐसे खेल के लिए महत्वपूर्ण मोड़ बताया, जिसने जमीनी स्तर की अकादमियों के माध्यम से लगातार लोकप्रियता हासिल की है। इतालवी कोच लुका प्रेस्टी के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण ले रहे वेलकुमार ने यह पदक अपने परिवार और कोचों को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि यह सिर्फ़ मेरी जीत नहीं है। यह उन सभी की जीत है जिन्हें विश्वास था कि एक भारतीय ऐसा कर सकता है। इस ऐतिहासिक प्रदर्शन से स्पीड स्केटिंग के लिए सरकारी और कॉर्पोरेट समर्थन बढ़ने की उम्मीद है, जो आने वाले वर्षों में ओलंपिक में शामिल होने की उम्मीद कर रहा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में भारत के लिए पहला स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार की सराहना की। एक्स पर एक पोस्ट में, प्रधानमंत्री ने लिखा, ष्स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतने पर आनंदकुमार वेलकुमार पर गर्व है। उनके धैर्य, गति और जोश ने उन्हें स्केटिंग में भारत का पहला विश्व चैंपियन बनाया है।

## योगी ने स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप विजेता आनंद को दी बधाई

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्केटिंग में नया कीर्तिमान स्थापित करने वाले आनंद वेलुकुमार को बधाई दी है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा है कि स्पीड स्केटिंग विश्व चैंपियनशिप 2025 में सीनियर पुरुष 1000 मीटर स्प्रिंट में स्वर्ण पदक जीतकर स्केटिंग में भारत के पहले विश्व चैंपियन बनने पर आनंदकुमार वेलकुमार को हार्दिक बधाई। आपका दृढ़ संकल्प और उपलब्धि हर युवा भारतीय को बड़े सपने देखने और उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगी।आपके उज्ज्वल भविष्य के लिए मेरी शुभकामनाएं। गौरतलब है कि भारत के आनंदकुमार वेलकुमार ने स्केटिंग में नया इतिहास रच दिया है। 22 साल के आनंदकुमार ने चीन में आयोजित स्पीड स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल अपने नाम किया। इस तरह वह स्केटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। उन्होंने मेन्स सीनियर 1000 मीटर स्प्रिंट इवेंट में पहला स्थान हासिल किया। वेल. कुमार ने 1:24:924 सेकंड के समय के साथ फिनिश लाइन पार की और भारत के पहले वर्ल्ड चैंपियन स्केटर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ममता ने फिर्ड ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर वैशाली को बधाई

**कोलकाता, वार्ता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ग्रैंडमास्टर वैशाली रमेशबाबू को फिडे ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट दूसरी बार जीतने पर आज बधाई दी।

बंगाल की मुख्यमंत्री ने एक संदेश में कहा कि वैशाली रमेशबाबू को दूसरी बार थ्प्क्म् ग्रैंड स्विस टूर्नामेंट जीतने पर बधाई। यह एक अनूठी उपलब्धि है और मैं उनके परिवार और दोस्तों को भी बधाई देती हूं।

### प्रो कबड्डी लीग में अपनी कमेंट्री से मनोज बाजपेयी ने रचा 'भौकाल'

**नई दिल्ली, वार्ता।** सालों तक विभिन्न विधाओं में प्रभावशाली और सूक्ष्म अभिनय करने के बाद, अभिनेता मनोज बाजपेयी को एक नया आयाम मिल गया है, इस बार माइक के पीछे भोजपुरी कमेंट्री के साथ। प्रो कबड्डी लीग सीजन 12 के जियोस्टार प्रेजेंटेशन में, बाजपेयी कैमरे में एक उल्लासपूर्ण उन्माद में कैद हुए, जब उन्होंने जियोस्टार स्टूडियो में पिछले सीजन के एक यादगार पल पर कमेंट्री करते हुए एक अविस्मरणीय क्षण प्रस्तुत किया। यह सिर्फ़ एक सहज इशारा नहीं था, बल्कि भोजपुरी में कमेंट्री का एक पूरी तरह से डूबा हुआ शॉट था, जो इस लीग की सबसे नई क्षेत्रीय भाषाओं में से एक है। खेल के सबसे रोमांचक पलों में से एक पर बाजपेयी की स्पष्ट और सच्ची प्रतिक्रिया इस बात का प्रतीक है कि भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक को घर जैसी भाषा में देखना लोगों को अद्वितीय तरीकों से जोड़ता है। भोजपुरी कमेंट्री बॉक्स में कुशल परीक्षण के साथ, यह देखना बाकी है कि क्या बाजपेयी इस सीजन में फिर से लौटेंगे और जल्द ही अपने नए करियर को आजमाएंगे।

# अपोलो टायर्स बना भारतीय क्रिकेट टीम का नया प्रायोजक

**मुंबई, वार्ता।** अपोलो टायर्स ने 579 करोड़ रुपये की शानदार बोली लगाकर त्रिकोणीय मुक. ाबले में जीत हासिल करते हुए भारतीय टीम के प्रायोजन अधिकार हासिल कर लिए हैं। यह प्रायोजन सौदा तीन साल का है और इसमें 121 द्विपक्षीय मैच और 21 आईसीसी मैच शामिल हैं।

100 से ज्यादा देशों में मौजूदगी वाली गुड़गांव स्थित इस टायर कंपनी ने कैनवा और जेके सीमेंट्स की चुनौतियों को मात दी, जिन्होंने क्रमशः 544 करोड़ रुपये और 477 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी। यह सौदा प्रति मैच लगभग 4.77 करोड़ रुपये का बैठता है, हालांकि द्विपक्षीय और आईसीसी मैचों के बीच मूल्य अंतर को देखते हुए इसमें थोड़ा अंतर हो सकता है। क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) द्वारा निर्धारित आधार मूल्य द्विपक्षीय मैचों के लिए 3.5 करोड़ रुपये और विश्व कप मैचों के लिए 1.5 करोड़ रुपये था। सभी रियल मनी गेमिंग कंपनियों पर प्रतिबंध लगाने वाले सरकारी आदेश द्वारा ड्रीम11 सौदे को रद्द करने के बाद बीसीसीआई को एक नए प्रायोजक के लिए निविदाएं जारी करनी पड़ीं। एशिया कप के करीब आने वाले सरकारी आदेश के साथ, बीसीसीआई को संयुक्त अरब अमीरात में चल रही महाद्वीपीय चैंपियनशिप में भारतीय टीम के लिए जर्सी प्रायोजक के बिना जाना पड़ा।

नए प्रायोजकों को पहला अंतर्राष्ट्रीय लाभ 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली वेस्टइंडीज के खिलाफ दो टेस्ट मैचों की घरेलू श्रृंखला में मिलेगा, जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में एक सफेद गेंद की श्रृंखला होगी।




● 579 करोड़ रुपये में हासिल किए अधिकार

### चीन के वांग टेटे पुरुष विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर लौटे

**बीजिंग, वार्ता।** आईटीटीएफ द्वारा मंगलवार को जारी की गई नवीनतम विश्व रैंकिंग के बाद, चीन के वांग चुकिन पुरुष एकल रैंकिंग में शीर्ष पर लौट आए हैं। वांग ने रविवार को डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ जीतकर 1,000 रैंकिंग अंक अर्जित किए, जिससे वह हमवतन लिन शिदोंग से 9,425 अंकों के साथ आगे निकल गए, जबकि लिन के 9,375 अंक हैं। डब्ल्यूटीटी चैंपियंस मकाओ के उपविजेता ब्राज़ील के ह्यूगो काल्डेरानो तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि जापान के तोमोकाज़ू हरिमोटो चौथे स्थान पर खिसक गए। शीर्ष 10 में स्वीडन की ट्रुल्स मोरेगार्ड, चीन की लियांग जिंगकुन, फ्रांस की फेलिक्स लेब्रन, जर्मनी की डूडा, चीन की जियांग पेंग और स्लोवेनिया की डार्को जोर्गिक शामिल हैं।

# रैंकिंग में फिर नंबर-1 मंधाना

● स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार फिफ्टी लगाकर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान कब्जाया




**दुबई, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने रविवार को न्यू चंडीगढ़ में खेले गए तीन मैचों की वनडे सीरीज के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शानदार अर्द्धशतक जड़कर आईसीसी महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष स्थान फिर से हासिल कर लिया है। बाएं हाथ की इस स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज ने 63 गेंदों में छह चौकों और दो छक्कों की मदद से 58 रनों की पारी खेली और इंग्लैंड की कप्तान नैट शिवर-ब्रंट को पीछे छोड़कर वह स्थान फिर से हासिल कर लिया है जो उन्होंने पहली बार जनवरी 2019 में हासिल किया था और हाल ही में इस साल जुलाई में हासिल किया था। शीर्ष पर यह उनका चौथा कार्यकाल है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ विकेट से जीत हासिल की और यह शानदार जीत उनकी खिलाड़ियों की रैंकिंग में भी दिखाई दी। बाएं हाथ की बल्लेबाज बेथ मूनी ने 74 गेंदों में नाबाद 77 रनों की पारी खेली जिससे वह तीन पायदान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर पहुंच गईं। एनाबेल सदरलैंड अपनी नाबाद 54 रनों की पारी के बाद चार पायदान ऊपर चढ़कर संयुक्त 25वें स्थान पर पहुंच गईं। वह सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। फोएबे लिचफील्ड ने 80 गेंदों पर 88 रनों की पारी खेलकर 13 पायदान ऊपर चढ़कर मैच की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी बनीं।

# विश्व पैरा एथलेटिक्स में भारत जीतेगा 20 से ज्यादा पदक: देवेंद्र

● 27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक होने वाले खेलों में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत अब तक के सबसे बड़े पैरा खेल आयोजन, इंडियनऑइल नई दिल्ली 2025 वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप की मेजबानी करने जा रहा है।

27 सितम्बर से 5 अक्टूबर तक जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में आयोजित होने जा रहे इस खेल आयोजन में इस बार भारत का रिकॉर्ड 73 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इतना बड़ा दल पहली बार किसी वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए उतरेगा, जो यह दिखाता है कि भारत पैरा खेलों में कितनी तेजी से आगे बढ़ रहा है। पैरा ओलंपिक कमेटी ऑफ इंडिया (पीसीआई) के अध्यक्ष और दो बार के पैरा ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट देवेंद्र झाझरिया ने कहा कि इस बार भारत का अभियान ऐतिहासिक रहेगा।

उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय दल 20 से ज्यादा मेडल जीतकर इतिहास रचेगा। पीसीआई के अध्यक्ष झाझरिया ने कहा कि हमारे पास 73 खिलाड़ी हैं, जो अब तक का सबसे बड़ा भारतीय दल है। यह हमारे देश में पैरा खेलों की तरक्की को बखूबी प्रदर्शित करता है।

पिछली बार कोबे में भारत ने 17 मेडल जीते थे। इस बार हमारी टीम और मजबूत है और मुझे पूरा यकीन है कि हम 20 से ज्यादा मेडल जीतेंगे।

# डुप्लांटिस ने पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा

● डुप्लांटिस ने पहले ही प्रयास में 6.15 मी. की ऊचांई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया



**टोक्यो, वार्ता।** वह कूद पड़ा। वह चिल्लाया। उमस भरी सोमवार की रात टोक्यो के नेशनल स्टेडियम में 50,000 से ज़्यादा दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट के बीच उसने अपनी बाहें फैला दीं। आर्मंड डुप्लांटिस ने फिर जीत हासिल की। और एक बार फिर, उसने विश्व रिकॉर्ड तोड़ दिया।

फरवरी 2022 के बाद से यह 14वीं बार था जब इस स्वीडिश खिलाड़ी ने पुरुषों की पोल वॉल्ट में विश्व रिकॉर्ड को फिर से बनाया, जब यह 'सिर्फ़' 6.17 मीटर था। विश्व खिताब तो आसानी से मिल गया था। डुप्लांटिस ने 5.75, 5.85, 5.95, 6.00 और 6.10 मीटर की दूरी आसानी से पार करने के बाद, पहले ही प्रयास में 6.15 मीटर की ऊंचाई पर शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। लेकिन रिकॉर्ड ऊंचाई की बात ही कुछ और थी। डुप्लांटिस ने कहा कि मैं बहुत खुश हूं, मैं इसे बयां नहीं कर सकता। मुझे लगा कि जापान छोड़ने का एकमात्र तरीका विश्व रिकॉर्ड बनाना ही है। हर असफल प्रयास ने उनके आत्मविश्वास को और बढ़ा दिया। पहली कोशिश में, उन्होंने लगभग बार पार कर लिया( दूसरी कोशिश में, बार डगमगाया, लेकिन गिरने से पहले आखिरी क्षण तक टिका रहा। आखिरकार, अपने तीसरे प्रयास में, डुप्लांटिस 6.30 मीटर से ऊपर पहुंच गए। जो कि सिर्फ़ 27 दिन पहले उनके द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड से एक सेंटीमीटर ज्यादा था। यही मेरी मानसिकता थी कि उन्होंने बताया। ष्मुझे पता था कि मेरे पास रिकॉर्ड है। जैसे ही मैं उड़ान भरता हूं। ज़मीन से हवा में कदम रखते ही - मुझे पता चल जाता है कि मेरी छलांग सही रहेगी या नहीं। मुझे पता चल जाता है कि मैंने पर्याप्त ऊर्जा लगाई है या नहीं, या यह वास्तव में कारगर नहीं होगा। सिर्फ़ 25 साल की उम्र में, डुप्लांटिस ने सब कुछ जीत लिया है। चार साल पहले, टोक्यो के इसी स्टेडियम में, लेकिन महामारी के कारण खाली सीटों के सामने, उन्होंने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था। तब से, उन्होंने यूजीन और बुडापेस्ट में विश्व खिताब जीते हैं, पेरिस में दूसरा ओलंपिक ख+ाितब जीता है, और अब एक और विश्व चैंपियनशिप जीत ली है। हर बार रिकॉर्ड को और ऊंचा करते हुए। टोक्यो में इस रात ने इस खेल के महानतम खिलाड़ी के रूप में उनकी विरासत को और मजबूत किया, जहां माहौल उनके प्रदर्शन से मेल खाता था।

मुझे उस समय विश्व चैंपियनशिप जीतने पर गर्व है जब इसकी सबसे ज्यादा ज़रूरत थी। विश्व रिकॉर्ड बनाना एक बोनस है,ष उन्होंने कहा। ष्मुझे लगता है कि मेरे लिए कोई सीमा नहीं है। शायद मुझे ही पता चलेगा कि पोल वॉल्ट में असल में सीमा क्या है।

# सुपर-4 की जंग के लिए भिड़ेंगे पाक-यूएई

**दुबई, वार्ता।** क्रिकेट अक्सर तब सबसे रोमांचक होता है जब एक टीम अपनी लय फिर से तलाश रही होती है और दूसरी टीम यह साबित करने पर आमादा होती है कि वह उसी मंच के लिए काबिल है। सलमान आगा की अगुवाई में पाकिस्तान कल दुबई अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप 2025 के 10वें मैच में संयुक्त अरब अमीरात से भिड़ने के लिए तैयार है, और यही स्थिति है। पाकिस्तान यहां कुछ चोटों के साथ पहुंचा है।

उनके गेंदबाज अनुशासित और नए-नए अंदाज में खेल रहे हैं, लेकिन भारत के खिलाफ बल्लेबाजी का पतन-एक आशाजनक शुरुआत के बाद 127 रन पर नौ विकेट-सवालों के घेरे में है। यह मुकाबला उनके बल्लेबाज़ों को यह दिखाने का मौका देता है कि एक खराब प्रदर्शन पूरे टूर्नामेंट को परिभाषित नहीं करता। सईम अयूब शीर्ष क्रम में व्यवस्थित दिखे हैं, और साहिबज़ादा फरहान ने दबाव वाले मैचों में जरूरी शांत स्वभाव दिखाया है। स्वाभाविक रूप से आक्रामक खिलाड़ी, फखर जमान जानते होंगे कि टीम को एक स्थिर शुरुआत के बाद साफ-सुथरे स्ट्राइक की जरूरत है। कप्तानी में नए लेकिन शांतचित्त सलमान आगा को बीच के ओवरों में लय बनानी होगी। हसन नवाज, मोहम्मद हारिस और मोहम्मद नवाज के पास ऐसे स्ट्रोक्स हैं जो अगर उन्हें सही मंच मिले तो स्कोर को मजबूत बनाए रख सकते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, पाकिस्तान का आक्रमण काफी मजबूत है। शाहीन अफरीदी की बाएं हाथ की तेज गेंदबाजी किसी भी शीर्ष क्रम को परेशान कर सकती है, और हारिस रऊफ का अंतिम छोर पर नियंत्रण बेहद अहम है।



# सिंधु चाइना मास्टर्स के दूसरे दौर में


**शेनझेन।** पीवी सिंधु ने डेनमार्क की जूली डावाल जैकबसेन को केवल 27 मिनट में 21-5, 21-10 से हराकर ली-निंग चाइना मास्टर्स 2025 के राउंड ऑफ 16 में प्रवेश कर लिया।

अब उनका सामना छठी वरीयता प्राप्त थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग से होगा। पुरुष एकल में, युवा आयुष शेट्टी ने छठी वरीयता प्राप्त चीनी ताइपे के चोउ तिएन चेन को कड़ी टक्कर दी। पहला गेम 19-21 से हारने के बाद, आयुष ने वापसी करते हुए दूसरा गेम 21-12 से अपने नाम किया, लेकिन निर्णायक गेम में 68 मिनट तक चले मैच में 16-21 से हार गए। मिश्रित युगल में, रोहन कपूर और रुथविका शिवानी गड्डे की भारतीय जोड़ी अपने जापानी प्रतिद्वंद्वियों से हार गई।

# एशिया कप से नाम वापस लेना आसान काम नहीं

● पाकिस्तान को होगा 140 करोड़ तक का नुकसान

● एशियाई क्रिकेट परिषद की सालाना कमाई का 74 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों में बराबर-बराबर बंटता है




**दुबई, वार्ता।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की एशिया कप से बाहर निकलने की कथित धमकी को अमल में लाना आसान नहीं होगा। अगर पाकिस्तान ऐसा करता है, तो उसे करीब 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 100 से 140 करोड़ रुपये तक) का नुकसान उठाना पड़ सकता है।

एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) की सालाना कमाई का 75 प्रतिशत हिस्सा पांच टेस्ट खेलने वाले देशों- भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान में बराबर-बराबर बांटा जाता है। यानी हर देश को 15 प्रतिशत राजस्व मिलता है। शेष 25 प्रतिशत सहयोगी सदस्य देशों के बीच बांटा जाता है। ये कमाई प्रसारण अधिकार (टीवी और डिजिटल), प्रायोजन सौदे और टिकट बिक्री जैसे विभिन्न स्रोतों से आती है। अकेले इस एशिया कप से पीसीबी को अनुमानित 12 से 16 मिलियन अमेरिकी डॉलर की कमाई होने वाली थी। ऐसे में अगर पाकिस्तान टूर्नामेंट से हटता है तो उसके लिए यह बड़ा आर्थिक झटका साबित हो सकता है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क इंडिया (ैच्छप्) ने 2024 से 2031 तक आठ साल के लिए एसीसी के साथ 170 मिलियन अमेरिकी डॉलर का प्रसारण करार किया है। इसमें महिला एशिया कप और अंडर-19 एशिया कप के प्रसारण अधिकार भी शामिल हैं। अगर पाकिस्तान बीच टूर्नामेंट से बाहर होता है तो प्रसारक के साथ बड़ी दिक्कतें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि भारत-पाकिस्तान मुक. ाबला इस सौदे का सबसे बड़ा आकर्षण है। इस मैच के लिए विज्ञापन स्लाट प्रीमियम रेट पर बेचे जाते हैं। पाकिस्तान के बाहर होने पर विज्ञापनदाताओं और प्रसारक को बड़ा आर्थिक नुकसान होगा। पीसीबी प्रमुख और पाकिस्तान के गृह एवं नारकोटिक्स नियंत्रण मंत्री मोहसिन नकवी इस समय एशियाई क्रिकेट काउंसिल के अध्यक्ष भी हैं। नकवी ने खुलकर आईसीसी मैच रेफरी एंडी पायक्राफ्ट पर निशाना साधा था और भारतीय टीम द्वारा पाकिस्तान के खिलाड़ियों से हाथ नहीं मिलाने के विवाद के लिए उन्हें जिम्मेदार ठहराया था। साथ ही आईसीसी को पत्र लिखकर पायक्राफ्ट को टूर्नामेंट से हटाने की मांग की थी। साथ ही यह धमकी भी दी थी कि अगर पायक्राफ्ट को नहीं हटाया गया तो पाकिस्तान टीम टूर्नामेंट का बहिष्कार करेगी। हालांकि, आईसीसी ने पीसीबी की मांग ठुकरा दी और पायक्राफ्ट को हटाने से इनकार कर दिया। ऐसे में अब पीसीबी के सामने मुश्किल स्थिति है। एक तरफ पैसा है तो दूसरी तरफ देश का आत्मसम्मान है। यह देखना दिलचस्प होगा कि पाकिस्तान क्या चुनता है। अगर उसे पैसा कमाना है तो आत्मसम्मान से समझौता करना होगा।

### ऑस्ट्रेलिया की नजरें सीरीज जीत पर भारत की वापसी पर

**न्यू चंडीगढ़, वार्ता।** इसमें कोई शक नहीं कि असली परीक्षा यहीं से शुरू होगी। पहले वनडे में आठ विकेट से शानदार जीत के बाद, ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम एक और सीरीज जीत के दरवाजे पर दस्तक दे रही है। भारत के खिलाफ पिछले दस मुकाबलों में से नौ में जीत, और कुल 57 में से 47 में जीत-यह एक ऐसा रिकॉर्ड है जो चैंपियन होने का प्रमाण देता है। वे महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आत्मविश्वास से लबरेज और ड्रेसिंग रूम में आत्मविश्वास से लबरेज हैं। लेकिन भारत को पूरी तरह से नजरअंदाज मत कीजिए-अभी नहीं। वे पहले मैच में भले ही दूसरे स्थान पर रहे हों, लेकिन हरमनप्रीत कौर की टीम के लिए कुछ सकारात्मक पहलू भी रहे हैं। स्मृति मंधाना और युवा प्रतिका रावल ने शीर्ष क्रम में 117 रनों की शानदार साझेदारी करके एक आक्रामक स्कोर की नींव रखी।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

बुधवार, 17 सितम्बर 2025

# धर्मांतरण कानून पर नोटिस

धर्मान्तरण कानून को लेकर देश की सर्वोच्च अदालत में सुनवाई चल रही है। मंगलवार को धर्मान्तरण से जुड़े कानूनों पर सुप्रीम कोर्ट ने आठ राज्यों को नोटिस जारी किया है और इसका जवाब चार हफ्ते में दाखिल करने को कहा है। उप्र, मध्य प्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, गुजरात, हरियाणा, झारखंड और कर्नाटक में बने धर्मान्तरण कानूनों को चुनौती देने वाली याचिकाएं दायर की गईं। इन्हीं याचिकाओं पर मुख्य न्यायाधीश बीआर गवेई और जस्टिस के विनोद चंद्रन की बेंच सुनवाई कर रही थी। याचिका कर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि भले ही इन कानूनों को फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है लेकिन यह अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगाते हैं। असल में जिस तरह की कठोरता धर्मान्तरण कानूनों को लेकर बरती गई है वह बिल्कुल भी व्यवहारिक नहीं है। इसलिए धर्मान्तरण कानूनों को लेकर एक पक्ष विशेषकर अल्पसंख्यक समाज जरा भी सहज नहीं है, बल्कि वह यह अंदेशा बार-बार सार्वजनिक रूप से जाहिर होती है कि इस कानून द्वारा एक समुदाय विशेषकर मुस्लिम समुदाय के लोगों का उत्पीड़न होगा। जिस तरह के प्रावधान धर्मान्तरण कानून में किए गए हैं, इससे उनकी आशंकाओं की पुष्टि भी होती है। जैसाकि सीनियर एडवोकेट चंद्र उदय सिंह ने अदालत में दलील भी दी कि यूपी में 2024 में धर्मान्तरण से संबंधित कानून संशोधित कर सजा 20 साल से लेकर आजीवन कारावास तक कर दी गई है। उदय सिंह का कहना था कि जमानत की शर्तें भी कठोर कर दी गईं और तीसरे पक्ष को शिकायत दर्ज करने का अधिकार दे दिया गया। उनका कहना था कि इससे चर्च की प्रार्थनाओं या इंटरफेयर मैरिज में शामिल लोगों को भी भीड़ और संगठनों की ओर से उत्पीड़न झेलना पड़ रहा है। अधिवक्ता ने याद दिलाया कि इस मामले में एससी ने 2020 में नोटिस जारी किया था, बाद में जमीअत उलेमा हिन्द ने कोर्ट से मांग की कि छह हाईकोर्ट में चल रही 21 याचिकाओं को सुप्रीम कोर्ट में ही लाया जाए। वर्तमान में गुजरात और मध्य प्रदेश में इस कानून की कुछ धाराओं पर रोक जरूरी है। अब सरकारें चार सप्ताह में क्या जवाब देंगी, यह तो बाद में पता चलेगा, लेकिन इससे एक बात साफ है कि धर्मान्तरण कानून में जिसको फ्रीडम ऑफ रिलीजन एक्ट कहा जाता है। इस तरह की खामियां हैं, जिससे अल्पसंख्यकों की धार्मिक स्वतंत्रता पर रोक लगती है। पीठ के सामने वरिष्ठ वकील इंदिरा जय सिंह, संजय हेगड़े, एमआर शमशाद, संजय पारिख समेत अन्य पक्षकारों ने भी अपनी दलील रखी। वैसे वास्तव में देखा जाए तो इस तरह के कानूनों का विभिन्न समाज वाले देश में कोई औचित्य नहीं है। इसके पीछे देखा जाए तो राजनीति मुख्य कारण है। धर्मान्तरण कानून लाया भी उन्हीं राज्यों में गया है, जहां भाजपा की सरकारें हैं। जो इस बात की तरफ इशारा करती है कि धर्मान्तरण को लेकर केवल भाजपा को ही समस्या है, अन्य सरकारों को नहीं। निसंदेह अगर कहीं कोई बलपूर्वक या षड्यंत्रकारी तरीके से धर्मान्तरण में शामिल होता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई होनी ही चाहिए और उसके लिए हमारे पास पहले से ही कानून हैं, लेकिन यह पक्षपातपूर्ण तरीके से नहीं होना चाहिए।

## सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा



योगी सरकार में समस्याओं और नाइंसाफी का समाधान नहीं, बल्कि गरीब, वंचित पीड़ित, शोषित का दमन और उत्पीड़न हो रहा है, प्रदेश में बड़े-बड़े खास लोगों के मामले में समझौते कराए जा रहे हैं और बेचारे आम लोगों को दरबार में बुलाकर धमकाया जा रहा है, पीड़ित लोगों के एक दिन पहले दिए बयान को अगले दिन पलटवाया जा रहा है, जो आज सरकार के मुखर विरोध करते दिखते हैं, अगले दिन उन्हें घेर कर सत्ता के केन्द्रों तक ले जाया जा रहा है और दबाव बनाकर सत्ता के अन्याय के बाद सभी इंतजाम करने का झूठा आश्वासन दिया जा रहा है, सफेद मेज पर सफेद झूठ बोला जा रहा है, क्या कोई इंतजाम और समझौता किसी का जीवन वापस ला सकता है।

**अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# पाकिस्तान की तरह शिक्षा को जहरीला बनाने की कोशिश



**पवन सिंह**

एनसीईआर जिस तरह से भारत की समूची शिक्षा व्यवस्था को तहस-नहस करने पर आमादा है, उसने भारत की आने वाली पीढ़ियों का भविष्य ही नहीं भारत के समूचे सामाजिक और राजनैतिक व संवैधानिक ढांचे को ही खतरे में फंसा दिया है। बेहतरीन और प्रगतिशील शिक्षा देने वाला एनसीईआरटी मात्र दस सालों के भीतर कैसे इस देश के भविष्य के साथ ही खेलने लगेगा, यह आश्चर्यजनक ही नहीं भयावह भी है। ऐसा लगता है एनसीईआरटी पाकिस्तानी शिक्षा व्यवस्था की तरह कट्टरता को ऊपर से नीचे तक ओढ़ लेना चाहता है। यकीन मानिए इस लेख को लिखते हुए मैं आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को लेकर बुरी तरह से चिंतित हूं।

भारत में हुए किसान आंदोलनों का एक मजबूत इतिहास रहा है और इन किसानों ने अंग्रेजी हुकूमत की चूलें तक हिलाकर रख दी थीं लेकिन एनसीईआरटी को अब किसान आंदोलन अखरने लगे हैं। 80 के दशक का किसान आंदोलन एनसीईआरटी ने पाठ्यक्रम से गायब कर दिया। राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पाठ्यपुस्तकों से कुछ हिस्सों को हटाने को लेकर विवाद भी हुआ और इसी विवाद के बीच NCERT ने 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक से भारतीय किसान यूनियन के किसान आंदोलन से संबंधित राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक अध्याय को हटा दिया। किसान यूनियन की स्थापना 1980 के दशक के अंत में दिग्गज किसान नेताओं महेंद्र सिंह टिकैत, चौधरी चरण सिंह, एमडी नांजुंदास्वामी, नारायणस्वामी नायडू और भूपिंदर सिंह मान ने की थी और इन किसान नेताओं की बदौलत हमारा अन्नदाता किसान एक ताकत के रूप में उभरा। द ट्रिब्यून के अनुसार, 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में राइज ऑफ पॉपुलर मूवमेंट्स नामक हटाया गया, जिसकी चर्चा अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर हुई और अनेक देशों के किसान संगठनों ने ऐसे लंबे और अनुशासित आंदोलन कैसे चलाएं जाएं इस पर आश्चर्य प्रगट किया व सराहना की। हालांकि, राकेश टिकैत ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी थी लेकिन उस पर कितना और कब से अमल हुआ यह ज्ञात नहीं है। इसी तरह से एनसीईआरटी ने 11वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की पाठ्यपुस्तक इंडियन कॉन्स्टिट्यूशन ऐट वर्क के पहले अध्याय में भी बदलाव कर डाला। देश के पहले शिक्षा मंत्री मौलाना अबुल कलाम आजाद के संदर्भ में बदलाव कर डाले और इसी पाठ्यपुस्तक के अध्याय नंबर 10 में जम्मू कश्मीर के भारत में विलय से जुड़ी वह शर्त और उससे





जुड़ी जानकारी भी हटा दी गई है, जिसमें इसे संविधान के अनुच्छेद 370 के तहत स्वायत्त बनाए रखने की बात कही गई थी। इसे पाठ्यक्रम में बने रहने देने में कोई ऐतराज नहीं था क्योंकि पीढ़ियों को पता तो चलता कि यह धारा किन परिस्थितियों में और क्यों लगाई गई थी। NCERT ने 12वीं कक्षा की इतिहास की किताबों से मुगलों और 2002 के गुजरात दंगों पर सामग्री को हटा दिया और महात्मा गांधी जितनी आंखों में चुभते थे और चुभते रहे हैं तो महात्मा की लंगोटी को भी कैंची से काटना जरूरी था, लिहाजा कुछ अंश वहां से भी कट हुए। वर्ष 2022 में भी सांप्रदायिक और राजनैतिक दल की तरह एक्ट करने वाले एनसीईआरटी ने पाठड क्रम से पर्यावरण संबंधी अध्याय हटा दिया था। इस पर शिक्षकों ने विरोध जताया था। कोविड काल में भी एनसीईआरटी ने समाजशास्त्र की किताब से जातिगत भेदभाव से संबंधित सामग्री हटाई थी। कक्षा 10वीं की इतिहास की किताब से राष्ट्रवाद समेत तीन अध्याय हटाए गए। उसके पहले 9वीं कक्षा की किताबों से त्रावणकोर की महिलाओं के जातीय संघर्ष समेत तीन अध्याय हटाए गए थे। 2018 में भी एक ऐसे ही बदलाव में कक्षा 12वीं की राजनीतिक विज्ञान की किताब में गुजरात मुस्लिम विरोधी दंगों में से मुस्लिम विरोधी शब्द हटा दिया था। इस संदर्भ के साथ पाकिस्तान की साम्प्रदायिक हो चुकी शिक्षा व्यवस्था का जिक्र करना जरूरी हो गया है। पाकिस्तान के एक प्रमुख अखबार द डॉन ने एक रिपोर्ट छपी थी कि किस तरह पाकिस्तानी स्कूलों में हिंदुओं और दूसरे धार्मिक अल्पसंख्यक समुदायों के प्रति विद्वेषपूर्ण और भड़काऊ शिक्षा दी जा रही है। पाकिस्तान के शिक्षकों को पूरी तरह से साम्प्रदायिक कर दिया गया है। यह शिक्षक गैर मुस्लिमों को इस्लाम का दुश्मन मानते हैं। एक अध्ययन अमेरिकी सरकार से जुड़े एक मिशन द्वारा किया गया था जिसके अनुसार पाकिस्तान में कट्टर इस्लाम के नाम पर जहर का बीज बोया जा रहा है। 9/11 हमले के बाद पूरी दुनिया का ध्यान स्कूलों में पढाई जाने वाली टैक्स्ट बुक की ओर गया। खासकर सऊदी अरब और पाकिस्तान की स्कूली किताबों की ओर। अमेरिका ने काफी दबाव डालकर सऊदी अरब की स्कूली किताबों के काफी टैक्स्ट बदलवाए, लेकिन पाकिस्तान में वह ऐसा न कर सका। पाक स्कूलों की शिक्षा आतंकियों के प्रति सहानुभूति की वजह बन रही है। यूएस कमीशन आन इंटरनेशनल रिलीजियस फ्रीडम के चेयरमैन लेनार्ड लियो ने पिछले दिनों एक बयान में कहा था, पाकिस्तान में हालात लगातार खराब हो रहे हैं। सरकारों के लगातार कमजोर होने से कठमुल्लावाद को प्रश्रय मिल रहा है। सर्वे में पाकिस्तान के चारों प्रातों में कक्षा एक से लेकर दस तक की सौ से ज्यादा पाठ्यपुस्तकों का अध्ययन किया गया। पाठ्यपुस्तकों का इस्लामीकरण तानाशाह जनरल जिया उल हक के दौरान शुरू हुआ था। इसके बाद किताबों में पढ़ाया जाने लगा कि हिंदुओं की संस्कृति और सामाजिक अन्याय और क्रूरता पर आधारित है। जबकि इस्लाम शांति और भाईचारे का संदेश देता है। देश की सबसे ज्यादा आबादी वाले पंजाब प्रांत में कक्षा चार की सामाजिक अध्ययन की किताबों में लिखा है कि मुस्लिम विरोधी ताकतें दुनिया से इस्लाम के वर्चस्व को खत्म करने में लगी हैं। पाकिस्तानी इतिहास के नायकों में मोहम्मद गजनवी को खासा महिमामंडित किया गया है, जिसने 1029 ईसवी के आसपास सोमनाथ मंदिर को तोड़ा था। आज इन्हीं सब शिक्षाओं का नतीजा है कि पाकिस्तान दुनिया का तीसरा असहिष्णु देश बन चुका है। इसी शिक्षा का परिणाम यह हुआ कि पाक में मंदि. रों, गुरुद्वारों और चर्चों पर हमले, तोडफोड़ और आगजनी की घटनाएं बढ़ीं। कश्मीर हेराल्ड समाचार पत्र के मुताबिक-पाकिस्तानी स्कूली किताबों में स्वतंत्रता संग्राम में हिंदू नेताओं के योगदान को बहुत कम करके दिखाया गया है, जिसमें गांधी जी भी शामिल हैं, जिसकी छवि को पाकिस्तान की स्कूली किताबों में लगातार खराब करने की कोशिश हुई है। पाकिस्तान की स्कूली किताबें कहती हैं कि पाकिस्तान का बनना हिंदूओं के विश्वासघात का नतीजा था। अगस्त 1947 में बंटवारे के दौरान जो व्यापक हिंसा हुई, उसके लिए हिंदू और मुस्लिम जिम्मेदार थे, जिन्होंने मुस्लिमों को निशाना बनाया। पाकिस्तान की इतिहास की किताबों में कहा गया है कि 1971 में बांग्लादेश का बनना गहरी हिंदू साजिश का नतीजा थी, हिन्दू चाहते थे कि पाकिस्तान को अस्थिर कर दिया जाए, इसलिए पूर्वी पाकिस्तान को अलग करने षडयंत्र रचा गया। किसी भी पाकिस्तानी टैक्स्ट बुक में ए उल्लेख कहीं नहीं है कि किस तरह बांग्लादेश में पाकिस्तान सेना ने वहां के लोगों पर जुल्म ढहाए थे। पाकिस्तान के नेशनल कमीशन फार जस्टिस एंड पीस ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि पाकिस्तानी सरकार स्कूली पाठड क्रम से घृणा और वैमनस्य पैदा करने वाली धार्मिक सामग्री हटाने में नाकाम रही है। क्या यह माना जाए कि एनसीईआरटी भी पाकिस्तानी शिक्षा बोर्ड कि तर्ज पर आगे बढ़ रही है? एनसीईआरटी ने खेल खेलना आरंभ किया है यह खेल बहुत खतरनाक साबित होगा, बच्चों के दिमाग में जहर की कीमत पूरा समाज और देश एक साथ चुकाता है व पाकिस्तान से बड़ा उदाहरण आपके सामने और क्या हो सकता है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# एक आम लत जो वनमानुष पूर्वजों से मिली

**मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया।**

अजीब लगता है लेकिन शायद यह सच है। यह सही है कि 1 करोड़ साल पहले हमारे वानर पूर्वज दारू बनाना तो नहीं जानते थे लेकिन उन्होंने उसका स्वाद परोक्ष रूप से चख लिया था। बायोसाइन्स में प्रकाशित एक रिपोर्ट इस बात को प्रमाणित करती लगती है। जीव वैज्ञानिक रॉबर्ट डूडले द्वारा प्रस्तुत एक परिकल्पना रही है, शराबखोर बंदर, जिसके अनुसार कई लाख साल पहले हमारे वानर पूर्वज गिरे हुए फल खाते थे, जो कुछ हद तक किण्वित होकर मदिरा से भर गए होंगे। इस अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने इस प्रवृत्ति को एक अच्छा सा नाम भी दे दिया है-स्क्रम्पिंग (फलचोरी)।

वैसे तो किण्वित होते फलों को सूंघ लेना काफी आसान है। जब फलों, पेड़ों से रिसते रस या मकरंद पर खमीर पनपता है तो वह अल्कोहल पैदा करता है। कई जानवर और पक्षी इसका सेवन करके थोड़े धुत तो हो जाते हैं और फिर मनुष्यों ने लगभग 8000 साल पहले फलों से और अनाज से शराब बनाना सीख लिया था। तो हो सकता है कि हमारे वानर पूर्वजों ने प्राकृतिक रूप से बनती शराब को चखा हो। दरअसल, यदि वे ऐसे किण्वित होते फलों को खाने लगते तो उन्हें अन्य जंतुओं से प्रतिस्पर्धा में लाभ मिलता क्योंकि अन्य जंतु इन्हें नहीं खाते। और तो और, ऐसे फलों को उनकी हवा में फैलती गंध की मदद से दूर से ताड़ लेना भी आसान रहा होगा। हमारे पूर्वजों ने यह क्षमता हासिल कर ली थी, इसका सर्वप्रथम प्रमाण 2015 में 18 प्रायमेट प्रजातियों के एक जेनेटिक विश्लेषण से मिला था। इस अध्ययन में पता चला था कि मनुष्य, चिम्पैंजी तथा गोरिल्ला में एक ऐसा उत्परिवर्तन पाया जाता है जो अल्कोहल पचाने वाले एंजाइम की कार्यक्षमता को 40 गुना बढ़ा देता है। और गणनाओं से अन्दाज लगा था कि यह उत्परिवर्तन करीब 1 करोड़ साल पहले हुआ था, लेकिन इस बाबत आंकड़े उपलब्ध नहीं थे कि क्या हमारे वानर पूर्वज पर्याप्त मात्रा में किण्वित खाद्य पदार्थ का भक्षण करते थे। परोक्ष अनुमानों के आधार पर तो 40 प्रजातियों के भोजन में यह 3 प्रतिशत से भी कम था। शोधकर्ताओं का विचार था कि यह अनुमान वास्तविकता से थोड़ा कम है क्योंकि इसमें उन फलों को शामिल नहीं किया गया है जो किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में खाए जाते हैं।

फिर शोधकर्ताओं को एक आइडिया सूझा। उन्होंने विचार किया कि यदि वे गिरे हुए फलों पर ध्यान केन्द्रित करें तो बेहतर अनुमान मिल सकता है। मैदानी रिपोर्ट्स में अक्सर यह जरूर बताया जाता है कि जानवर क्या खा रहे थे और खाते समय वे कितनी ऊंचाई पर थे। यानी उस समय वे पेड़ पर बैठे थे या जमीन पर। इसके आधार पर शोधकर्ताओं ने यह अनुमान लगाया कि कितनी बार ए वानर पूर्वज यानी एप्स जमीन से फल उठाकर खाते हैं। इसे उन्होंने स्क्रम्पिंग की संज्ञा दी यानी गिरे हुए फल एकत्रित करना। इन गिरे हुए फलों को किण्वन की प्रारंभिक अवस्था में माना गया। अब इस नई परिभाषा को लेकर डार्टमाउथ कॉलेज के मानव वैज्ञानिक नाथेनियल डोमिनी और उनके साथियों ने चार प्रायमेट प्रजाति आबादियों के पहले से उपलब्ध आंकड़ों को एक बार फिर से टटोला-बोर्नियो के ओरांगुटान, युगांडा के चिम्पैंजी और पहाड़ी गोरिल्ला तथा गैबन के गोरिल्ला। देखा गया कि इन चारों प्रजातियों के भोजन में फलों की मात्रा लगभग एक बराबर 15 से 60 प्रतिशत के बीच थी लेकिन गिरे हुए या पेड़ से तोड़े गए फलों की मात्रा में काफी विविधता थी।

अफ्रीकी एप्स, गोरिल्ला व चिम्पैंजी ने जो फल खाए उनमें से गिरे हुए फल 25 से 62 प्रतिशत तक थे जबकि ओरांगुटान ने ऐसे फल कभी-कभार ही खाए थे। गौरतलब है कि ओरांगुटान हमारे दूर के रिश्तेदार हैं और उनमें अल्कोहल का कुशलतापूर्वक पाचन करने के लिए जरूरी जेनेटिक उत्परिवर्तन नहीं होता। लिहाजा, उपरोक्त जानकारी काफी महत्वपूर्ण है। अलबत्ता, कई वैज्ञानिकों का कहना है कि चंद स्थलों के आंकड़ों के आधार पर निष्कर्ष निकालना उचित नहीं है। हो सकता है यह प्रवृत्ति चंद आबादियों तक सीमित हो। जैसे हारवर्ड विश्वविद्यालय के मानव वैज्ञानिक रिचर्ड रैंगहैम बताते हैं कि उन्होंने दशकों से युगांडा के जिन चिम्पैंजियों का अध्ययन किया है उनमें गिरे हुए फल के प्रति हिकारत ही देखी है। बहरहाल, वे मानते हैं कि इस अध्ययन ने अल्कोहल सेवन की ओर जो ध्यान आकर्षित किया है वह महत्वपूर्ण है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)


# टीवी बहसों का गिरता स्तर समाज के लिए चिंतनीय



**विनीत नारायण**

भारत, दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां संवाद और विमर्श लोकतंत्र की रीढ़ माने जाते हैं। वहां आज टीवी बहसें एक ऐसा मंच बन चुकी हैं जहां तर्क की जगह एक दूसरे का अपमान, चीख-पुकार और राजनीतिक दुष्प्रचार हावी हो गया है। प्राइम टाइम के इन शो में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रवक्ता एक-दूसरे पर व्यक्तिगत हमले करते नजर आते हैं, जिससे बहसें निष्कर्षहीन हो जाती हैं। यह न केवल दर्शकों के समय की बर्बादी है, बल्कि समाज में ध्रुवीकरण को बढ़ावा देने वाला एक खतरनाक माध्यम भी बन गया है। प्रवक्ताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली अपमानजनक भाषा ने टीवी डिबेट्स को एक सर्कस का रूप दे दिया है। चैनल और एंकर ऐसे निरर्थक बहसों को क्यों बढ़ावा देते हैं? क्या यह टीआरपी की होड़ है या राजनीतिक दबाव?

टीवी बहसों का इतिहास भारत में 1990 के दशक से जुड़ा है, जब निजी चैनलों का आगमन हुआ। शुरू में ए बहसें मुद्दों पर तथ्यपरक चर्चा का माध्यम थीं, लेकिन आज वे एक शोरगुल भरी जंग बन चुकी हैं। विभिन्न अध्ययनों और रिपोर्टों से स्पष्ट है कि भारतीय टीवी डिबेट्स में आक्रामकता और विषाक्त भाषा का स्तर चिंताजनक रूप से बढ़ा है। एक शोध के अनुसार, बहसों में एंकरों द्वारा आक्रामक लहजे का इस्तेमाल 80 प्रतिशत से अधिक होता है, जो दर्शकों पर नकारात्मक मनोवैज्ञानिक प्रभाव डालता है। ए आंकड़े बताते हैं कि बहसें अब सूचना का स्रोत नहीं, बल्कि प्रचार का हथियार बन चुकी हैं।



राजनीतिक दलों के प्रवक्ताओं द्वारा अपमानजनक भाषा का उपयोग इस समस्या का केंद्रीय बिंदु है। एक बहस के दौरान एक राष्ट्रीय पार्टी के प्रवक्ता को दूसरी पार्टी के प्रवक्ता द्वारा 'जयचंद' और 'गद्दार' कहा गया, जिसे सुनकर उस प्रवक्ता को हार्ट अटैक हुआ और उनकी मृत्यु हो गई। यह घटना टीवी डिबेट्स की विषाक्तता का जीता-जागता उदाहरण है। इसी तरह अन्य प्रवक्ता ने एक दूसरे प्रवक्ता को 'नाली का कीड़ा', 'दादी मां', 'वैंप' कहा या 'उल्टा टांग दूंगा' जैसे शब्दों का प्रयोग करते पाए गए हैं। एक प्रवक्ता ने तो बहस के दौरान दूसरे प्रवक्ता पर हाथ भी उठा दिया।

यह समस्या बढ़ रही है कम नहीं हुई। मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में एक टीवी बहस के दौरान एक नेता पर कुर्सी फेंकी गई, जिसके बाद एफआईआर भी दर्ज हुई। नवंबर 2024 में दिल्ली हाईकोर्ट ने एक टीवी चैनल को एक प्रवक्ता के खिलाफ अपमानजनक क्लिप हटाने का आदेश दिया। ए उदाहरण दर्शाते हैं कि अपमान अब शारीरिक हिंसा तक पहुंच गया है। राजनीतिक दलों द्वारा ऐसे प्रवक्ताओं को चुना जाना भी एक चिंताजनक बात है। अधिकांश प्रवक्ता राजनीतिक अनुभव की कमी रखते हैं और केवल टीवी पर चिल्लाने के लिए नियुक्त होते हैं। यदि राजनैतिक दल द्वारा योग्य प्रवक्ताओं को चुना गया होता, तो बहसें अधिक सभ्य और उत्पादक होतीं। लेकिन वर्तमान में, ए प्रवक्ता दलों के चेहरे बन चुके हैं, जो विचारधारा के बजाय व्यक्तिगत हमलों पर निर्भर हैं। ऐसे स्तरहीन प्रवक्ताओं को चैनल क्यों आमंत्रित करते हैं? इसका मुख्य कारण टीआरपी (टेलीविजन रेटिंग पॉइंट) है। शोरगुल भरी बहसें दर्शकों को आकर्षित करती रही हैं, क्योंकि वे मनोरंजन का रूप ले लेती हैं। रॉयटर्स इंस्टिट्यूट की रिपोर्ट बताती है कि आर्थिक दबावों के कारण ग्राउंड रिपोर्टिंग कम हो गई है और स्टूडियो डिबेट्स ही मुख्य सामग्री बन गई हैं। चैनल जानते हैं कि तर्कपूर्ण चर्चा से दर्शक भागते हैं, लेकिन चीख-पुकार उन्हें बांधे रखती है। दूसरा कारण राजनीतिक दबाव का उदय है। टाइम मैगजीन के अनुसार, राज्य और पार्टी के विज्ञापन बजट चैनलों को नियंत्रित करते हैं। परिणामस्वरूप, बहसें सत्ता पक्ष को लाभ पहुंचाने वाली बन जाती हैं। विपक्षी प्रवक्ताओं को अपमानित किया जाता है, जबकि सत्ताधारी प्रवक्ताओं को खुली छूट मिलती है। 2022 में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने चैनलों को सलाह दी कि वे उत्तेजक भाषा वाली बहसें न दिखाएं, लेकिन इसका कोई असर नहीं हुआ। चैनल जानबूझकर ऐसे प्रवक्ताओं को बुलाते हैं जो विवाद पैदा करें, क्योंकि यह सोशल मीडिया पर वायरल होता है और चैनल की पहुंच बढ़ाता है। ऐसी बहसों के सामाजिक प्रभाव गंभीर हैं। वे समाज को ध्रुवीकृत करती हैं, विशेषकर हिंदू-मुस्लिम मुद्दों पर। एक शोध के अनुसार, बहसें शफिक्स्ड मैचश की तरह होती हैं, जहां अपमान और झगड़े पूर्वनियोजित होते हैं। मुस्लिम पैनलिस्टों को एंटी-नेशनल कहा जाता है, जो सांप्रदायिक हिंसा को भड़काता है। 'गल्फ न्यूज' की एक रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के चैनल मुसलमानों के खिलाफ घृणा फैला रहे हैं। युवाओं का एक वर्ग, जो रोजगार और शिक्षा चाहता है, इन बहसों से प्रभावित होकर हिंसक हो रहा है। लोकतंत्र में संवाद आवश्यक है, लेकिन यह विषाक्त संवाद समाज को कमजोर कर रहा है। चैनल और एंकरों की जिम्मेदारी यहां महत्वपूर्ण है। वे मॉडरेटर हैं, न कि भागीदार। लेकिन अधिकांश एंकर, खुद अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करते हैं। रेडिफ की एक रिपोर्ट में कहा गया कि बहसें शविषैलीश हो चुकी हैं। एंकर विपक्ष को बोलने न देकर, मात्र समय काटते हैं। यदि चैनल सख्त कोड ऑफ कंडक्ट लागू करें, तो स्थिति सुधर सकती है। लेकिन टीआरपी और राजनी. तिक लाभ के लालच में वे अनदेखी करते हैं।

समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास जरूरी हैं। सबसे पहले, राजनैतिक दलों को प्रवक्ताओं के चयन में सुधार करना चाहिए। केवल अनुभवी और सभ्य व्यक्तियों को ही टीवी पर भेजा जाए। दूसरा, 'ट्राई' और सूचना मंत्रालय को सख्त नियम लागू करने चाहिए, जैसे अपमानजनक भाषा पर तत्काल जुर्माना लगे। तीसरा, दर्शकों को जागरूक होना चाहिएय वे ऐसे चैनलों का बहिष्कार करें जो सनसनी फैलाते हैं। चौथा, स्वतंत्र मीडिया वॉचडॉग को मजबूत बनाना चाहिए। अंत में, डिजिटल प्लेटफॉर्म्स जैसे यूट्यूब पर तथ्यपरक बहसें बढ़ावा दें, जहां सोशल मीडिया इंगेजमेंट सकारात्मक हो।

भारत की टीवी बहसें लोकतंत्र का मजाक बन चुकी हैं। अपमानजनक प्रवक्ताओं का बोलबाला न केवल बहसों को निरर्थक बनाता है, बल्कि समाज को विभाजित करता है। चैनल और एंकरों को यदि वास्तव में पत्रकारिता का सम्मान करना है, तो उन्हें टीआरपी के पीछे भागना छोड़कर जिम्मेदार संवाद को प्राथमिकता देनी चाहिए। अन्यथा, ए बहसें लोकतंत्र की जड़ों को खोखला करती रहेंगी। समय आ गया है कि हम एक ऐसे मीडिया की मांग करें जहां तर्क जीते, न कि अपमान। केवल तभी भारत का लोकतंत्र मजबूत होगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## सीजफायर पर वाहवाही लूटने के ट्रम्प के दावे को झटका

# पाक डिप्टी पीएम ने ट्रम्प को दिखाया आईना

## इशाक डार बोलेः भारत ने कभी भी तीसरे देश की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की

**दोहा।** पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार ने भारत-पाकिस्तान जंग रुकवाने का डोनाल्ड ट्रम्प का दावा खारिज कर दिया। मंगलवार को कतर में अलजजीरा से बात. चीत में उन्होंने पहली बार माना है कि भारत ने कभी भी दोनों देशों के बीच किसी तीसरे पक्ष की मध्यस्थता स्वीकार नहीं की। उनसे जब पूछा गया कि क्या आप तीसरे पक्ष की भागीदारी के लिए तैयार थे? इस पर इशाक डार ने कहा कि हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। इशाक डार ने कहा कि हम किसी से भी बातचीत के लिए तैयार हैं।

हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है, लेकिन इसके लिए दोनों पक्षों की भागीदारी जरूरी है। डार ने कहा कि जब पाकिस्तान ने अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो के सामने सीजफायर का मामला उठाया तो अमेरिकी विदेश मंत्री ने साफ कर दिया कि भारत हमेशा से यही कहता आया है कि पाकिस्तान के साथ सभी मुद्दे पूरी तरह से द्विपक्षीय हैं। डार ने आगे कहा कि अमेरिका ने मई में सीजफायर का प्रस्ताव दिया था और यह भी कहा था कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत किसी तटस्थ जगह पर हो सकती है। लेकिन 25 जुलाई को वाशिंगटन में रूबियो के साथ हुई अगली बैठक में उन्हें बताया गया कि भारत इस प्रस्ताव पर सहमत नहीं है। डार ने कहा-भारत का कहना है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है। हम किसी चीज की भीख नहीं मांग रहे हैं। हम एक शांतिप्रिय देश हैं और हमारा मानना है कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है। लेकिन बातचीत के लिए दो लोगों की जरूरत होती है। डार ने यह भी कहा कि अगर भारत जवाब देता है तो पाकिस्तान अभी भी बातचीत के लिए तैयार है। 22 अप्रैल को कुछ आतंकियों ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला किया किया था। इस हमले में 26 लोगों मारे गए थे। इसके 15 दिन बाद यानी 7 मई को भारतीय सेना ने आपरेशन सिंदूर चलाकर पाकिस्तान में कई आतंकी ठिकानों को निशाना बयान था। दोनों देशों के बीच 4 दिन तक संघर्ष चला था, जिसके बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने 10 मई को सबसे पहले दोनों देशों के बीच सीजफायर की जानकारी दी थी। इसके बाद वो करीब 30 से ज्यादा बार दोनों देशों में सीजफायर कराने का क्रेडिट ले चुके हैं। हालांकि भारत साफ तौर पर कह चुका है कि दोनों देशों के बीच सीजफायर आपसी बातचीत से हुआ है, इसमें किसी तीसरे पक्ष का कोई रोल नहीं है।



■ हमें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन भारत ने साफ तौर पर कहा है कि यह एक द्विपक्षीय मुद्दा है
■ हम शांतिप्रिय देश हैं और मानते हैं कि बातचीत ही आगे बढ़ने का रास्ता है: इशाक डार

### अगले हफ्ते ट्रम्प से मिल सकते हैं पाक पीएम शहबाज

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 25 सितम्बर को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से मुलाकात कर सकते हैं। जियो न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक शहबाज अगले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल होने अमेरिका जाएंगे। इस दौरान उनकी ट्रम्प से मुलाकात होगी। बैठक के दौरान पाकिस्तान के आर्मी चीफ असीम मुनीर भी मौजूद रह सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक इस मुलाकात में पाकिस्तान से आई विनाशकारी बाढ़ और कतर पर इजरायल के हमले के परिणामों की चर्चा की जाएगी। जियो न्यूज ने यह भी बताया कि यह बैठक कतर और सऊदी अरब के सलाह से आयोजित की जा रही है।



जम्मू-कश्मीर। कुलगाम जिले में एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ करने के बाद घटनास्थल पर मौजूद सुरक्षाकर्मी।

## इजरायल को अंतर्राष्ट्रीय खेलों से प्रतिबंधित किया जाएः स्पेन

**मैड्रिड।** स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने गाजा में इजरायल की गतिविधियों के कारण उसे अंतर्राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं से बाहर करने का आह्वान किया है।

उन्होंने अपनी सोशलिस्ट वर्कर्स पार्टी के निर्वाचित प्रतिनिधियों से कहा कि इजरायल अपने गलत कार्यों पर पर्दा डालने के लिए किसी भी अंतर्राष्ट्रीय मंच का इस्तेमाल नहीं कर सकता। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, उन्होंने रविवार को कहा कि 2022 में यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के लिए इजरायल के साथ भी वैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए जैसा रूस के साथ किया गया है। इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार ने स्पेन के प्रधानमंत्री को 'शर्मनाक' करार दिया और उन पर मैड्रिड में फलस्तीनी समर्थक प्रदर्शनों को भड़काने का आरोप लगाया, जिसके कारण वुएल्टा-ए-स्पेना साइकिल रेस का अंतिम चरण रद्द कर दिया गया, जिसमें एक इजरायली टीम प्रतिस्पर्धा कर रही थी। इससे पहले सांचेज ने कहा था कि तीन हफ्ते तक चली इस रेस के दौरान हुए पिछले विरोध प्रदर्शनों ने दिखाया है कि स्पेन गाजा मुद्दे पर 'गर्व' के साथ एक मिसाल कायम करता है।

## संक्षिप्त समाचार

### परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमलों पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान

**तेहरान।** ईरान, रूस, बेलारूस, चीन, वेनेजुएला और निकारागुआ ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) से परमाणु ऊर्जा संयंत्रों पर हमले या इस तरह के किसी खतरे पर प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता इस्माइल बाकेई ने यह घोषणा की। उन्होंने प्रस्ताव का एक स्क्रीनशॉट पोस्ट करते हुए लिखा: एनपीटी की अखंडता की रक्षा के लिए ईरान ने चीन, रूस, वेनेजुएला, निकारागुआ और बेलारूस के साथ मिलकर 'आईएईए सुरक्षा उपायों के तहत परमाणु स्थलों और सुविधाओं पर सभी प्रकार के हमले और हमले की धमकियों पर प्रतिबंध' पर एक मसौदा प्रस्ताव प्रस्तुत किया है।

### अमेरिका का वेनेजुएला की बोट पर फिर हमला, मरे

**वाशिंगटन।** अमेरिकी सेना ने एक बार फिर वेनेजुएला के ड्रग तस्करों की बोट पर हमला किया। इस हमले में 3 लोग मारे गए। राष्ट्रपति ट्रम्प ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दी। उन्होंने इन तस्करों को नार्को टेररिस्ट यानी ड्रग कार्टेल से जुड़े आतंकवादी बताया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में लिखा मेरे आदेश पर अमेरिकी सेना ने ड्रग तस्करी करने वाले कार्टेल और नार्को टेररिस्ट पर स्ट्राइक की। ये लोग वेनेजुएला से नशीले पदार्थ अमेरिका की ओर ले जा रहे थे। उन्होंने कहा कि ड्रग कार्टेल अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा, विदेश नीति और हितों के लिए बड़ा खतरा हैं। ट्रम्प ने यह भी बताया कि इस हमले में अमेरिकी बलों को कोई नुकसान नहीं हुआ।

### फिलीपींस के पोत ने चीनी तटरक्षक जहाज को मारी टक्कर

**बीजिंग।** दक्षिण चीन सागर में मंगलवार सुबह फिलीपींस के एक जहाज ने जानबूझकर एक चीनी तट रक्षक (सीसीजी) जहाज को टक्कर मार दी। चीनी तट रक्षक बल ने यह जानकारी दी है। सीसीजी के प्रवक्ता गान यू ने कहा कि मंगलवार को फिलीपींस के दस पोत अवैध तरीके से चीन के हुआंग्यान दाओ के पास चीनी जलक्षेत्र में घुस आए। इस पर सीसीजी ने कानून के मुताबिक उन्हें चेतावनी देते हुए उनका रास्ता रोका और उन पर पानी की बौछार की। गान के मुताबिक सुबह करीब 10 बजे 3014 नंबर वाले एक फिलीपीनी पोत ने चीन की ओर से दी गई चेतावनी को नजरंदाज करते हुए जानबूझकर एक सीसीजी जहाज को जोरदार टक्कर मारी।

## भारत पर 100% टैरिफ लगाए यूरोपः अमेरिका

■ वित्त मंत्री ने कहा: अपनी जिम्मेदारी निभाए यूरोप, चीन पर एक्स्ट्रा टैरिफ लगाने से इन्कार

**वाशिंगटन डीसी।** अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने यूरोपीय देशों से भारत और चीन पर 50 प्रतिशत से 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने की अपील की है। यह बात उन्होंने ब्लूमबर्ग को दिए इंटरव्यू में कही। बेसेंट ने कहा कि रूसी तेल खरीद रोकने के लिए अमेरिका तब तक एक्स्ट्रा टैरिफ नहीं लगाएगा, जब तक कि यूरोपीय देश चीन और भारत पर भारी टैरिफ नहीं लगाते।

यूरोप को रूस की आयल इनकम रोकने और यूक्रेन में युद्ध खत्म करने में बड़ी भूमिका निभानी होगी। बेसेंट का यह बयान चीन से टिकटाक को लेकर हुई बातचीत के बाद आया है। उन्होंने कहा कि चीन, रूस से तेल खरीदने को अपना अंतरिक मामला मानता है। ट्रम्प प्रशासन का मानना है कि भारत और चीन रूस से तेल खरीद रहे हैं, जिससे पुतिन को यूक्रेन के खिलाफ जंग जारी रखने में मदद मिल रही है। भारत-चीन पर भारी भरकम टैरिफ लगाकर इन्हें रूसी खरीदने से रोका जा सकता है। बेसेंट ने कहा कि अमेरिका यूरोपीय देशों के साथ मिलकर रूस की आयल कंपनियों जैसे रोसनेफ्ट और लुकोइल पर कठोर प्रतिबंध लगा का सोच रहा है। इसके साथ ही 2022 में यूक्रेन पर हमले के बाद रूस की जो 300 अरब डॉलर प्रापर्टी फ्रीज की गई थी, उनका इस्तेमाल करने पर विचार करेगा।

## जैश ने कबूलाः ऑपरेशन सिंदूर में मसूद का परिवार मारा गया

### जैश कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो हो रहा वायरल

**इस्लामाबाद।** आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद ने पहली बार माना है कि उसके सरगना मौलाना मसूद अजहर के परिवार के कई सदस्य ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारत के हमले में मारे गए। जैश के कमांडर मसूद इलियास कश्मीरी का एक वीडियो वायरल हो रहा है।

इस वीडियो में वह कहता है कि 7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के लोगों के टुकड़े-टुकड़े हो गए, उनका कीमा बन गया था। भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था। ऑपरेशन के दौरान बहावलपुर समेत पाकिस्तान के अंदर नौ आतंकी ठिकानों को निशाना बनाया गया था। सैटेलाइट तस्वीरों से भी मस्जिद के गुंबद और आसपास के ढांचों को गंभीर नुकसान की पुष्टि हुई। बहावलपुर में हुए भारतीय हमले में मसूद के परिवार के 10 लोग मारे गए थे। इसके अलावा 4 सहयोगियों की भी मौत हुई थी। मरने वालों में मसूद की बड़ी बहन और उसका पति, मसूद का भतीजा और उसकी पत्नी, मसूद की एक भतीजी और उसके पांच बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा मसूद के 4 सहयोगी भी मारे गए थे। हमले के वक्त मसूद मौके पर नहीं था, इस वजह से उसकी जान बच गई थी। बीबीसी उर्दू की रिपोर्ट के मुताबिक मसूद ने परिवार के लोगों के मरने के बाद एक बयान भी जारी किया था। इसमें उसने कहा था कि मैं भी मर जाता तो खुशनसीब होता। मसूद अजहर सालों से बहावलपुर के चौक आजम इलाके के मरकज सुभानल्लाह नाम के कैंपस में ही रह रहा था। साल 2011 तक इस कैंपस में सिर्फ एक मस्जिद थी, उसके बाद आतंकियों की ट्रेनिंग और बाकी एक्टिविटीज के लिए कैंपस में इमारतें और बाकी स्ट्रक्चर बढ़ता चला गया। सैटेलाइट इमेजेज के आधार पर इसका पूरा इलाका 18 एकड़ बताया जाता है। फरवरी 2019 में पुलवामा हमले के बाद जैश-ए-मोहम्मद ने इसकी जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद भारत की मांग पर संयुक्त राष्ट्र ने मसूद को ग्लोबल टेररिस्ट की लिस्ट में डाला था। अंतर्राष्ट्रीय दबाव बढ़ने पर पाकिस्तान ने कहा था कि जैश के बहावलपुर हेडक्वार्टर को सरकार ने अपने कब्जे में ले लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पाकिस्तान ने मसूद की सिक्योरिटी और बढ़ा दी थी। पहलगाम हमले के बाद पाकिस्तान को इस तरह की स्ट्राइक का अंदेशा था, इसलिए माना जाता है कि मसूद को पहले ही वहां से शिफ्ट कर दिया गया था। ले. ज. रामेश्वर राय के मुता. बिक पाकिस्तान में मसूद को सेना का प्रोटेक्शन मिला हुआ है, लेकिन पाकिस्तान यह नहीं मानता कि मसूद उसकी जमीन पर मौजूद है। इसलिए पाकिस्तान मसूद अजहर के मारे जाने की बात छिपाने की कोशिश कर सकता है।



7 मई को बहावलपुर में भारत की कार्रवाई में अजहर के परिवार के टुकड़े-टुकड़े हो गए
भारत ने 22 अप्रैल को पहलगाम में हुए आतंकी हमले के जवाब में हमला किया था

## इजरायल के गाजा सिटी में जमीनी हमलों में 41 की मौत

### तीन लाख लोगों ने शहर छोड़ा, रक्षामंत्री काट्ज बोलेः गाजा जल रहा



**तेल अवीव।** इजरायल ने गाजा सिटी में ग्राउंड ऑपरेशन यानी जमीनी हमले शुरू कर दिए है। सीएनएन ने मंगलवार सुबह दो इजरायली अधिका. रियों के हवाले से इसकी पुष्टि की। यह हमला गाजा सिटी के बाहरी इलाकों से शुरू हुआ है। यहां रात भर इजरायल के हवाई हमले भी जारी रहे। इन हमलों में 41 लोग मारे गए। इजरायली सेना के एक अधिकारी के मुताबिक अब तक लगभग 3.2 लाख लोगों ने शहर छोड़ दिया है। इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा कि सेना बंधकों की रिहाई और हमास की हार के लिए बहादुरी से लड़ रही है। काट्ज ने कहा कि गाजा जल रहा है, सेना पूरी ताकत से उनके ठिकानों पर हमले कर रही है। उन्होंने आगे कहा कि हम तब तक पीछे नहीं हटेंगे और न ही रुकेंगे, जब तक मिशन पूरा नहीं हो जाता। इजरायल ने पिछले महीने यानी अगस्त में गाजा सिटी पर कब्जा करने की योजना को मंजूरी दी थी। इसके तहत करीब 60 हजार रिजर्व सैनिकों को ड्यूटी पर बुलाने का आदेश जारी किया गया। प्लान के मुताबिक गाजा सिटी पर कब्जे के अभियान के लिए कुल 1.30 लाख सैनिक तैनात किए जाएंगे। सैनिकों को ड्यूटी जाइन करने से कम से कम दो हफ्ते पहले नोटिस दिया जाएगा। पहली खेप में 2 सितम्बर को करीब 40-50 हजार सैनिक बुलाए जाने का शेडयूल तय किया गया। दूसरी खेप नवंबर-दिसम्बर और तीसरी फरवरी-मार्च 2026 में बुलाई जाएगी। इस अभियान को गिदोन'स चेरिएट्स-बी नाम दिया गया है। साथ ही, पहले से ड्यूटी कर रहे हजारों रिजर्व सैनिकों की सेवा भी 30-40 दिन के लिए बढ़ा दी गई है। ऑपरेशन में 5 आर्मी डिवीजन और 12 ब्रिगेड-लेवल टीमें शामिल होंगी, जिनमें पैदल सेना, टैंक, तोपखाना, इंजीनियरिंग और सपोर्ट यूनिट्स शामिल हैं। इसके अलावा गाजा डिवीजन की नार्थ और साउथ ब्रिगेड भी हिस्सा ले रही हैं। इजरायल का मकसद गाजा सिटी में उन इलाकों में घुसना है, जहां हमास के कब्जे में अभी भी कई बंधक होने की आशंका है।

## ट्रम्प ने न्यूयॉर्क टाइम्स को बताया सबसे गिरा हुआ अखबार

■ अमेरिकी राष्ट्रपति 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे दायर

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने बताया कि वे चर्चित अखबार द न्यूयार्क टाइम्स के खिलाफ 15 अरब डॉलर का मानहानि मुकदमा करेंगे। ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स को 'कट्टरपंथी वाम डेमोक्रेट पार्टी' का मुखपत्र बताया और कहा कि अखबार ने बीते एक दशक से उन्हें बदनाम करने के लिए उनके खिलाफ अभियान चलाया हुआ है। ट्रम्प ने दावा किया कि अखबार उनके बारे में झूठी रिपोर्ट प्रकाशित करता आ रहा है।

ट्रम्प ने न्यूयार्क टाइम्स पर कमला हैरिस के समर्थन में अभियान चलाने का आरोप लगाया। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि अखबार द्वारा राष्ट्रपति पद की दौड़ में उनकी डेमोक्रेट प्रतिद्वंद्वी कमला हैरिस का समर्थन किया गया और उनके बयानों को अखबार के पहले पन्ने पर प्रमुखता से छापा। ट्रम्प का दावा है कि यह अब तक का सबसे बड़ा अवैध चुनावी चंदा है। उन्होंने अखबार पर उनके, उनके परिवार, उनके व्यवसाय और अमेरिका फर्स्ट और मेक अमेरिका ग्रेट अगेन (एमएजीए) आंदोलनों और पूरे देश के बारे में झूठ फैलाने का भी आरोप लगाया। ट्रम्प ने कहा कि कभी सम्मानित रहे अखबार के खिलाफ कार्रवाई करने पर उन्हें गर्व है, जैसा कि उन्होंने पूर्व में कई अखबारों और मीडिया संस्थानों के खिलाफ किया है। ट्रम्प ने आरोप लगाया कि अखबार को बहुत लंबे समय तक मेरे खिलाफ खुलेआम झूठ बोलने और बदनाम करने की इजाजत दी गई। जो अस्वीकार्य और अवैध दोनों है। अब यह सब बंद हो! यह मुकदमा फ्लोरिडा राज्य में लाया जा रहा है।

## भारत-मॉरीशस के संबंध और अधिक मजबूत होंगेः मुर्मु

■ दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और ग्लोबल साउथ के लिए हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है और दोनों देशों के बीच साझेदारी और हर क्षेत्र में सहयोग लगातार बढ़ रहा है।

भारत यात्रा पर आए मॉरीशस के प्रधानमंत्री डा. नवीनचंद्र रामगुलाम ने अपनी आठ दिन की यात्रा के अंतिम दिन मंगलवार को यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मु से भेंट की। डा. रामगुलाम नौ सितम्बर को भारत यात्रा पर आए थे। राष्ट्रपति से मुलाकात के साथ ही उनकी यात्रा संपन्न हो गई। इससे पहले दिन में वह उप राष्ट्रपति सी पी राधाकृष्णन से भी मिले। सुबह वह राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की समाधी राजघाट और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपई की समाधी सदैव अटल भी गये। इस यात्रा के दौरान वह मुंबई, वाराणसी, अयोध्या और तिरुपति भी गये। मुर्मु ने राष्ट्रपति भवन में प्रधानमंत्री रामगुलाम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि भारत की 'पड़ोसी प्रथम' नीति, 'महासागर विजन' और वैश्विक दक्षिण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता में मॉरीशस का विशेष स्थान है।

## ऑस्ट्रेलिया के 16 साल से कम उम्र के बच्चों के सोशल मीडिया खाते होंगे बंद

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया सरकार ने तकनीकी कंपनियों के लिए नियामक निर्देश जारी किया है, जिसके तहत सोशल मीडिया कंपनियों को 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों के सोशल मीडिया एकाउंट 10 दिसम्बर तक बंद करने होंगे। ऑस्ट्रेलिया सरकार ने मंगलवार को यह निर्देश जारी किया है, जो 10 दिसम्बर से प्रभावी होगा।




ऑस्ट्रेलिया का यह दुनिया का पहला कानून है, जो नाबालिगों के सोशल मीडिया इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगाता है। दिसम्बर 2024 में ऑस्ट्रेलिया की संसद द्वारा पारित किए गए इस कानून का पालन न करने पर कंपनियों पर 49.5 मिलियन ऑस्ट्रेलियाई डॉलर (33 मिलियन अमेरिकी डॉलर) तक का जुर्माना लगाया जा सकता है। ऑस्ट्रेलिया की मंत्री अनिका वेल्स और ऑस्ट्रेलिया की ई-सेफ्टी कमिश्नर जूली इनमैन ग्रांट ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में मंगलवार को दिशानिर्देश जारी करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यह प्रतिबंध तुरंत पूरी तरह से प्रभावी हो जाएंगे। सुवेल्स ने कहा कि हम तुरंत किसी पूर्णता की उम्मीद नहीं कर रहे हैं। लेकिन हम कुछ जरूरी कदमों के जरिए कुछ अर्थपूर्ण परिवर्तन लाना चाहते हैं, जो हमारी संस्कृति पर गहरा प्रभाव डालेंगे और बच्चों को सुरक्षित रखेंगे। सुग्रांट ने कहा कि सरकार समझती है कि इस प्रतिबंध का पालन करने के लिए किसी तकनीक का निर्माण करने और उसे लागू करने में वक्त लगेगा। कंपनियों को नीति और प्रक्रियाओं के पालन में असफलताओं का भी सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि सरकार ने उम्र का पता लगाने वाली तकनीक का परीक्षण कराया था और यह पता चला है कि इस तकनीक को लागू किया जा सकता है।

